21 अप्रैल 2025 | रांची, सोमवार | वर्ष-26, अंक- 79, पृष्ठ-12 | वैशाख कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com ₹3.00


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

ईस्टर की शुभकामना



## सीएम हेमंत और कल्पना सोरेन ने दीं ईस्टर की शुभकामानाएं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने बार्सिलोना से झारखंड वासियों को ईस्टर की शुभकामानाएं दी हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर रविवार को पोस्ट कर सभी की हैप्पी ईस्टर कहकर बधाई दी है। वहीं, कल्पना सोरेन ने भी ईस्टर को प्रेम, शांति और सौहार्द का प्रतीक बताते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें उनके साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी नजर आ रहे हैं। ज्ञात हो कि ईसाई समुदाय का महत्वपूर्ण पर्व ईस्टर रविवार को मनाया गया। इसी दिन प्रभु यीशु का पुनर्जन्म हुआ था। इस अवसर पर सुबह से ही राजधानी रांची में अलग-अलग कब्रिस्तान जाकर लोग पूर्वजों की कब्र पर मोमबत्ती और फूल-माला चढ़ाकर उन्हें याद किया।

**रांची का तापमान**

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 35.8° | 36.8° |
| न्यून. | 20.4° | 22.4° |



» रांची जिला प्रशासन ने **सफल** आयोजन में निभाई अहम भूमिका

**सूर्यकिरण टीम के रोमांचकारी करतब**

1. **फॉर्मेशन फ्लाइंग :** टीम के विमान एक सटीक फॉर्मेशन में उड़ते हुए, डायमंड, एरोहेड या विक फॉर्मेशन बनाया। यह करतब टीम के पायलटों के बीच उत्कृष्ट समन्वय और संचार कौशल का प्रदर्शन करता है।
2. **एयरोबैटिक मेन्यूवर्स** टी0 टीम के पायलट विभिन्न एयरोबैटिक करतब जैसे कि लूप्स, रोल्स, स्पिंस और इमेलमन टर्न्स किए। ये करतब विमान की गति को प्रदर्शित करते हैं।
3. **क्रॉसओवर और इंटरसेप्ट** टीम के विमान एक-दूसरे के करीब से गुजरते हुए विभिन्न पैटर्न्स में उड़े। यह करतब टीम के पायलटों के बीच उच्च स्तर की जागरूकता और नियंत्रण का प्रदर्शन करता है।
4. **स्मोक ट्रेल्स :** टीम के विमान स्मोक ट्रेल्स छोड़ते हैं, जो आसमान में रंगीन धुएं के निशान बनाते हैं। इस करतब ने प्रभाव को बढ़ाया, जो दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

### रांची में आयोजित दो दिवसीय एयर शो का हुआ **भव्य समापन**

# सूर्यकिरण टीम के अद्वितीय करतबों ने किया मंत्रमुग्ध

» **जांबाज पायलटों** के मनोहर एवं हैरतअंगेज करतब से रोमांचित हो उठे लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित दो दिवसीय एयर शो के अंतिम दिन रविवार को भारतीय वायुसेना के फाइटर विमानों और उनके पायलटों के अद्भुत कौशल और अद्वितीय करतबों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रविवार होने की वजह से स्कूल और कॉलेजों में अवकाश के चलते एयर शो को देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा और युवा पहुंचे थे। उनके साथ उनके अभिभावक भी थे। एयर शो में सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम ने हॉक जेट विमानों के साथ आसमान में साहसिक, अनुशासित, हैरतअंगेज और लयबद्ध प्रदर्शन किया। टीम के नौ फाइटर जेट्स के जांबाज पायलटों के हैरतअंगेज करतब देखकर उपस्थित लोगों में काफी उत्साह भर गया। रांचीवासियों के चेहरे पर गर्व झलक रहा था। वहीं, जब विमान की गर्जना आकाश में सुनाई दी, तो दर्शकों ने भारत माता के जयकारों से वातावरण को गुंजायामान कर दिया। एयर शो के दौरान सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम के आसमान में मनोहर एवं हैरतअंगेज करतब से सभी रोमांचित हो उठे। रांची के आसमान में वायुसेना के विमान ने तिरंगे को लहराया। अलग-अलग दिशाओं से अपनी गति और अनुशासन को बरकरार रखते हुए आसमान में कई आकृतियां बनाईं। इस एयर शो में कई करतब देखने को मिले। सूर्यकिरण टीम द्वारा इन शानदार प्रदर्शनों ने न केवल दर्शकों को मनोरंजन किया, बल्कि भारतीय वायुसेना की क्षमताओं और कौशल को भी प्रदर्शित किया। **शेष पेज 11 पर**

### सूर्य किरण टीम ने जीत लिया दिल : संजय सेठ

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस अवसर पर एयर शो की सराहना करते हुए कहा कि सूर्य किरण टीम ने अद्भुत प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया है। संजय सेठ ने कहा कि भारत की वायुसेना अब पहले से कहीं ज्यादा ताकतवर और आधुनिक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में आए व्यापक बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है। सूर्य किरण टीम के प्रदर्शन ने इस आत्मनिर्भर भारत की छवि को और मजबूत किया है। उन्होंने सूर्य किरण टीम के सभी पायलटों और आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम रांची के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा।

### टीम ने अब तक किए हैं 700 से ज्यादा एयर शो

सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम का गठन वर्ष 1996 में हुआ था। वर्ष 2011 तक किरण विमान से टीम ने इतिहास रचा। इसके बाद वर्ष 2015 में टीम का पुनर्गठन किया गया और इसमें हॉक मार्क 23 विमान शामिल किए गए। 27 वर्षों की अब तक की यात्रा में सूर्यकिरण टीम ने 72 शहरों में 700 से ज्यादा एयर शो किए हैं। देश के बाहर सिंगापुर, चीन और थाईलैंड में भी इस टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

## बालूमाथ में हाथी का बच्चा कुएं में गिरा, वनकर्मियों ने निकला

- **5 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद निकाला जा सका बाहर**

**नवीन मेल डेस्क**

**लातेहार।** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मारंगलोइया गांव में शनिवार की रात हाथी का एक बच्चा झुंड से भटक कर कुएं में गिर गया। वन कर्मियों के लगभग पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद हाथी के बच्चे को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला जा सका। लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल ने



रविवार को बताया कि शनिवार की रात में सूचना मिली कि हाथी का एक बच्चा ग्रामीणों के खेत में बनाए गए एक कुएं में गिर गया है। **शेष पेज 11 पर**

## गुमला डीसी कर्ण सत्यार्थी को आज सम्मानित करेंगे प्रधानमंत्री

### सिविल सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिलेगा पीएम एक्सीलेंस अवार्ड

**नवीन मेल डेस्क**

**गुमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिविल सेवा दिवस के मौके पर सोमवार (21 अप्रैल) को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक विशेष कार्यक्रम में गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को सिविल सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पीएम एक्सीलेंस अवार्ड देकर सम्मानित करेंगे। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस पर सिविल सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को पीएम एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा



जाता है। गुमला जिला लगातार दूसरी बार यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले जिलों की सूची में शामिल होने वाला है। इसके पूर्व गुमला के तत्कालीन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी वर्ष 2022 में यह पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस पुरस्कार का श्रेय जिला टीम की कड़ी मेहनत को दिया है।

### गम्हरिया को मिलेगा उत्कृष्ट सार्वजनिक प्रशासन पुरस्कार

- **सरायकेला-खरसावां के डीसी रवि शंकर शुक्ला ग्रहण करेंगे पुरस्कार**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड को देश का सर्वोच्च प्रशासनिक सम्मान मिला है। गम्हरिया प्रखंड को प्रधानमंत्री उत्कृष्ट सार्वजनिक प्रशासन पुरस्कार 2024 के लिए आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम श्रेणी में चयनित किया गया है। सिविल सेवा दिवस के अवसर पर यह पुरस्कार सोमवार (21 अप्रैल) को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान के तहत देशभर के 500 आकांक्षी प्रखंडों में से सर्वश्रेष्ठ पांच प्रदर्शनकारी प्रखंडों को चुना गया है, जिसमें गम्हरिया प्रखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह पुरस्कार सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की ओर से प्राप्त किया जाएगा, जो प्रखंड की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करेंगे।

यह सम्मान नीति आयोग की पहल पर सात जनवरी 2023 को शुरू किए गए आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के 500 पिछड़े प्रखंडों में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि और संबद्ध सेवाएं, मूलभूत ढांचा और सामाजिक विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में बेहतर शासन, सेवा वितरण और प्रमुख सूचकांकों की निगरानी के माध्यम से समग्र सामाजिक-आर्थिक प्रगति को तेज करना है।

**इंडिया**

## सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक परमादेश और भविष्य की राजनीति



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

भारत के संविधान के इतिहास में पहली बार हुआ है कि किसी न्यायालय ने राष्ट्रपति के खिलाफ रिट मैंडामस यानी परमादेश जारी किया है। रिट मैंडामस एक प्रकार का न्यायिक आदेश है जिसे उच्च/ सर्वोच्च न्यायालय निचली अदालत, सरकारी अधिकारी, या सार्वजनिक प्राधिकरण को जारी करता है। इसका उद्देश्य उन्हें कोई विशिष्ट कानूनी कर्तव्य करने के लिए बाध्य करना होता है, जिसे उन्होंने या तो करने से इनकार कर दिया है या करने में विफल रहे हैं। भारतीय संविधान राष्ट्रपति और राज्यपाल दोनों को कानूनी प्रतिरक्षण देता है,यानी उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। जानकारों के अनुसार राज्यपाल या राष्ट्रपति के खिलाफ रिट मैंडामस जारी नहीं हो सकती है,ये संवैधानिक प्रश्न है। किसी भी संवैधानिक स्थिति पर फैसला सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ द्वारा लिया जा सकता है। संविधान के अनुच्छेद 145(3) में कहा गया है कि संविधान की व्याख्या के संबंध में विधि के किसी प्रश्न से संबंधित किसी मामले का निर्णय करने के लिए या अनुच्छेद 143 के अंतर्गत किसी संदर्भ की सुनवाई के लिए न्यायाधीशों की न्यूनतम संख्या पांच होगी। इसमें ऐसे मामलों की सुनवाई करने के लिए संविधान पीठ का विकल्प नहीं दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने जो यह निर्णय दिया है वह संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 की व्याख्या करके दिया है। सुप्रीम कोर्ट की यह बेंच ना संवैधानिक थी और ना ही इसमें न्यूनतम पांच जज थे। तमिलनाडु विधानसभा से पास हुए विधेयकों को राज्यपाल ने मंजूरी नहीं दी। काफी समय बीतने के बाद उसे राष्ट्रपति के पास भेजा। वहां से भी मंजूरी नहीं आई। सरकार सुप्रीम कोर्ट गई। सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने उसकी सुनवाई की और उसका फैसला आया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर चिंता जताई। फैसला में है कि राज्यपाल अगर कोई बिल राष्ट्रपति के पास भेज रहे हैं तो राष्ट्रपति को उस पर तीन महीने में फैसला लेना होगा। धनखड़ बोले कि भारत में ऐसी व्यवस्था नहीं होनी चाहिए जहां न्यायपालिका राष्ट्रपति को निर्देश दे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति संविधान के संरक्षण, सुरक्षा और बचाव की शपथ लेते हैं। मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसद और न्यायाधीश सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145 (3) के तहत संवैधानिक आधिकार की व्याख्या करना है। इसमें 5 जजों का पूल होना चाहिए। अनुच्छेद 142 न्यायालय को विशिष्ट संदर्भों में अर्ध-विधायी और अर्ध-कार्यकारी भूमिकाएं निभाने की अनुमति देता है, विशेष रूप से मौलिक अधिकारों की रक्षा करने, संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने और जनहित संबंधी चिंताओं को दूर करने में। सुप्रीम कोर्ट में किसी व्यक्ति को मृत्युदंड जैसी सजा दी जाती है, उस सजा को क्षमा करने का अधिकार राष्ट्रपति को है। संविधान का अनुच्छेद 72(2) इसका प्रावधान करता है। इस अनुच्छेद के अनुसार, राष्ट्रपति किसी अपराध में दोषसिद्ध ठहराए गए किसी व्यक्ति के दंड को क्षमा, उसका प्रविलंबन, विराम या परिहार करने की अथवा दंडादेश का निलंबन कर सकते हैं । राष्ट्रपति इस देश के शासन का प्रमुख ही नहीं होते, जिसका एक हिस्सा न्यायपालिका भी है, बल्कि वो सेना के सर्वोच्च कमांडर भी होते हैं । सैन्य निर्णयों के मामलों को संविधान के अनुसार चुनौती नहीं दी जा सकती है। ये ऐसा फैसला है जिसका बहुत ही दूरगामी प्रभाव होने वाला है। इसका असर पूरी राजनीति को बदलने वाला भी हो सकता है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या भारत सरकार इसको इसी रूप में स्वीकार कर लेगी? भारत सरकार के एटॉर्नी जनरल ने कहा कि सरकार रिव्यू पर विचार कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने एक छोटी सी टिप्पणी की कि राष्ट्रपति का पक्ष नहीं सुना गया और उनका पक्ष सुने बिना फैसला सुना दिया गया। देश की कोई अदालत राज्यपाल या राष्ट्रपति को सम्मन नहीं कर सकती है, नोटिस नहीं भेज सकती है, उसके बावजूद ये फैसला हुआ। संविधान में समय निर्धारित करने वाली कोई सीमा नहीं है। संविधान में संशोधन का अधिकार सिर्फ संसद को दिया है। केवल संसद संविधान में संशोधन कर सकती है। लेकिन इस फैसले को एक तरह से माना जा रहा है कि जो संविधान में नहीं था वो दिया गया है। सत्ता के गलियारों में जबरदस्त सन्नाटा है। कहा जा रहा है कि आने वाले समय में सरकार कोई बड़ा एक्शन लेने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी ने रात के आठ बजे राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की और दोनों के बीच किसी विषय पर बातचीत हुई है। उसके बाद उसी दिन जेपी नड्डा के घर पर कुछ मंत्री पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री का 19 अप्रैल का श्रीनगर का दौरा रद्द किया गया । गृह मंत्रालय के एक हफ्ते के जो भी कार्यक्रम थे स्थगित हुए। बुधवार को होने वाली कैबिनेट बैठक रद्द कर दी गई। चर्चा थी कि राष्ट्रपति शासन बंगाल में लगेगा पर बंगाल में छह महीने बाद ही चुनाव होने हैं। चर्चा है कि सरकार ज्यूडिशरी को लेकर कोई कदम उठाने जा रही है।



**फौजी ने उठाया खौफनाक कदम**

## जमीन बचाने के लिए फौजी ने किया आत्मदाह का प्रयास



- **पुलिस और प्रशासन के समझाने के बाद घर लौटा, टली बड़ी घटना**
- **पुश्तैनी जमीन के लिए चाचा और चचेरे भाइयों से चल रहा है विवाद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** 'तीन साल से मैं इंसाफ की गुहार लगा रहा हूं, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही। आज मेरी आखिरी कोशिश है, अगर मेरी जमीन नहीं मिली, तो मैं अपने बच्चों और पत्नी के साथ आत्मदाह कर लूंगा।' ये दर्दभरे शब्द थे घाघरा प्रखंड के गमहरिया गांव निवासी फौजी लक्ष्मण उरांव के, जिन्होंने जमीन विवाद से तंग आकर शनिवार को अंचल कार्यालय पहुंचकर खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया और आत्मदाह की धमकी दी। फौजी लक्ष्मण उरांव द्वारा खुद पर पेट्रोल छिड़कने और आत्मदाह की धमकी देने से मौके पर अफरातफरी मचा गई। **शेष पेज 11 पर**



## रांची में आयोजित एयर शो का दूसरा दिन

# एयरफोर्स के जाबाजों ने आसमान में दिखाया शानदार करतब

**रांची। रांची में आयोजित एयर शो का दूसरा दिन भी सफल रहा। कार्यक्रम में लाखों की संख्या में दर्शक पहुंचे और रोमांचक एयर शो का आनंद लिया। सूर्य किरण एयरोबेटिक्स टीम ने आसमान में शानदार करतब दिखाए, जिसे देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह रांची और झारखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सूर्य किरण टीम की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने यह साबित कर दिया है कि वे एशिया के नंबर वन फाइटर पायलट हैं।**

## एयर शो की सफलता का श्रेय भारतीय वायुसेना और झारखंड के लोगों को: डीसी

वहीं रांची में आयोजित दो दिवसीय एयर शो बेहद सफल और शानदार रहा। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने इसकी सफलता का श्रेय भारतीय वायुसेना और झारखंड के लोगों को दिया। उन्होंने कहा कि रांची और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही कार्यक्रम में शामिल हुए और भारतीय वायुसेना के हैरतअंगेज प्रदर्शन का आनंद लिया। जनता ने वायुसेना का उत्साह बढ़ाया और जिला प्रशासन द्वारा जारी सभी गाइडलाइंस का पालन भी किया। डीसी ने कहा कि इस भव्य आयोजन के सफल संचालन में सभी का सहयोग रहा और जिला प्रशासन की ओर से सभी को धन्यवाद दिया गया।

## दोबारा हो आयोजन

रांची में 2 दिवसीय एयर शो के समापन के बाद रांचीवासी उत्साहित दिखे। एयर शो देखने पहुंचे लोगों ने कहा कि पहली बार रांची में इतने भव्य रूप से एयर शो देखने का सौभाग्य मिला। लोगों ने वायुसेना का आभार जताते हुए कहा कि ऐसा आयोजन दुबारा हो। रांची में आयोजित दो दिवसीय एयर शो का रविवार को भव्य समापन हुआ। पहली बार राजधानी रांची में हुए इस आयोजन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। नामकुम के खोजा टोली आर्मी ग्राउंड में हुए इस एयर शो में भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने हैरतअंगेज हवाई करतब दिखाकर लोगों को रोमांचित कर दिया। एयर शो में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय एयर शो ने रांचीवासियों को देशभक्ति की भावना से भर दिया और वायुसेना के शौर्य को करीब से देखने का मौका मिला।





## एयर शो देखकर रोमांचित हो उठे दर्शक



## मैदान में गाड़ियों का लगा रहा तांता



## तेज धूप में भी एयर शो देखने के लिए उमड़ी रही लोगों की भीड़



## क्षेत्र के युवा भारतीय वायुसेना का हिस्सा बनें : संजय सेठ

**रांची ।** रांची में आयोजित दो दिवसीय एयर शो का समापन हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एयर शो में आए लोगों का अभिवादन किया। उनसे मिले और उनका उत्साह भारत माता की जय के नारों के साथ बढ़ाया। मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि क्षेत्र के युवा भारतीय वायुसेना का हिस्सा बन सकें। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत राष्ट्र रक्षा के साथ नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन, समर्पण और वीरता से लबरेज रहें। यह रांचीवासियों सहित पूरे झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा। यह पहली बार हुआ जब वायुसेना के जाबाजों ने युद्ध के मैदान में नहीं, रांची के आसमान में अपने शौर्य, अनुशासन और पराक्रम का परिचय दिया। क्षेत्र की जनता की तरफ से वायुसेना परिवार का अभिनंदन और साधुवाद।: हमारे जाबांज जब आसमान मापते हैं तो बादल भी रास्ता छोड़ देते हैं। सूर्य किरण एरोबिक टीम ने आसमान में जो छाप छोड़ी, वह हमेशा के लिए रांचीवासियों के दिल में अंकित हो गई। भारतीय वायु सेना के द्वारा किया गया यह शो अविस्मरणीय बन गया। यह झारखंड का ऐतिहासिक शो रहा। सूर्यकिरण के जाबांज जब आसमान में कलाबाजियां दिखा रहे थे तो नीचे बैठा जनसमूह सांसे रोके, मंत्रमुग्ध हो एकटक देखता ही रहा। यह कार्यक्रम सेना की कलाबाजी नहीं था बल्कि पराक्रम, शौर्य, तकनीक, आपसी समन्वय, आत्मविश्वास का सम्मिश्रण था। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए रांची उपायुक्त, रांची जिला पुलिस बल सहित रांची की तमाम जनता को धन्यवाद दिया।





## निशिकांत दुबे को तत्काल बर्खास्त किया जाए: डॉ इरफान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. इरफान अंसारी ने गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर तीखा हमला बोला। डॉ. अंसारी ने इसे भारतीय लोकतंत्र, संविधान और न्यायपालिका की गरिमा पर सीधा हमला करार दिया।

डॉ. अंसारी ने कहा कि निशिकांत दुबे का बयान न केवल सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि यह लोकतंत्र की बुनियाद को हिलाने वाला है। भाजपा अब न्यायपालिका को भी अपनी कठपुतली बनाना चाहती है। यह बेहद खतरनाक संकेत है।

मंत्री ने कहा कि यदि आज देश नहीं जागा, तो भाजपा संविधान



और कानून व्यवस्था को भी खरीद लेगी। ये लोग जातिगत जहर घोलकर न्यायपालिका को बदनाम कर रहे हैं। डॉ. अंसारी ने राष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष से मांग किया है कि निशिकांत दुबे को तत्काल संसद सदस्य पद से बर्खास्त किया जाए और उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई हो।

प्रेस वार्ता में उन्होंने यह भी कहा कि देश की तीनों प्रमुख संवैधानिक संस्थाओं–विधायिका, र्यपालिका और न्यायपालिका में संतुलन बनाए रखना अनिवार्य है, और जब न्यायपालिका पर ही हमला होगा तो लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं बचेगा। मौके पर कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष दीपिका बेसरा, वरिष्ठ नेता अजीत दुबे, विजय दुबे, नंदकिशोर सिंह, कराली चरण सरखेल,निशापति हांसदा, बीरबल अंसारी, हराधन भुई, शाहिद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## माले का 7वां राज्य सम्मेलन कल से बोकारो में

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाकपा (माले) का 7वां राज्य सम्मेलन 22 से 24 अप्रैल 2025 तक बोकारो के सेक्टर-2 स्थित कला केंद्र में आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्घाटन सत्र जन कन्वेंशन के रूप में आयोजित किया जाएगा, जिसका मंच विस्थापित अप्रेंटिस आंदोलन में शहीद हुए प्रेम महतो को समर्पित रहेगा। इस जन कन्वेंशन को भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, प्रख्यात अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज, पूर्व विधायक एवं पोलित ब्यूरो सदस्य आनंद महतो, विधायक अरुण चटर्जी, चंद्रदेव महतो तथा वाम दलों के शीर्ष नेतृत्व संबोधित करेंगे। सम्मेलन में राज्यभर से एक





हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस संबंध में रविवार को भाकपा (माले) के राज्य सचिव मनोज भक्त ने प्रेस वार्ता कर बताया कि यह सम्मेलन झारखंड में कॉरपोरेट फासीवाद, निजीकरण और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सुनियोजित संघर्ष का आह्वान करेगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन राज्य में एक मजबूत वाम विकल्प के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।

पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो ने कहा कि बोकारो इस्पात नगरी की गरमी और विस्थापित युवाओं का आंदोलन झारखंड की राजनीति में मजदूर-किसान और छात्र-युवा आंदोलन की नई लहर पैदा करेगा। सम्मेलन में रोजगार, जमीन के मालिकाना हक, और बड़े पैमाने पर हो रहे विस्थापन जैसे मुद्दों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बांध परियोजनाओं, थर्मल पावर प्लांट, सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल जैसी परियोजनाओं से विस्थापितों के सवाल पर यह सम्मेलन मजबूत आवाज बनेगा। ए. के. रॉय, महेंद्र सिंह, गुरुदास चटर्जी और शांतिनाथ महतो के सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में यह सम्मेलन निर्णायक भूमिका निभाएगा।प्रेस वार्ता में भाकपा (माले) के जिला सचिव देवद्वीप सिंह दिवाकर, राज्य कमेटी सदस्य भुवनेश्वर केवट, दिलीप तिवारी, बीएन मिश्रा तथा छात्र नेता त्रिलोकी नाथ मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## वैश्य मोर्चा का 23 को राजभवन के समक्ष धरना का निर्णय

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा, कोर कमेटी की बैठक कांके, सुकुरहुट्टू में रविवार को हुई। इसमें 23 अप्रैल को राजभवन के समक्ष वैश्य अधिकार महाधरना एवं सदस्यता अभियान पर चर्चा की गई। कहा गया कि धरना के माध्यम से ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, छोटे दुकानदारों को दस लाख रुपए तक की ऋण माफी समेत अन्य मुद्दों पर आवाज बुलंद की जाएगी। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, रेखा मंडल, अश्विनी साहु, लक्ष्मण साहु, उपेंद्र प्रसाद व अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा पूरे देश में लागू करना चाहती है मनुस्मृति : विनोद पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** न्यायपालिका को लेकर गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के विरोधात्मक बयान को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लोकतंत्र विरोधी करार दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य और वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय जी कहा कि असल बात यह है कि भाजपा देश में मनुस्मृति लागू करना चाहती है। भाजपा को देश के संवैधानिक ढ़ांचे पर विश्वास ही नहीं है। चुनाव आयोग, प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर कब्जा किया जा चुका है। अब सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों पर भी इन्हें आपत्ति है। आखिरकार भाजपा इस देश को कहां ले जाना चाहती है? भाजपा के नेताओं ने निशिकांत दुबे के बयान पर चुप्पी क्यों साध रखी



है? बात-बात पर बयान जारी करने वाले बाबूलाल मरांडी जी क्यों नहीं इसपर स्थिति स्पष्ट करते? न्यायपालिका पर देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और आर्थिक तौर पर पिछड़े लोगों का अटूट भरोसा है। भाजपा अब अपने नेताओं के जरिए न्यायपालिका पर हमले करा रही है। ये मनमुताबिक निर्णय नहीं होने पर न्यायपालिका पर दबाव बना रहे हैं। भाजपा के सांसद पहले भी संताल परगना को झारखंड से अलग करने की बातें कई बार कर चुके हैं। इनकी सोच विभाजनकारी है। भाजपा के नेताओं को अगर न्यायपालिका पर विश्वास है तो निशिकांत दुबे को अबिलंव बर्खास्त कर देना चाहिए। ऐसा नेताओं की सोच देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा भाजपा सांसद के बयान की घोर निंदा करता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा न्यायपालिका समेत अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जे की भाजपाई मनोवृति को किसी स्तर पर बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा देश में हिन्दू-मुस्लिम का आरोप लगाकर नफरत पैदा करने के प्रयास में है। ये देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को समाप्त करना चाहते हैं। इनकी मंशा कभी सफल नहीं होगी। निशिकांत दुबे अपने मन से ऐसा नहीं बोल रहे हैं।

### केडी फ्लैट के निवासियों को हो रही असुविधा के बाबत सरयू राय ने डीसी को लिखा पत्र, कहा

## कदमा बाजार की तरफ जाने के लिए रास्ता खुलवाए प्रशासन

### नागरिक सुविधाओं की बहाली के लिए प्रशासन को टाटा स्टील से बात करनी चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने केडी फ्लैट के निवासियों को रोजमर्रा की जिंदगी में हो रही दिक्कतों को लेकर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र लिखा है और मांग की है कि वे इस समस्या का समाधान निकालने में आवश्यक पहल करें। उपायुक्त को लिखे पत्र में श्री राय ने कहा है कि करीब 100 साल से कदमा केडी फ्लैट होकर गुजरने के लिए एक आम रास्ता था, जिसे टाटा स्टील लिमिटेड ने गत वर्ष एक तरफ से बंद कर दिया। गत विधानसभा चुनाव के समय उन्होंने कदमा वासियों से वादा किया था कि उनके अवागमन की सुविधा के लिए बंद रास्ता खुलवाएंगे और



जरूरत पड़ी तो जिस स्थान पर प्रवेश द्वार बंद किया गया है, उसे तोड़कर रास्ता बनाया जाएगा। तदुपरांत टाटा स्टील लिमिटेड के लैंड डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि आम जनता की सुविधा के लिए केडी फ्लैट की बाउंड्री से सटे एक वैकल्पिक रास्ता बनाकर दे रहे हैं। इसे उन्होंने बनवा भी दिया परंतु केडी फ्लैट के निवासियों और यहां आउट हाउस में रहने वाले परिवारों के सामने कठिनाई उत्पन्न हो गयी है।

श्री राय ने लिखा कि इन लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्यों के लिए काफी घूमकर लंबे रास्ते से जाना पड़ रहा है। जिनके पास वाहन नहीं, उन्हें ढेर सारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जब श्री राय ने यह विषय उठाया तो कंपनी ने चहारदीवारी के एक तरफ से पैदल आने जाने का एक संकरा रास्ता दे दिया और कहा कि उन्होंने केडी फ्लैट के निवासियों और आउट हाउस वासियों को अवागमन की सुविधा प्रदान कर दिया है।

श्री राय ने उपायुक्त से आग्रह किया कि वह टाटा स्टील के प्रासंगिक अधिकारियों को इसके लिए तैयार करें ताकि आम जनता की अवागमन संबंधी कठिनाई दूर हो सके। यह जनसुविधा से संबंधित एक गंभीर मसला है। इसका समाधान अपरिहार्य है।

## जेल में लगी अदालत, न्यायालय के समक्ष रखे गए तीन मामले



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डालसा ने होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में जेल अदालत-सह-विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डालसा के सचिव रवि कुमार भास्कर, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव, कारापाल, काराकर्मी एवं अधिवक्ता, न्यायालयकर्मी, बंदी उपस्थित थे। विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में संसीमित 3 बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किए गए थे।

अन्य वाद में संलिप्तता की वजह से बंदी आवेदन का लाभ जेल अदालत में बंदियों को नहीं मिल पाया। जेल अदालत -सह-विधिक जागरुकता शिविर में बंदियों को लीगल एड क्लिनिक के बारे में जानकारी दी गई।

इसके बाद 20 बंदियों ने अलग-अलग समस्याओं के निवारण के लिए डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर को आवेदन समर्पित किया।

बढ़ती परेशानी

# गर्मियों में पानी की किल्लत से परेशान विद्यानगर और गंगानगर वासी




## जानकारी के बाद भी निगम नहीं देता है पानी : बीरेंद्र सिंह



बीरेंद्र सिंह ने कहा कि जन समस्या का समाधान करने वाले लोकल अधिकारी होते हैं। लेकिन जब वे होंगे ही नहीं तो परेशानी हम कहां रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ओर निगम हरमू के परेशानियों से वाकिफ है कि गर्मियों में पानी की किल्लत होती है। बावजूद इसके कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। उन्होंने कहा हर घर नल योजना के तहत हरमू के विद्यानगर में पाइप बिछाकर छोड़ दिया गया है। पानी का पाइप बिछए हुए 5 वर्ष हो गए हैं। आज भी लोगों को आस है कि इसे पूरा किया जाएगा।

**काजल मेहता। रांची**

राजधानी रांची को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए सरकार करोड़ों खर्च कर सड़कें और इमारतें बना रही है। लेकिन यह सिर्फ राजधानी का एक हिस्सा ही है। वहीं राजधानी के दूसरे अन्य हिस्सों की हाल बदहाल है। रांची स्थित हरमू में बड़ी आबादी रहती है। लेकिन यहां व्यवस्थाएं नहीं है। हरमू स्थित विद्यानगर के कई मोहल्लों में कई तरह की परेशानियों का सामना मोहल्ले वासी कर रहे हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल ने जमीनी स्तर पर जाकर आमजनों की परेशानियों को जाना जिसमें लोगों ने कहा हर मौसम में अलग- अलग परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं पूर्व पार्षद ने भी अपनी प्रतिक्रियाएं देते हुए कहा अधिकार पावर ना होने के कारण हम भी कुछ नहीं कर सकते।

## लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल पाता है : विजय साव



विजय साव ने बताया कि पानी की किल्लत है। गर्मियों में त्राहिमाम मच जाता है। लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी की निकासी की भी व्यवस्था नहीं है। इस कारण सड़कों पर कीचड़ बन जाता है। मोहल्ले के सड़कों की मरम्मत समय पर नहीं होने से सड़कें भी जर्जर हो चुकी हैं। मोहल्ले का ट्रांसफार्मर है जो कि सड़क से थोड़ी ऊंचाई पर है। जिस से बड़ी गाड़ियां आती है तो तार के गिरने का डर रहता है।

## कुछ भी करना हमारे अधिकार में नहीं है : पूर्व पार्षद



पूर्व पार्षद बिनोद सिंह ने कहा कि किसी परिवार में अगर प्रधान नहीं रहेगा तो परिवार की जो स्थिति रहेगी वही स्थिति मोहल्ले के लोगों की होगी। पार्षद चुनाव नहीं हुआ है। पार्षद के होने से लोग अपनी परेशानियों को रखते थे। लेकिन अभी हम भी कुछ नहीं कर सकते। सड़क बनवाना, नाली बनवाना, स्ट्रीट लाइट्स लगवाना, बोरिंग करवाना अन्य कई कामों को हमारे द्वारा करवाया गया है। लोग हमारे पास अभी भी परेशानियां लेकर आते हैं लेकिन हमारे हाथ बंधे हैं। हम कुछ नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ मोहल्ले के घर- घर तक पहुंचाते थे। लेकिन अब कुछ भी करना हमारे अधिकार में नहीं है।

## गंदगी से सभी लोग त्रस्त : दयाशंकर



दयाशंकर झा ने कहा कि पानी तो सबसे बड़ी परेशानी है। लेकिन गंदगी से भी सभी लोग त्रस्त हैं। उन्होंने कहा अब तो गर्मी आ गई है और परेशानियां बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि पार्षद के नहीं होने से भी परेशानियां बढ़ रही है। गंदगी के कारण बीमारियां फैल रही है बरसात में और कई तरह की परेशानियां होती है।

## निगम की कोशिश रहती है कि नियमित कचरे का उठाव हो : दिलीप कुमार रजक

इस मुद्दे पर निगम के एमपीएस दिलीप कुमार रजक ने कहा कि निगम की कोशिश रहती है कि नियमित कचरे का उठाव हो। लेकिन यदि किस जगह इस तरह की कोई परेशानी है तो वे लोग हेल्प लाइन नंबर 9431104429 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। कॉल किए जाने के के बाद जिस जगह की शिकायत होगी वहां से कचरे का उठाव करवा लिया जाएगा।

## पानी की है परेशानी : नवीन

हरमू गंगानगर निवासी नवीन ने कहा कि पानी की परेशानी होती है। अब तो गर्मियां भी शुरू हो चुकी है। निगम की ओर से कुछ खास सुविधाएं नहीं मिल पाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि समय से कचरे की गाड़ियां भी नहीं आती है जिस कारण घरों में रखा कचरा बदबूदार हो जाता है।

# अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में लॉ यूनिवर्सिटी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

> ● यह पहली बार है जब एनयूएसआरएल, रांची को इस प्रतिष्ठित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में यह सम्मान मिला

नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची के तीन विद्यार्थियों ने हांगकांग एसएआर, चीन में आयोजित 22वें विलेम सी विस ईस्ट इंटरनेशनल कमर्शियल आर्बिट्रेशन मूट, में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीता। एनयूएसआरएल, रांची की ओर से इस मूट कोर्ट प्रतियोगिता में शामिल हुई एनयूएसआरएल, रांची की टीम में- इंतिसार असलम, जैनब उल कुबरा और अता उर रहमान, शामिल थे। उन्हें प्रतिवादी के लिए सर्वश्रेष्ठ ज्ञापन के लिए- फली नरीमन पुरस्कार के लिए सम्माननीय उल्लेख से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, जैनब उल कुबरा को सर्वश्रेष्ठ मौखिक अधिवक्ता के लिए नील कपलान पुरस्कार के लिए सम्माननीय उल्लेख मिला। इस प्रतियोगिता में विश्वभर के 159 लॉ स्कूलों की प्रतिभागिता रही। यह पहली बार है जब एनयूएसआरएल, रांची को विज ईस्ट में ये सम्मान मिले हैं, जिसने विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के क्षेत्र में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले संस्थानों में शामिल कर दिया है।

इससे पहले एनएसयूआरएल, रांची की टीम सीटीआईएल-डीएसएनएलयू-एमसीआईए विज प्री-मूट में भी विजेता बनी थी। इसके बाद टीम एपीएसी-बीआईसीएएम विज प्री-मूट में भाग लेने के लिए मलेशिया के कोटा किनाबालु की यात्रा पर गई, जहां सर्वश्रेष्ठ मौखिक टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 32 टीमों में अपना स्थान सुनिश्चित किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर एनयूएसआरएल के कुलपति प्रो अशोक आर पाटिल और सभी शिक्षकों ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया।

# कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन, दबंग रांची प्रथम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बजरंग दल रांची महानगर द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शास्त्री मैदान चुटिया में किया गया। इससे प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया जिसको की लॉटरी के माध्यम से मैच करवाया गया। सभी मैच 20-20 मिनट का करवाया गया और फाइनल सभी विजेता को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर रोहित के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहां कि युवाओं में इस तरह का आयोजन अत्यन्त आवश्यक हैं युवा अब मोबाइल में अधिक समय देते हैं जबकि इस तरह के खेल से उसका शरीर भी स्वस्थ रहता हैं। रंगनाथ महतो, बजरंग दल प्रांत संयोजक ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे देश में बलोपासना केंद्र एवं अन्य स्थानों पर कबड्डी का आयोजन किया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दबंग रांची द्वितीय पुरस्कार बजरंग दल रांची महानगर बाकी सभी टीमों को संतावना पुरस्कार दी गई मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपात, प्रांत संयोजक बजरंग दल रंगनाथ महतो, पद्मभूषण माननीय मुकुंद नायक,भैरो सिंह प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख प्रकाश रंजन, विहीप महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, बजरंग दल रांची महानगर संयोजक विक्रम साहू,योगेश, अनील तिवारी, रतन केशरी, बबीता वर्मा , चुन्नू जी, विनीत, राजा, दीपक ठाकुर, अनुराग, टेरेंस , करणअन्य उपस्थित थे।

आर्य समाज मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन

# वैदिक हवन में शामिल हुए डीएवी समूह के छात्र व शिक्षक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




स्वामी श्रद्धानन्द पथ स्थित आर्य समाज मंदिर में रविवार को साप्ताहिक रविवारीय सत्संग का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।इस विशेष अवसर पर राजधानी के डीएवी विद्यालयों से लगभग 150 छात्रों, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया,जिससे सत्संग को गरिमा और व्यापकता प्राप्त हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य विमलेन्द्र शास्त्री के निर्देशन में वैदिक हवन से हुआ, जिसमें यज्ञ प्रेमियों ने समाज कल्याण, राष्ट्रोत्थान एवं विश्व शांति की कामना करते हुए आहुतियां प्रदान कीं।इसके उपरांत प्रख्यात वैदिक विद्वान डॉ. प्रद्युम्न शास्त्री ने महर्षि दयानन्द सरस्वती के अमर ग्रंथ का भावपूर्ण पाठ प्रस्तुत किया। उनके ओजस्वी वाणी से श्रोतागण वैदिक जीवन-दर्शन की गहराई में उतरते चले गए।कार्यक्रम की भक्ति रस से सराबोर एक विशेष कड़ी रही—बरेली, उत्तर प्रदेश से पधारे आचार्य नेत्रपाल जी की संगीतमय भजन प्रस्तुति। मुख्य वक्ता के रूप में पधारे राष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता आचार्य आनंद पुरुषार्थी ने आत्मिक उन्नयन और समाजोत्थान का प्रभावशाली संदेश दिया।

# 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचा झारखंड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

> ● सेमीफइनल में झारखंड की बेटियों ने तमिलनाडु को दी बड़ी शिकस्त

मणिपुर में 15 से 21 अप्रैल तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालक और बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान दोनों टीमों ने संतुलित खेल, सटीक रणनीति और दमदार तालमेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज की। अंडर 19 बालक और बालिका टीम ने लाजवाब प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया है। रविवार को हुए सेमीफइनल मुकाबले में झारखंड की बालिका टीम ने तमिलनाडु को 5-0 से और बालक टीम ने मेजबान मणिपुर को 4-1 (टाईब्रेकर) से शिकस्त देकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। झारखंड की टीम के शानदार प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभागीय मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## सत्संग के बिना मनुष्य का विवेक जाग्रत नहीं होता : प्रसन्नाचार्य

**रांची।** यज्ञा बाबा आश्रम, मोरहाबादी के दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्री मद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ में रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं, शाम में दूसरे दिन की भागवत कथा में गया पीठाधीश्वर स्वामी वेंकटेश प्रसन्नाचार्य ने मधुर संगीतमय भागवत कथा सुनाकर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि बिना सत्संग के मनुष्य के विवेक की जागृति नहीं होती।

## कांके डैम से जलकुंभी साफ की, निगम से गाड़ी हटाने की मांग

**रांची।** कांके डैम संरक्षण-जलाशय बचाओ अभियान समिति व नागरिक मंच के सदस्यों ने रविवार को कांके डैम से जलकुंभी हटाई। करीब दो घंटे तक फाटक के पास सफाई अभियान चलाया गया। लोगों ने बताया कि निगम ने सफाई के लिए जो मशीन भेजी है, वह सिर्फ जलकुंभी में फंसी मछलियां ही निकालती है। जलकुंभी उसी स्थान पर छोड़ देती है। मशीन की गाड़ी केवल गोंदा इलाके में खड़ी रहती है। समिति के अध्यक्ष अमृतेश ने निगम से कहा कि मशीन गाड़ी नहीं हटाई तो एक सप्ताह बाद विरोध किया जाएगा। सफाई के दौरान समिति के सदस्य मंटू मुंडा, रमेश मुंडा, पिंटू मुंडा, मनोज मुंडा, बलकु मुंडा व अन्य मौजूद थे।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का रक्तदान शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में पहले रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को सेवासदन अस्पताल में किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने भी रक्तदान किया। रक्तदान प्रभारी पायल जैन और संयोजिका कोमल पोद्दार ने पूरे कार्यक्रम को अच्छे से लाइननअप किया और सभी से रक्तदान करने का आग्रह किया । मौके पर अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने कहा कि शाखा की यह कोशिश रहेगी कि इस साल भी रक्तदान में समर्पण शाखा एक नया कीर्तिमान हासिल करेगी। आज की शिविर में 16 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शाखा द्वारा सर्टिफिकेट और जूस का दिया गया।

मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, पायल जैन, कोमल पोद्दार, वर्षा धानुका, सोनल शर्मा, पिंकी शर्मा, दीपिका मोतीका एवं अन्य सदस्य उपस्थित थी ।

फिट इंडिया साइकिलिंग संडेज का आयोजन

# लोगों को फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के लिए किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




खेल प्राधिकरण ऑफ इंडिया, स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर द्वारा फिट इंडिया साइकिलिंग संडेज का आयोजन माय भारत (नेहरू युवा केंद्र) एवं उनके सहयोगी संस्था विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के सहयोग से किया गया।

इस कार्यक्रम में लगभग 150 युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सीपी सिंह थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री बलबीर दत्त ने शिरकत की।

अतिथि के रूप मे विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष व यूथ आइकन गौरव अग्रवाल और राष्ट्रपति पुरस्कृत फलक फातिमा भी उपस्थित रही। इस कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ हॉकी प्रशिक्षक विशेश्वर महापात्रा, मुख्य एथिलेटिक प्रशिक्षक बिनोद कुमार सिंह, हॉकी प्रशिक्षक जगन तोपनो, सहायक तीरंदाजी प्रशिक्षक सोमेन्द्र रहे। विधायक सीपी सिंह ने साइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें युवाओं ने लगभग 4 किमी की यात्रा की। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं ने आसपास के लोगों को फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मोटर चालित वाहनों के बजाय साइकिल के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को लाभ हो। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से आनंद, रौशन कुमार एवं अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जन शिकायतों का हो समाधान, सरकार कर रही सर्वजन की राह आसान

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा झारखण्ड के सभी जिलों के लिए जनहित में लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (PGMS), कॉल सेंटर के माध्यम से लागू की गई है।

- PHH/AAY कार्ड बनवाने एवं नाम जुड़वाने से संबंधित
- सफेद कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने एवं रद्द करवाने से संबंधित
- ग्रीन कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने एवं रद्द करवाने से संबंधित
- राशन कार्ड की प्रविष्टियों में सुधार से संबंधित
- PHH/AAY राशन कार्ड रद्द करने से संबंधित
- धोती साड़ी योजना से संबंधित
- दाल-भात योजना से संबंधित
- नमक वितरण योजना से संबंधित
- चीनी वितरण योजना से संबंधित
- चना दाल वितरण योजना से संबंधित
- एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना (ONORC) से संबंधित
- धान अधिप्राप्ति योजना से संबंधित
- पदाधिकारी के विरुद्ध शिकायत
- डीलर के विरुद्ध शिकायत
- DSD ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध शिकायत
- डीलर द्वारा दर्ज की गई शिकायत
- राशन कार्डधारी को कम राशन मिलने से संबंधित
- राशन कार्ड धारी को राशन नहीं मिलने से संबंधित
- राशन कार्डविहीन अन्न का अभाव से संबंधित
- विभागीय NIC/आहार पोर्टल से संबंधित
- बायोमेट्रिक मशीन (e-pos) से संबंधित
- राशन उठाव हो जाने पर मोबाइल में SMS नहीं आने से संबंधित
- E-KYC से संबंधित
- खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले से संबंधित अन्य शिकायतें

राज्य के नागरिक उपरोक्त विषयों के संबंध में निम्न माध्यमों एवं निम्न नंबरों पर सोमवार से शनिवार (10am to 5pm) तक सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।



TOLL FREE NO 1967 & 1800-212-5512
pgms.dfcajharkhand.in
SMS +91-896-958-3111
pgms@dfcajharkhand.in

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 350448 (Directorate of Food and Consumer Affairs) 2025-26

### हेसाग में झूलन के साथ हुआ मंडा पूजा का समापन, संजय सेठ ने कहा

# झारखंड की खूबसूरती है कि हम सभी आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाते हैं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री शिव मंडा पूजा समिति हेसाग के द्वारा विगत 70 से 80 वर्षों से लगातार महादेव मंडा पूजा का आयोजन किया जा रहा है, हटिया हेसाग स्थित दसई जतरा मैदान में झूलन एवं नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जायसवाल , जगन्नाथपुर के थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह, ठाकुर जुगल किशोर नाथ शाहदेव, दुर्गेश यादव ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि झारखंड की संस्कृति की खूबसूरती है कि आपसी भाईचारे के साथ सभी पर्व मनाते हैं। महादेव मंडा एक पुरानी कथा के अनुसार झारखंड के सभी भक्त आस्था के साथ अपने गांव समाज राज्य की प्रगति की कामना हेतु प्रार्थना करते हैं।

### दसई जतरा मैदान के विकास को मिली स्वीकृति, पूजा स्थल की दिशा में बड़ा कदम



साथ ही संबोधन के क्रम में मैदान के विकास से संबंधित कार्यों की करने की स्वीकृति प्रदान किया, जिसमें मैदान की साज सज्जा, चार दिवारी, सोलर लाइट, स्टेज बनाने का कार्य शामिल है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ठाकुर जुगल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि मेरे पूर्वजों के द्वारा विभिन्न पूजा के लिए 7 एकड़ 85 डिसमिल भूमि समस्त हेसाग के ग्रामीणों को पूजा के लिए दी गई है, जिसका संरक्षण एवं संवर्धन यहां के ग्रामीण काफी अच्छे से कर रहे हैं, और अपनी संस्कृति को बचाए रखे हैं ,मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के सहायता व आवश्यकता पर उपस्थित रहूंगा।मंच संचालन कर रहे मंडा पूजा समिति के आयोजक छात्र नेता दुर्गेश यादव ने कहा कि तीन गांव कि पूजा यहां की उन्नति, समृद्धि एवं विकास के लिए जरूरी है, संजय सेठ जी के द्वारा दसई जतरा मैदान में चारदीवारी ,सोलर लाइट ,स्टेज लगाने की स्वीकृति हेतु आभार प्रकट करते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौके पर भाजपा हटिया मंडल के अध्यक्ष राम मनोज साहू , ठाकुर युगल किशोर नाथ शाहदेव, पुरोहित मनोज पांडे , प्रभात खबर के वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र गिरी एवं हेसाग गांव के तीनों टोला क्रमशः सदान टोली, ऊराँव टोली , लेटेंगा टोली के समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मांडर में वक्फ संसोधन बिल के विरोध में कार्यक्रम

**मांडर।** झारखंड तंजीम और रांची जिला मोमिन कांफ्रेंस की ओर से वक्फ संशोधन बिल 2025 के विरोध में रविवार को मुड़मा में तहफ्फुज ए वक्फ कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंड के मुस्लिम संगठन के प्रतिनिधियों और अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि कोई भी कानून देश और राज्य हित में बनाया जाता है, परंतु जिस कानून से पूरा समाज नाराज हो वैसे कानून का कोई मतलब नहीं है। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि वक्फ बिल में संशोधन कर भाजपा सरकार ने साबित कर दिया है कि वह संविधान बदलने पर तुली है। अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि बहुमत का आंकड़ा दिखाकर वक्फ बिल अधिनियम के माध्यम से केंद्र सरकार पूरे देश में मुसलमानों को अपमानित करने और उनके समानता के अधिकार पर हमला का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम का संचालन रांची जिला मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने किया।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्थापित किया गौरैया जलपान पात्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ रविवार को हुआ। हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने गांव में पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए।

शिविर की शुरूआत में स्वयंसेवकों ने पूरे गांव में गौरैया जलपान पात्र स्थापित किए, जिससे पक्षियों को गर्मी में पानी की सुविधा मिल सके। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई। इसके पश्चात, स्वयंसेवकों ने 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की स्कूल में उपस्थिति का सर्वेक्षण




किया। इस सर्वेक्षण के आधार पर, अगले दिन से इन बच्चों को स्कूल में नामांकित कराने का संकल्प लिया गया।

शिविर में दोपहर 1 बजे तक विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान, स्वयंसेवकों ने मिलकर भोजन तैयार किया, जिससे टीमवर्क और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा मिला। शिविर के पहले दिन की गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं, जिससे गांव में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

# हाइवा की चपेट में आने से गई तीन की जान

**नवीन मेल संवाददाता। पिठौरिया**



पिठौरिया थाना क्षेत्र के पिठौरिया चंदवे सड़क पर बालू टंगरा मोड़ मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में दो सगी बहन की मौत हो गई। वहीं उसका ममेरा भाई गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना रविवार शाम लगभग 5.30 बजे की है। इस संबध में ग्रामीणों ने बताया कि तीनों ममेरा फुफेरा भाई मोटरसाइकिल संख्या जेएच 01 क्यू 9246 में सवार होकर जाड़ी गांव रातू से पिठोरिया स्थित ओयना गांव शादी में शामिल होने जा रहे थे। तभी तीनों हाइवा की चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे तीनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनों सगी बहन आफिया परवीन व आफरीन परवीन पिता स्व. मो हुसैन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दोनों बहन का ममेरा भाई अशफाक अंसारी पिता,ऐनामुल अंसारी गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस की मदद से घायल को रिम्स भेजा गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार अशफाक के घर सोमवार को शादी समारोह था। घटना के बाद सैकड़ो की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रक व उसके ड्राइवर को पकड़ लिया। उसके बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। घटना के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर को अपने कब्जे में ले लिया। ग्रामीण पुलिस से ड्राइवर को सौंपने की मांग कर उन्हें सजा देने की मांग पर अड़े थे। खबर लिखे जाने तक चंदवे पिठोरिया सड़क पूरी तरह जाम था। वहीं मौके पर पहुंचे डीएसपी अमर पांडेय व थाना प्रभारी अभय कुमार ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे थे।

### चान्हो में सड़क हादसा एक की मौत, दूसरा गंभीर

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के अम्बाटांड़ के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना रविवार की भोर लगभग चार बजे की है। मृतक 26 वर्षीय अमित महली और घायल आनंद राम रोल गांव के निवासी बताए जाते हैं। दोनों अपने किसी परिचित के यहां शादी समारोह में शामिल होने मैकलुस्कीगंज गए थे और वहीं से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में अनियंत्रित होकर बाइक से सड़क के किनारे गिर पड़े। रास्ते से गुजर रहे किसी व्यक्ति की नजर उन पर पड़ी उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। जानकारी मिलने पर पुलिस ने दोनों को सीएचसी चान्हो पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया। अमित महली के सिर पर गंभीर चोट थी, रिम्स में इलाज के दौरान रविवार की दोपहर उसने दम तोड़ दिया।

### खलारी में मसीहियों ने मनाया ईस्टर पर्व, कहा

# जीवन को आगे ले चलने के लिए प्रभु यीशु हमारी सहायता करते हैं

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**



खलारी स्थित शांतिनगर स्थित चर्च में ईस्टर पर्व (पाम संडे) धूमधाम से मनाया गया। फादर हिलारियुस तिग्गा ने मिस्सा पूजा कराया। फादर हिलारियुस तिग्गा ने अपने संदेश में कहा कि ईस्टर का दिन प्रभु के पुनरूत्थान का पर्व है। गुडफ्राइडे के दूसरे दिन प्रभु यीशु जी उठते है और प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने का पर्व मसीही पूरे धूमधाम से मनाते है। कहा कि प्रभु यीशु अपने जीवन को आगे ले चलने के लिए हमारी सहायता करता है। शारीरिक मृत्यु से अधिक भयानक आत्मा की मृत्यु होती है।जिसे हम अक्सर अनुभव करते हैं। ईशा अपने पुनरूत्थान द्वारा हमें इसी मुश्किल से बचाना चाहते हैं क्योकि हमारी आत्मा का शत्रु शैतान हमें अपनी आत्मा की मृत्यु से हमारा ध्यान हटाना चाहता है जिससे हम उसके वश में रहें। हमें अपनी आंखें खोलनी चाहिए जिससे हम उसके फंदे में न फंसे। अंत मे मसीही विश्वासियों के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में फादर आर्थर, फादर आस्कर टोप्पो, डा सिस्टर निर्मला सामुएल, सिस्टर दिव्या, सिस्टर नेली, सिस्टर ओलिश, प्रदीप कुजूर, सी कुजूर, ज्ञान कुजूर, पीटर लकड़ा, मेरी किस्कू, किशोर लकड़ा, ज्योति कुजूर, लुईस कुजूर, रोबिन एक्का, प्रफुल्लित लक्रड़ा, मनोहर लकड़ा, डा ए कुजूर, बासिल लकड़ा आदि मसीही विश्वासी उपस्थित थे।



### डकरा गुरुद्वारा का बनेगा भव्य

# समाजसेवी भीम प्रसाद के सहयोग से होगा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी के गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा डकरा में भव्य गुंबज निर्माण किया जाएगा। गुंबज निर्माण को लेकर रविवार को भूमि पूजन किया गया। खलारी प्रखंड क्षेत्र का एकमात्र इस गुरुद्वारा के निर्माण के 50 वर्ष पूरे हुए हैं। गुंबज का निर्माण समाजसेवी भीम प्रसाद के द्वारा कराया जा रहा है। रविवार को भीम प्रसाद डकरा गुरूद्वारा पहुंचकर भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए तथा गुंबज निर्माण कार्य की शुरूआत की। इससे पूर्व गुरूद्वारा पहुंचने पर कमेटी द्वारा भीम प्रसाद, छोटू सिंह व सुशील अग्रवाल को सरोफा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके गुरुद्वारे में बाबा मंजीत सिंह तथा बाबा रावेल सिंह द्वारा अरदास किया गया। अरदास के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भीम प्रसाद ने कहा की बचपन से ही इस गुरुद्वारा के साथ आस्था जुड़ी हुई है। इसके निरंतर विकास के लिए सदैव तैयार रहूंगा। उन्होंने गुरुद्वारा में पीने के ठंडा पानी के लिए अपनी ओर से मशीन लगाने की बात कही। इस मौके पर रघुवीर सिंह, जसवंत सिंह, जोगिंदर सिंह, सतपाल सिंह, बलबीर सिंह, बेरियम सिंह, बलविंदर सिंह, विकी सिंह, रंजीत सिंह, सोनू सिंह, यश, आयुष वेदी, मौली बेदी, कगण सिंह, रजविंदर सिंह, अनिल कुमार, प्रताप सिंह सहित काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थी।

# डायरिया से 70 लोग ग्रसित, 6 को रिम्स रेफर किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कुलसुद गांव में डायरिया से 70 लोग ग्रसित हैं। वहीं 6 लोगों को ज्यादा स्थिति खराब होने के कारण उनको रम्स रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार सामुदायिक अस्पताल सिल्ली के डॉक्टर विवेक ने बताया कि जैसे ही हमें ग्रामीणों से सूचना मिली कि कुलसुद गांव में डायरिया से लोग ग्रसित है उसे देखते हुए गांव में शिविर लगाकर लोगों का इलाज किया गया। साथ ही साथ कुछ लोगों की स्थिति को खराब देखते हुए उनको रांची रिम्स रेफर किया गया।



# राधा कृष्ण मंदिर में भक्तों के बीच विशेष भोग का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 203 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। श्री कृष्णा प्रणामी सेवा धाम के सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से अन्नपूर्णा महाप्रसाद एव भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद में खिचड़ी भोग का विधिवत भोग पुजारी बिनोद कुमार तिवारी द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात्य मंदिर परिसर में ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा भजन संकीर्तन किया गया। ट्रस्ट के भजन गायको ने मनमोहक समधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। पूरा वातावरण को वृंदावन एवं कृष्णमय बना दिया। तत्पश्चात महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन कीर्तन में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे तीन हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, निर्मल जालान,नंदकिशोर चौधरी, सुरेश भगत, सुनील पोद्दार, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार,चिरंजीवी लाल खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

### श्री श्री 108 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

# भगवान ने किया नगर भ्रमण, दिखा आस्था का सैलाब

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के खत्री खटंगा गांव में आयोजित श्री श्री 108 शिव परिवार तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को नगर भ्रमण का भव्य आयोजन किया गया। नगर भ्रमण के दौरान गाजा बाजा ढोल नगाड़ों शहनाई और शंख की प्रतिध्वनि के बीच नाचते गाते श्रद्धालुओं का सैलाब भगवान के रथ के पीछे उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं में भक्ति और आस्था की अद्भुत झलक दिखाई दी। वेद मंत्रोंच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान उल्लास और उत्साह के साथ प्रत्येक घर के दरवाजे पर भगवान की रथ रुकती गई और प्रत्येक परिवार को भगवान की आरती का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके पूर्व प्रत्येक घरों के सामने रंगोली बनाकर भगवान की पूरी श्रद्धा के साथ न सिर्फ स्वागत किया गया बल्कि आरती भी उतारी गई। इसके पूर्व गाजा बाजा, ढोल ढाक नगाड़ा एवं शंख की प्रतिध्वनि के बीच वेदी पूजन के साथ साथ धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन का शुभारंभ किया गया। यज्ञ मंडप एवं मंदिर में अन्नाधिवास, वस्त्राधिवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अरणीमंथन के दौरान अग्नि प्रज्वलित की गई। फिर अग्नि की स्थापना की गई। इसके बाद पूरे विधि-विधान के साथ पुष्पाधिवास, फलाधिवास, मिष्टान्नाधिवास, धुपाधिवास , औषध्याधिवास और देव स्थानापन अनुष्ठान का आयोजन किया



● भगवान के नगर भ्रमण पर हर घर के दरवाजे पर बनाई गई रंगोली हुआ महाआरती

गया। यज्ञ के दूसरे दिन सभी धार्मिक अनुष्ठानों में मुख्य यजमान के रूप में अंगद खन्ना एवं उनकी धर्मपत्नी रेशमी देवी, निलेश खन्ना धर्मपत्नी गायत्री खन्ना, कुमारेश सहगल धर्मपत्नी रानी देवी, साकेत टंडन एवं धर्मपत्नी माया देवी, देवशरण नाथ टंडन धर्मपत्नी सरिता देवी, रामेश्वर खन्ना धर्मपत्नी दीपिका खन्ना, अजय नाथ टंडन एवं धर्मपत्नी चिंता देवी ने पुरोहितों पंडित नित्यानंद पाठक, निकुंज पाठक, रंजीत पाठक, अभिषेक मिश्रा तथा रविकांत मिश्रा की देखरेख में हिस्सा लिया। नगरभ्रमण के दौरान शिवजी के रूप में आदित्य देव एवं पार्वती के रूप में आयान कपूर नंदी के रूप अंश राम सहित श्रद्धालुओं ने वेद मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण में भाग लिया। महायज्ञ के दूसरे दिन आयोजकों द्वारा बताया गया कि यह तीन दिवसीय आयोजन धार्मिक अनुष्ठानों, हवन,भजन-कीर्तन और प्रवचनों से परिपूर्ण भंडारा प्रसाद वितरण के साथ आयोजित होता रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सक्रिय सदस्य पिंकु लाल खन्ना, कौशल किशोर राम, प्रीत सेठ, गौरव खन्ना, कुणाल टंडन,अमन टंडन, भूषण टंडन, हनी खन्ना, रतन खन्ना, शिवम टंडन, अभिषेक टंडन, शशांक सहगल, अकांशु खन्ना, लकी खन्ना, चंचल सहगल, संदीप टंडन, नितिन खन्ना, रौनक टंडन, सुनील सहगल, संजय राम बुजुर्ग सेवानिवृत शिक्षक बैकुंठ नाथ टंडन माखन लाल खन्ना, बैकुंठ नाथ टंडन, शारदानंद लाल खन्ना,विद्यानंद खन्ना, रामानंद खन्ना, तपेश्वर टंडन, दुर्योधन टंडन, रासबिहारी लाल खन्ना, मुरारी टंडन सहित अन्य सभी आयोजन समिति के कार्यकतार्ओं एवं श्रद्धालुओं ने पहले दिन के कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर देर शाम तक भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान का प्रसाद ग्रहण किया।

## न्यूज बॉक्स

### युवा ब्रह्मर्षि समाज के अध्यक्ष बने पंकज

**रांची।** युवा ब्रह्मर्षि समाज, धुर्वा की बैठक रविवार को सहज आनंद परिसर में हुई। इसमें सर्वसम्मति से पंकज कुमार को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। समाज के पूर्व अध्यक्ष मोती सिंह ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। सचिव राम सिंह और कोषाध्यक्ष राम राजा को बनाया गया ' बैठक में अभिषेक कुमार, अरविंद कुमार, प्रेम सागर सिंह, मनोज कुमार पांडेय, अनु राय, अरुणा सिंह व अन्य उपस्थित थे।

### हिंदपीढ़ी में हज प्रशिक्षण शिविर, हज के अरकान की जानकारी मिली

**रांची।** मिल्ली कम्युनिटी हॉल, हिंदपीढ़ी मंटू चौक में रविवार को हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें इमारत-ए-शरिया के काजी मुफ्ती अनवर कासमी ने आजमीन-ए-हज को हज के अरकान की जानकारी दी। कहा, हज अरकान इस्लाम धर्म में एक महत्वपूर्ण इबादत है। हर मुसलमान कि इच्छा होती है कि वह इस इबादत से अल्लाह तआला के करीब हो। मक्का मदीना की जियारत कर सुकून हासिल करे। उन्होंने आजमीन ए हज को हज करने की तरीका बताया। उपस्थित लोगों से मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआ करने की अपील की। मुफ्ती ने यह भी बताया कि हज के दौरान वे अपने सारे कागजात- पासपोर्ट, वीजा समेत अन्य चीजें अपने हैंड बैग में रखें। किसी तरह की परेशानी होने पर झारखंड के खादेमुल हुज्जाज(हज सेवक) से संपर्क करें। कार्यक्रम में रांची समेत आसपास के ग्रामीण इलाके के आजमीन ए हज शामिल हुए। मौके पर हाजी शमीम, हाजी निजामुद्दीन, हाजी शम्स, शाहीद अख्तर टुपलू, शाहजाद खान, मोसना खान, आदिल खान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### कोटामैपा में आंधी बारिश का कहर



**अड़की।** प्रखंड क्षेत्र के कोटा में जोरदार आंधी और बारिश ने काफी नुकसान पहुंचाया है। रविवार को लगभग 4 बजे के आसपास तेज हवा चलने से सागेर्या के कोटा गांव में मोहन सिंह मुंडा का घर का छप्पर नष्ट हो गया। पीड़ित ने बताया कि उनके पास रहने के लिए कोई और जगह नहीं है। मोहन सिंह मुंडा काफी गरीब है ऐसे में उनके पास घर की मरम्मती के लिए पैसे नहीं हैं। घर टूट जाने से वह अपने परिवार के साथ मुश्किलों का सामना कर रहे हैं और सरकार से मदद की उम्मीद कर रहे हैं। पीड़ित ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। ताकि वे अपने घर की मरम्मत करवा सकें और अपने परिवार के साथ सुरक्षित रूप से रह सकें।

### मारवाड़ी युवा मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**रांची।** रक्तदान है महादान इसी भाव को आदर्श मानते हुए मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा ने रविवार को भारतीय युवक संघ ,दुर्गा मंदिर, बकरी बाजार के परिसर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्य में मंच के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 29 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह रक्तदान शिविर नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक एवं उनकी टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे विशेष रूप से उपस्थित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच अध्यक्ष विशाल पाडिया, मंडलीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रांतीय सहायक मंत्री विकास अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विकास झाझरिया, प्रांतीय रक्तदान संयोजक पिंकेश खंडेलवाल एवं रांची शाखा के पूर्व अध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल, अमित चौधरी को पुष्प दे कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मंच रक्तदान प्रभारी युवा विष्णु अग्रवाल एवं युवा प्रवीण अग्रवाल के प्रयास एवं मंच के युवा सदस्यों की उपस्थिति और सहयोग से यह शिविर सफल हो पाया।

### कविता मनुष्यता की उच्च भूमि है : डॉ जेबी पांडेय




**रांची।** श्री साहित्य कुंज (हिंदी साहित्यिक संस्था) के छठवें वार्षिक सम्मान समारोह में बतौर मुख्य वक्ता रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय ने साहित्य के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ पांडेय ने कहा कि कविता मनुष्यता की उच्च भूमि है। कविता आचार, विचार और संस्कार की भूमि है। उन्होंने कहा कि कविता तीन वर्णों के योग से बनी है। जिसमें क अर्थात कल्पना, वि अर्थात विचार एवं ता अर्थात तालमेल। कल्पना एवं विचार का समानुपातिक भावाभिव्यक्ति कविता है। इस अवसर पर संस्था ने नवीन एवं युवा रचनाकारों को स्मृति चिन्ह,शाल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। संयोजिका डॉ मनीषा सहाय सुमन ने बतलाया कि संस्था का उद्देश्य है साहित्यिक गतिविधियों से युवा रचनाकारों को मंच देना और उनकी रचना धार्मिकता को प्रश्रय देना । इस अवसर पर संस्था की पत्रिका साहित्य -संवाहक और सांझा संकलन मेरी प्रतिनिधि कविताएं का मंचस्थ अतिथियों द्वारा लोकार्पण भी किया गया। दोनों की संपादिका डा मनीषा सहाय सुमन और प्रतिमा त्रिपाठी हैं। समारोह में रांची, जमशेदपुर, रामगढ़, बोकारो सहित अन्य स्थानों के प्रसिद्ध कवि एवं कवयित्रियां ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

### केंद्रीय गृह सचिव 25 अप्रैल को आएंगे रांची

**रांची।** केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन 25 अप्रैल को झारखंड के दौरे पर आएंगे। वे रांची में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए किए गए विशेष कार्य या पहल सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। राज्य सरकार के गृह विभाग ने इसके लिए आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। बैठक में पुलिस मुख्यालय की तरफ से भी प्रजेंटेशन दिया जाना है।

### सोनाहातू में ठनका गिरने से वृद्ध की मौत, चार घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर ठनका गिरने से एक वृद्ध की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार की शाम साढ़े चार बजे से पांच बजे के बीच की है। मृतक 65 वर्षीय रघुनाथ सिंह मुंडा मूलरूप से सिल्ली के तुइकू गांव के निवासी थे। वे जरोदा-सायाटांड़ सड़क के किनारे झोपड़ीनुमा घर में आयुर्वेदिक दवा बेचते थे। उनकी झोपड़ी में बारिश से बचने के लिए रुक तमाड़ के चड़आडीह निवासी परेश अहीर और लांदुपडीह गांव की कृष्णवती देवी भी ठनका गिरने से झुलस गई थी। सूचना मिलने पर सोनाहातू पुलिस मौके पर पहुंच पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के ओडेदारू गांव की है, जहां खपरैल घर पर ठनका गिरने से 18 वर्षीय सुकरमनी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। सीएचसी सोनाहातू में प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर किया गया है। तीसरी घटना बारेन्दा चौक पर हुई। यहां बारिश से बचने के लिए एक युवक झोपड़ीनुमा घर में खड़ा था और घर पर ठनका गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए सिंगपुर अस्पताल मुरी भेजा। घायल युवक युवराज महतो जुड़गा-लोवाडीह का है जो टाटीसिलवे से घर आ रहा था।

# खूनी दनुआ घाटी क्षेत्र को लेकर बरही विधायक ने उपायुक्त सहित केंद्रीय मंत्री को दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



● अनमोल जिंदगियों को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा उपायों को तत्काल लागू किया जाए : मनोज यादव

**बरही।** शनिवार को जीटी रोड स्थित धना घाटी क्षेत्र में 24 घंटे के अंदर छोटे बड़े 7 वाहनों के दुर्घटना से दर्जनों लोग घायल हो गए. जिसके क्रंदन और रुदन से पूरा इलाका थर्रा गया. घटना से व्यथित स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओ के तत्काल रोकथाम के लिए हजारीबाग उपायुक्त, सांसद मनीष जायसवाल सहित राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को ट्वीट कर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए ठोस निराकरण की मांग किया है. विधायक ने घटना क्षेत्र का एक्सपर्ट टीम से निरीक्षण करवाकर यथशीघ्र उचित कदम उठाने की मांग किया है. अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उन्होंने लिखा है कि हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखण्ड स्थित दनुआ घाटी में लगातार हो रहे सड़क हादसे अत्यंत चिंताजनक हैं. यह क्षेत्र दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है. स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों से आग्रह है कि इस गंभीर स्थिति पर अविलंब ध्यान दें और आवश्यक कार्रवाई करें. सुरक्षा उपायों को तत्काल लागू किया जाए ताकि अनमोल जिंदगियों को बचाया जा सके. विधायक के इस कदम का स्थानीय लोगो ने स्वागत और समर्थन करते हुए संबधित मंत्रालय व विभाग से तत्काल कारवाई की मांग किया है.



## वरिष्ठ नागरिक मंच ने महाप्रबंधक को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** वरिष्ठ नागरिक मंच भुरकुंडा के प्रतिनिधिमंडल ने मंच के अध्यक्ष अशोक कुमार चौहान के नेतृत्व में बरका सयाल के महाप्रबंधक अजय सिंह से भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने श्री सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। मंच ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्थायी कार्यालय की मांग रखी गई। जिस पर महाप्रबंधक अजय सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा कि मैं हमेशा आप लोगों के साथ हूं। यह भेंट क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सकारात्मक पहल के रूप में देखी जा रही है, जिससे भविष्य में और भी सहयोगात्मक प्रयासों की उम्मीद जताई जा रही है। प्रतिनिधिमंडल में अशोक कुमार चौहान के अलावा प्रमजीत सिंह धामी, के.पी. मुखर्जी, प्रवीर चैटर्जी, प्रवीन शर्मा, ओम प्रकाश सिंह, अशोक कुमार मिश्रा शामिल थे ।

## समाजसेवी संस्था ने गरीबों के बीच भोजन का किया वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, उदयभान डूबे, सूरज शर्मा, बारीक अंसारी, रामशरण गिरी, मुस्कान परवीन, लखन राम, मो. शाहिद ने योगदान दिया।

## स्कूटी सवार दो युवतियों के साथ बाइक सवार ने की छेड़खानी

**रामगढ़।** रामगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर स्कूटी पर सवार दो युवतियों के साथ बाइक पर सवार युवक ने छेड़खानी की।युवतियों की स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी ।गनीमत रही कि पीछे से कोई बड़ा वाहन नहीं आया। इससे दोनों युवतियों की जान बच गयी। युवक के छेड़खानी से स्कूटी पर सवार दोनों युवतियों की जान भी जा सकती थी। कुजू ओपी क्षेत्र के रतवे गांव निवासी राधा महतो अपनी सहेली बीआईटी मिश्रा, रांची निवासी अंजली महतो के साथ यूट्यूब वीडियो शूट के लिए लोकेशन देखने निकली थी। शनिवार को वे लोग हजारीबाग तक गए थे। लौटने के क्रम में मांडू से ही बाइक पर सवार युवक ने उसका पीछा करना शुरू किया। रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार ओवर ब्रिज तक युवक अपनी बाइक से पीछा करते पहुंचा। इस दौरान वह लड़कियों के साथ अश्लील हरकतें कर रहा था।

## खेल मैदान नही स्कूलों तक सिमट कर रह जाती हैं खेल प्रतिभाएं

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** बरही प्रखंड में नहीं है कोई खेल मैदान, स्कूलों तक सिमट कर रह जाती है खेल प्रतिभाएं बरही प्रतिनिधि। बरही प्रखंड में कोई खेल मैदान नहीं है। बरही के बच्चे स्कूल मैदान में अपने बलबूते क्रिकेट, फुटबॉल खेलते हैं। सरकार द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं और फिर उनकी खेल प्रतिभा का अंत हो जाता है। प्रखंड परिसर स्थित प्रखंड मैदान को ही बच्चे क्रिकेट और फुटबॉल खेलने के लिए इस्तेमाल करते हैं। लेकिन प्रखंड मैदान सार्वजनिक स्थल है। कभी सरकारी कार्यक्रम, कभी राजनीतिक दलों का कार्यक्रम और कभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों का खेल प्रभावित होता है। कई कई दिन तक मैदान में खुटे डंडे गड़े रहते हैं। मैदान में गंदगी पसर जाती है जिसकी सफाई भी खेलने वाले बच्चों को ही करना पड़ता है। बरही में खेल संघ है बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन। इसके संरक्षक हैं अब्दुल मनान वारसी। अब्दुल मनान वारसी बताते हैं कि बरही प्रखंड के साथ साथ बरही के किसी पंचायत में खेल मैदान नहीं है। शहीद पोटो हो खेल विकास योजना या सरकार के किसी खेल योजना का लाभ बरही के खिलाड़ियों को नहीं मिला है। बरही के खेल प्रेमी ही सहयोग कर बरही में अबतक खेल को जिंदा रखा है। चकुराटांड़ में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इंडोर स्टेडियम का निर्माण कराया था लेकिन बनने के साथ ही वह आंधी पानी में उजड़ गया। आज वहां अग्निशमन विभाग का कार्यालय स्थापित है। बरही के खेलप्रेमी के सहयोग और बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन की मेहनत से क्रिकेट और फुटबॉल में महिला और पुरुष खिलाड़ियों को जिला और प्रदेश स्तर तक क्रिकेट और फुटबॉल में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। अब्दुल मनान ने कहा कि बरही में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, अगर खेल मैदान उपलब्ध होता तो यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय गेम और एशियन गेम में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते।

# भारतीय सेना और झारखंड पुलिस ने संयुक्त प्रशिक्षण को बढ़ाने के लिए सिनर्जी कान्क्लेव का आयोजन

● संस्थागत तालमेल के मजबूत करने से दोनों संगठनों को राष्ट्र की अधिक प्रभावी ढंग अव सेवा करने में मदद मिलेगी: मेजर जनरल विकास भारद्वाज

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़।** मुख्यालय झारखंड और बिहार सब एरिया के तत्वाधान के तहत पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ कैंट में झारखंड पुलिस के साथ 19 अप्रैल 2025 को इंटर-एजेंसी सहयोग को गहरा करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल के तहत, एक सिनर्जी कान्क्लेव का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम दोनों बलों के बीच आपसी सूझ-बुझ, संयुक्त प्रशिक्षण पहलुओं और मधुर संबंध स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था। इस सम्मेलन में सेना और झारखंड पुलिस के प्रतिनिधि मंडल ने भाग लिया ।जिसमें दोनों बलों के सीनियर अधिकारी शामिल थे। सेना का प्रतिनिधित्व मेजर जनरल विकास भारद्वाज, वीएसएम जनरल ऑफिसर कमाँडिंग, झारखंड और बिहार सब एरिया ने किया। जबकि पुलिस का प्रतिनिधित्व अनुराग गुप्ता, महानिदेशक (डीजीपी) झारखंड पुलिस ने किया ।

मेजर जनरल विकास भारद्वाज, वीएसएम जनरल ऑफिसर कमाँडिंग, झारखंड और बिहार सब एरिया ने चर्चा के दौरान, दोनों बलों के बीच ऑपरेशनल सहयोग और संयुक्त प्रशिक्षण पहलुओं कर विशेष ज़ोर दिया। उन्होने इस तथ्य पर ज़ोर दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा कि उभरती प्रकृति के लिए एक सहयोगी और अनुकूली दृष्टिकोण कि आवश्यकता है और नियमित बातचीत, संयुक्त प्रशिक्षण मोडयूल और ज्ञान साझा करने के माध्यम से संस्थागत तालमेल के मजबूत करने से दोनों संगठनों को राष्ट्र की अधिक प्रभावी ढंग अव सेवा करने में मदद मिलेगी। उन्होने इस तथ्य पर ज़ोर दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा कि उभरती प्रकृति के लिए एक सहयोगी और अनुकूली दृष्टिकोण कि आवश्यकता है और नियमित बातचीत, संयुक्त प्रशिक्षण मोडयूल और ज्ञान साझा करने के माध्यम से संस्थागत तालमेल के मजबूत करने से दोनों संगठनों को राष्ट्र की अधिक प्रभावी ढंग अव सेवा करने में मदद मिलेगी। झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने इस तरह के आयोजनों के लिए भारतीय सेना की पहल की सराहना की और इस बात पर ज़ोर दिया कि राज्य पुलिस सैनिकों (सेवारत और सेवानृवित) द्वारा राष्ट्र के प्रति की गयी निःस्वार्थ सेवा के लिए सर्वोच्च सम्मान देती है। उन्होनें संयुक्त प्रशिक्षण संस्थानों के महत्व और पुलिस कर्मियों के लिए सेना संस्थानों के साथ आवश्यक अल्पकालिक अनुलग्नकों की संभावना को रेखांकित किया ताकि उन्हे बेहतर अनुभव प्रदान किया जा सके। उन्होने कहा कि किसी भी राज्य पुलिस अधिकारी द्वारा सैनिकों के साथ की गयी मारपीट पर गहरा अफसोस है और राज्य पुलिस ऐसे गलतकाम करने वाले अधिकारियों से तुरंत और उचित तरीके से निपटती है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति से बचने के लिए, उन्होने संयुक्त प्रशिक्षण कैप्सुल के महत्व और पुलिस कर्मियों के लिए सेना प्रशिक्षण प्रतिष्टनों के साथ कम समय के लिए संलग्न होने की संभावना को रेखांकित किया, ताकि उन्हे बेहतर अनुभव और समझ मिल सके द्य, छावनी और सैन्य स्टेशनों में कानून और व्यवस्था / यातायात प्रबंधन से संबन्धित पहलुओं पर, उन्होने सेना और राज्य पुलिस के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं का पता लगाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया जो अंततः एक अधिक सामंजस्यपूर्ण और प्रभावी सुरक्षा तंत्र में योगदान देगा । यह सम्मेलन सरकार के दो सबसे महत्वपूर्ण अंगों के बीच कार्यात्मक स्तर पर तालमेल और आपसी विश्वास और सम्मान को मजबूत करने के लिए आवश्यक प्रमुख बिन्दुओं पर विचार-विमर्श करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है और दोनों पक्षों द्वारा नियमित बातचीत को संस्थागत बनाने, साझा प्रशिक्षण अवसरों को बढ़ावा देने और एक निर्बाध संबंध बनाने के संकल्प की पुष्टि के साथ सम्पन्न हुआ।



## कोल वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के केरेडारी प्रखंड में केडी कॉल खनन परियोजना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। बीजीआर माइनिंग इंफ्रा लिमिटेड में कार्यरत 30 वर्षीय विकास कुमार राम की ओएसएल कंपनी के हाइवा की चपेट में आने से रविवार को मौत हो गई।

पांडू गांव निवासी विकास रोज की तरह अपने काम पर जा रहा था। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार हाइवा ने उसे कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, ओएसएल कंपनी के वाहन अक्सर तेज गति से चलते हैं। इस वजह से पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क जाम कर दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवा को आग के हवाले कर दिया और कोयला परिवहन कार्य को रोक दिया। उनका आरोप है कि खनन कंपनियां सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रही हैं। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई है और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। प्रशासन ने मामले की जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा और क्षेत्र में बेहतर सड़क सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

उल्लेखनीय हो कि बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड कोयला खनन के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां एनटीपीसी की कई कंपनियां खनन कार्य कर रही हैं। यह घटना एक बार फिर खनन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

## जंगली हाथियों ने दो लोगों को किया बेघर ग्रामीण भयभीत



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** बीते संध्या करीब साढ़े सात बजे भंडारों पंचायत के बेहराबाद और फिर तेतरिया भंडारों में जंगली हाथियों के उत्पात से दो घरों को नुकसान हुआ है. बेहरबाद की मसोमात कौशल्या देवी के कच्चे घर को हाथियों ने ध्वस्त कर घर में रखे समान को नष्ट कर दिया. जिससे महिला पूरी तरह बेघर हो गई है. वही तेतरिया भंडारों के अर्जुन यादव के घर पर घर पर हमला होने से मकान का खिड़की क्षतिग्रस्त हो गया. साथ ही घर में रखे आवश्यक वस्तुओं की हानी हुई है. स्थानीय मुखिया रीना देवी व पूर्व मुखिया सकलदेव यादव घटनास्थल का जायजा लेते हुए प्रखंड प्रशासन सहित वन विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग किया है. इधर हाथियों के आतंक से ग्रामीण दहशत में है. पूरी रात जागकर और आग जलाकर बिता रहे है. स्थानीय लोगो ने अतिशीघ्र उचित निराकरण की मांग किया है.

## जनता का विश्वास ही मेरी ताकत है, सेवा के लिए सदैव तत्पर हूं प्रदीप प्रसाद

**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार प्रसाद 7:00 बजे अपने सेवा कार्यालय में पहुंच गए और जनता दरबार के तहत लोगों से मुलाकात शुरू कर दी।विधायक से मिलने के लिए जैसे ही कार्यालय के द्वार खुले, देखते ही देखते लोगों की लंबी कतार लग गई। हर उम्र, हर वर्ग के लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे,किसी को पेंशन में विलंब की शिकायत थी, कोई बिजली-पानी की समस्या लेकर आया, तो कोई अपने इलाके की सड़कों की जर्जर हालत से परेशान था। विधायक श्री प्रसाद ने न केवल प्रत्येक व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनी, बल्कि कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर जनप्रतिनिधि सक्रियता का परिचय भी दिया। आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों को फोन पर निर्देशित किया तथा कुछ मामलों में व्यक्तिगत रूप से फॉलोअप करने का भरोसा भी दिया. इस दौरान कार्यालय में उपस्थित लोगों ने विधायक की कार्यशैली और समयबद्धता की सराहना की। आम जनमानस का कहना था कि ऐसे समय में जब अधिकतर नेता केवल औपचारिकता निभाते हैं, विधायक श्री प्रसाद वास्तव में जनसरोकारों को प्राथमिकता देते हुए निरंतर सक्रिय हैं।

## शादी विवाह का लग्न शुरू होते ही बढ़ गई सड़क दुर्घटनाएं

नवीन मेल संवाददाता





**हजारीबाग।** जिले में शादी विवाह का लग्न शुरू होते ही सड़क हादसे की संख्या बढ़ गई है। तेज रफ्तार और लापरवाही से सड़कें रक्त रंजित हो जा रही है। कहीं मौत तो कहीं घायल होने की सूचना मिल रही है। इससे शादी की खुशियों में ग्रहण लग जा रहा है।शनिवार को शहर के लोहसिघना थाना अंतर्गत झील के पास अहले सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक शादी-ब्याह से जुड़े इवेंट मैनेजमेंट का कार्य करते थे। शादी विवाह के काम से कहीं जा रहे थे।इस दौरान सड़क हादसा के शिकार हो गए। सड़क दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है। सड़क दुर्घटना में मृतक एक युवक विशाल लक्ष्मी सिनेप्लेक्स के सामने का निवासी था, जबकि दूसरे मृतक का नाम विशाल है।वह गिद्दी का रहनेवाला था। पुलिस को जैसे जानकारी मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया, फिर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस हृदयविदारक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वही शुक्रवार की रात टाटीझरिया मे विवाह से लौट रहे एक बेलोरो वाहन को एक भारी वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दो दिन पहले दारू थाना क्षेत्र के घाघरा में 11 हजार तार की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई थी। युवक की पहचान सदर प्रखंड के भेलवारा निवासी शाहनवाज हुसैन उर्फ शानू (22 वर्ष) मो अब्बास के रूप में की गई है।शाहनवाज़ शादी समारोह के दौरान बुधवार की रात घाघरा गांव बारात में आया था। वह छतरी लाइट लेकर चल रहा था जहाँ 11 हज़ार वोल्ट की बिजली की तार की चपेट में आने से मौत हो गई।शानू एक विद्युत सजावट टीम के साथ बारात में गया था और छतरी लाइट को थामे हुए था। जैसे ही बारात कुछ दूरी पर पहुंची, तभी एक जगह काफी नीची लटक रही हाई वोल्टेज तार छतरी से टकरा गई। देखते ही देखते शानू बुरी तरह झुलस गया। घटना रात करीब 11 बजे की है। उसे गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल हजारीबाग लाया गया।जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बीते साल लग्न में जिले के कई स्थानों पर सड़क दुर्घटना हुई थी। जिसमें आधा दर्जन लोगों की जान चली गई थी। जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे। जबकि चरही घाटी में एक बस नियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। इसमें विवाह में शामिल होने जा रहे आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। बरकट्ठा में शादी समारोह में शमिल होने जा रहे दो युवकों की मौत सड़क दुर्घटना में हो चुकी हैं।

# न्यूज बॉक्स

### विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्माजी राव का एक दिवसीय प्रवास



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में शनिवार को विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्माजी राव का एक दिवसीय प्रवास हुआ।उनका स्वागत विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा किया गया। प्रवास के दौरान श्री राव ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अवलोकन किया।उसके पश्चात आचार्यों से संवाद किए जिसमे उन्होंने आचार्यों को संबोधित करते हुए विद्या भारती के पाँच आधारभूत विषयों पर चर्चा किये साथ ही सभी आचार्यों को इन आधारभूत विषयों की सामान्य जानकारी रखने की बात कही।संस्कृति बोध परियोजना के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए इसके लक्ष्यों पर प्रकाश डालें।आचार्यों को पाठ्यपुस्तको तक सीमित नही रहने की बात कही।उन्होंने विषयों को रोचक बनाकर खेल-खेल में शिक्षा देनी की बात कही जिससे कि बच्चों को विषयों का डर खत्म हो सके।भैया बहनों को अच्छे नागरिक बनाने की बात कही। इस दौरान विद्यालय के सभी आचार्य दीदीजी उपस्थित थे।

### माता छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा अर्चना के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रामगढ़।** रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर में रविवार को वैशाख माह, पक्ष कृष्णा सप्तमी तिथि के शुभ अवसर पर पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी । पूजा अर्चना करने वाले भक्त कड़ी धूप में भी डटे रहे । श्रद्धालु अहले सुबह से ही माता के दरबार में पहुंचने लगे थे। झारखंड के अलावे बिहार, यूपी, बंगाल, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचे । विभिन्न प्रातों से मां भगवती दरबार में पूजा अर्चना आए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। लोग पूजा के लिए दामोदर-भैरवी संगम में स्नान कर हाथों में पूजा की थाली लिए अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। बारी आने पर मंदिर में प्रवेश कर मां की पूजा अर्चना उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर के पुजारी छोटू पंडा एवं सुबोध पंडा ने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति सप्तमी के दिन पूजा अर्चना करने से सूर्य देव की कृपा प्राप्त होती है. जिससे उसके जीवन में तरक़्क़ी और सुख शांति बनी रहती है. वही स्थानीय पुलिस व न्यास समिति के लोग सक्रिय दिखे, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना करने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना के बाद पंचवटी पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्रद्धालु माता की जयकारे का उद्घोष करते रहे ।

### जंगली हाथियों ने दिया दस्तक, दहशत में लोग, स्थाई समाधान की मांग

**बरही ।** वन विभाग को फिलहाल जंगली हाथियों के भगाने का कार्य से राहत नहीं मिलने वाले है. बिजैया के जंगल के बाद हाथियों के झुंड को भंडारों पंचायत के बेहराबाद जंगली क्षेत्र में देखने के दावे किए गए हैं. इसे लेकर स्थानीय ग्रामीण दहाशतजदा हैं. लोग खुद के जान माल की सुरक्षा के लिए चिंतित दिख रहे हैं। विभाग ने भी ग्रामीणों से सुरक्षित और सजग रहने की अपील किया है. साथ हीं जंगली हाथियों से सुरक्षित रहने के लिए सुरक्षा के विभिन्न नुस्खे बता रहे हैं. जो विभाग की जिम्मेवारी भी बनती है। पर हाथियों की सुरक्षा पर एक सवाल बना ही है ? क्या हाथियों के आगमन और उससे सुरक्षित करने के कोई स्थाई तरीके नही हो सकते हैं ? क्या सिर्फ हाथियों को भगा देना ही एकमात्र विकल्प है ? या विभागीय संसाधनों की कमी है ? इस दिशा में शासन और प्रशासन दोनो को स्थाई कदम उठाने की आवश्यकता है. प्रबुद्धजनों की माने तो रेस्क्यू कर हाथियों के साथ ग्रामीणों को भी सुरक्षित करने की आवश्यकता है. सैंक्चुअरी क्षेत्र होने के बाबजूद भी प्रत्येक वर्ष हाथियों का झुंड में आना विभागीय कार्यक्षमता पर सवाल खड़ा करता है. जिसकी खामियाजा की पूर्ति ग्रामीणों के जान माल की क्षति से होती है. शुक्र है कि अब तक सिर्फ हाथियों के दस्तक की खबरें है, पर यदि इसका स्थाई समाधान नहीं हुआ तो अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है. इसे गंभीरता से लेते हुए हाथियों को भगाने के स्थान पर उसे सुरक्षित क्षेत्र में पहुंचाने जैसे कार्य करने की आवश्यकता है, जहां हाथी के साथ आम जन भी पूर्ण सुरक्षित हों।



### श्री 108 श्री राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा व भागवत ज्ञान कथा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



● गोरहर ग्रामवासियों द्वारा आध्यात्मिक उत्सव का भव्य आयोजन, शामिल हुए विधायक

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर ग्रामवासियों द्वारा रविवार से श्री श्री 108 श्री राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया गया । इस निमित्त 501 महिलाएं एवं कुमारी कन्याओं ने कलश उठाया और नगर भ्रमण करते हुए टोला गजीहारा से लेकर यज्ञ स्थल शिव मंदिर,पंचायत भवन के पास कलश स्थापित किया।इस अवसर पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव,जिप सदस्य प्रतिनिधि चन्द्रकांत पाण्डेय कलश यात्रा में मुख्य रूप से शामिल हुए।वहीं विधायक ने विधिवत फीता काटकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस दिव्य आयोजन में सम्मिलित होकर उन्हें आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक दिव्यता की अनुभूति हुई। विधायक ने यज्ञ समिति के समस्त पदाधिकारियों, ग्रामवासियों एवं सभी सहयोगियों को इस भव्य एवं अनुकरणीय आयोजन हेतु शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से हमारी सनातन संस्कृति एवं परंपराओं का संरक्षण एवं संवर्धन होता है, साथ ही समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। विदित हो कि कथा वाचक छोटे सरकार एवं उनकी पत्नी की उपस्थिति में प्रवचन एवं यज्ञ का समापन किया जाएगा ।मौके पर, झामुमो कार्यकर्ता वासुदेव महतो, पंचायत समिति सदस्य लखन कुमार, वार्ड सदस्य डॉक्टर कुंज लाल प्रसाद, कालेश्वर प्रसाद के अलावा सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अनुमंडल स्तरीय स्टेडियम का 2017 में हुआ शिलान्यास निर्माण कार्य में भी नहीं हुआ शुरू

**बरही।** बरही में अनुमंडल स्तरीय स्टेडियम का शिलान्यास 2017 में हुआ था लेकिन 2025 में भी स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। विधायक मनोज यादव ने 18 मार्च को सदन में स्टेडियम निर्माण को लेकर सवाल किया कि क्या सरकार बरही में स्टेडियम का निर्माण कराना चाहती है यदि हां तो कब तक। विधायक के प्रश्न पर मंत्री ने जवाब दिया है कि वर्ष 2017-18 में अनुमंडल स्तरीय स्टेडियम निर्माण के लिए 3,15,79,900 रुपये की स्वीकृति दी गई थी। उपायुक्त, हजारीबाग ने इस निर्माण कार्य के पुनरीक्षित प्राक्कलन को 3,52,12,600 रुपये के रूप में खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग को भेजा था, लेकिन यह अब तक सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त नहीं कर सकी है। उपायुक्त, हजारीबाग से पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन की मांग की गई है। उपायुक्त से स्वीकृत प्राक्कलन प्राप्त होने के बाद सरकार बजट उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई करेगी।

# डेम में तैरते समय 19 वर्षीय युवक डूबा, शव की तलाश जारी

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** रविवार को कोलेबिरा डेम में तैरने के दौरान एक 19 वर्षीय युवक के डूब जाने की दुखद घटना सामने आई है। घटना कोलेबिरा प्रखंड के नवा टोली पंचायत अंतर्गत सारंग अपनी गांव निवासी आदित्य केरकेट्टा के पुत्र पृथ्वीराज केरकेट्टा के साथ घटी।मिली जानकारी के अनुसार पृथ्वीराज कोलेबिरा थाना परिसर स्थित मजार के जीर्णोद्धार कार्य में मजदूरी करता था। रविवार को काम से छुट्टी मिलने के बाद वह अपने एक साथी के साथ कोलेबिरा डेम नहाने चला गया। नहाने के क्रम में वह तैरते हुए डेम के दूसरे छोर की ओर जाने लगा। इसी दौरान वह गहराई में चला गया और डूब गया।घटना की जानकारी उसके साथी ने तत्काल परिजनों और कोलेबिरा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस की ओर से स्थानीय गोताखोरों की मदद ली जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक का शव बरामद नहीं हो सका था।युवक के डूबने की खबर से क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों की भारी भीड़ डेम के किनारे जुट गई है और सभी युवक की सकुशल वापसी की उम्मीद लगाए बैठे हैं।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से डेम पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की मांग की है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।फिलहाल पुलिस और गोताखोरों की टीम शव की खोजबीन में जुटी हुई है।

# चार साल से जलमीनार अधूरी छोड़ संवेदक लापता, चुवां के भरोसे ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता



**जलडेगा।** प्रखण्ड के सैकड़ों लोग आज भी दूषित पानी पीने को विवश हैं। वहीं दूसरी ओर लोगों को शुद्ध और साफ पानी मुहैया कराने की हर सरकारी कोशिश दम तोड़ चुकी है। इसका ज्वलंत उदाहरण जलडेगा प्रखंड अंतर्गत परबा पंचायत के तुरतुरी टोली से जुड़ा है। यहां जलापूर्ति के नाम पर लाखों खर्च के बाद भी लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। पिछले चार वर्षों से जलमीनार का कार्य अधर पर लटका हुआ है। यहां पीएचईडी विभाग की उदासीनता और संवेदक जय मां कंस्ट्रक्शन की लापरवाही का खामियाजा तुरतुरी टोली के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। नोवेल होरो, निमन जॉन होरो, नेलसन होरो, नमजन होरो, बसंती होरो, सुखमनी होरो, सुमंति होरो, एसरान्ति होरो, कलावती देवी आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लोग खेत बने चुवाँ का गंदा पानी पीने को मजबूर है इसके लिए उन्हें लगभग आधा किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। चार साल से बन रहे इस जलमीनार को पूरा कराने के लिए ग्रामीण प्रखंड प्रशासन, जनता दरबार सहित जय मां कंस्ट्रक्शन के मुंशी से कई बात आग्रह किया लेकिन अब तक उनकी किसी ने नहीं सुनी। जलमीनार निर्माण के नाम पर सिर्फ स्ट्रेक्चर और टंकी चढ़ाया गया है।

## कुरडेग में ईस्टर के मौके पर बिजली आपूर्ति बंद, लोगों में नाराजगी

**कुरडेग।** ईस्टर जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर भी कुरडेग प्रखंड के लोगों को बिजली आपूर्ति से वंचित रहना पड़ा। शनिवार दोपहर 3 बजे से पूरे प्रखंड क्षेत्र में बिजली गुल है, जिससे ईसाई समुदाय के लोग खासे परेशान हैं।ईस्टर को लेकर गांवों में जगह-जगह जागरण और प्रार्थना सभाओं का आयोजन हुआ लोग रातभर चर्चों में प्रार्थना के लिए गए लेकिन बिजली नहीं रहने के कारण अंधेरे में त्योहार मनाने को विवश थे। इससे न केवल धार्मिक कार्यक्रम प्रभावित हुए, बल्कि बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को भी काफी परेशानी हुई।सबसे चिंताजनक बात यह है कि बिजली विभाग के कर्मी न तो बिजली आपूर्ति बहाल करने की कोशिश किया और न ही लोगों को कोई जानकारी दे रहे हैं। फोन करने पर भी कॉल नहीं उठाया गया, जिससे लोगों में आक्रोश है।कुरडेग कैथोलिक सभा के उपाध्यक्ष जॉनसन बेक ने विभाग की इस लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि इस मामले की शिकायत बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों और स्थानीय विधायक से की जाएगी।

# पास्का पर्व पर सिमडेगा के गिरजाघरों में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पास्का (ईस्टर) पर्व के मौके पर रविवार की अहले सुबह में पारका पर्व के मौके पर जिले के सभी गिरजाघरों में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मौके पर मिस्सा पूजा के बाद लोगों को पास्का पर्व की शुभकामना दी गई। संत अन्ना मागिरजाघर में पास्का पर्व के मौके परे दो मिस्सा हुई। मिस्सा पूजा संपन्न कराते हुए विजी सह पल्ली पुरोहित फा इग्नासियूस टेटे ने कहा कि प्रभु पशु हमारे पापों के लिए कुस मृत्यु सहा और मृत्यु पर विजय पाया। ताकि उनके बहाए लहू से हम चंगे हो जाएं। प्रभु येशु का जी उठना ही खीस्तीय विश्वास का आधार है। प्रभु यीशु मनुष्य को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। उन्होंने प्रभु येशु मसीह के बताए मार्ग पर चलने की नसीहत दी। साथ ही लोगों को पास्का पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं संत अन्ना महागिरजाघर में शनिवार की देर रात पास्का जीगरण का आयोजन किया गया। पास्का जागरण बिशप निसेंट बरवा की अगुवाई में संपन्न हुआ। धर्मविधि में फा इग्नासियुस टेटे, फा एडमोन बाहा, आदि ने निशध का सहयोग किया।

## जीईएल मतावलंबियों ने अपने पूर्वजों की कब्रों में की आराधना

पास्का पर्व के मौके पर जिले के जीईएल मतावलंबी अपने-अपने क्षेत्र के सामूहिक कब्रिस्तान में अहले सुबह आयोजित आराधना समारोह में भाग लिया। पास्का पर्व के मौके पर रविवार की सुबह जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल के विभिन्न गिरजाघरों में आयोजित अनुष्ठान में भी काफी संख्या में धर्मावलंबियों ने आराधना समारोह में भाग लिया। जिले के विभिन्न कब्रिस्तान में अहले सुबह से आयोजित आराधना समारोह विभिन्न पास्टरों के द्वारा आराधना समारोह संपन्न कराया गया। मौके पर जिले के अन्य सामूहिक कब्रिस्तान में संबंधित क्षेत्र के पादरी और प्रचारकों के द्वारा अराधना की गई। जीईएल चर्च घोचोटोली में आयोजित अनुष्ठान में बोलते हुए पास्टर ने कहा कि प्रभु यीशु मनुष्य को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहूति दी और वे पुर्नजीवित हुए और लोगों को पाप से घृणा करने, दूसरों की सेवा करने के बारे में बताया। इसलिए जरुरत है हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर अपना जीवन व्यतित करना चाहिए। मौके पर काफी संख्या में मसीही धर्मावलंबी उपस्थित थे। इधर जिले के अन्य प्रखंडों में भी मसीही समुदाय के लोगो ने अपने परिजनों के कब्रों में अराधना की। ठेठईटांगर प्रखंड के बाजार टोली स्थित कब्रिस्तान में प्रार्थना संपन्न हुई। उन्होंने प्रभु यीशु के जी उठने को एक महान घटना बताते हुए कहा कि हमे यीशु के बताए गए मार्ग का अनुशरण कर लोगों की सेवा करना चाहिए।

# बानो के नव प्रतिस्थापित थाना प्रभारी से भाजपा नेताओं ने की शिष्टाचार भेंट



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नवपदस्थापित थाना प्रभारी सोनू कुमार से शिष्टाचार भेंट कर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। थाना प्रभारी ने सभी का तहे दिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी के सहयोग से बानो प्रखण्ड को अपराध मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि यदि गाँव-घर में कोई भी घटना घटती है तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा में लापरवाही न बरतें।मौके पर भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य भूषण साहू, प्रखण्ड महामंत्री फिरू बड़ाईक, महिला मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष रीना देवी, मीडिया प्रभारी धीरज गुप्ता, संयोजक अमित सोनी एवं वरिष्ठ भाजपा सदस्य गंगा सिंह उपस्थित थे। गंगा सिंह ने क्षेत्र की पूर्व घटनाओं की जानकारी दी और कहा कि अब बानो में शांति है। थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे लोगों को जागरूक करें और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्र में शांति बनाए रखें। सभी ने मिलकर क्षेत्र की कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की बात कही।

# विभिन्न गिरजाघरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया ईस्टर संडे

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** ईसाई समुदाय का सबसे पवित्र पर्व ईस्टर संडे, जिसे पास्का पर्व भी कहा जाता है, बानो प्रखंड के विभिन्न गिरजाघरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जगह-जगह मिस्सा पूजा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के लोग शामिल हुए।साहुबेड़ा स्थित आर.सी. कैथोलिक चर्च में पास्का पर्व का आयोजन धूमधाम से किया गया। समारोही मिस्सा अनुष्ठान फादर बिमल जोजो द्वारा सम्पन्न कराया गया। फादर बिमल ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवित होने से समस्त मानव जाति को पाप से मुक्ति मिली है और यही ईस्टर का मूल संदेश है। पूजा में ब्रदर जोसेफ कंडुलना, ब्रदर पियुस तोपनो, सर डोमनिक किड़ो, निर्मला होरो व मिस अलविसिया भेंगरा ने अगुवाई की। गीत संचालन की जिम्मेदारी ब्रदर जोसेफ कंडुलना ने निभाई।इस अवसर पर साहुबेड़ा पंचायत की मुखिया सुसाना जड़िया, मसीह बड़िंग, मरसेल भेंगरा, कामिल डांग सहित सैकड़ों मसीही श्रद्धालु उपस्थित रहे।वहीं, आर.सी. चर्च गिरदा में फादर भितुस जीवन केरकेट्टा ने विधिवत मिस्सा पूजा कराई। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु मसीह के चरणों में रहकर ही मनुष्य सच्चे सुख और शांति को प्राप्त कर सकता है।संत फ्रांसिस जेवियर गिरजा, जितुटोली में भी भव्य मिस्सा बलिदान का आयोजन किया गया। इस मौके पर फादर अरविंद खाखा और फादर अजित पॉल केरकेट्टा ने मिस्सा बलिदान चढ़ाया।बानो प्रखंड मुख्यालय स्थित जी.ई.एल. चर्च में भी पास्का पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। यहाँ उम्बलन तोपनो ने विनती आराधना की। इस अवसर पर पादरी सी.एस. जड़िया, कांडिदत्त विकास कंडुलना, मैकलीन लुगुन, सोफिया कोनगाडी, विश्राम बागे समेत अनेक लोग उपस्थित थे।पास्का पर्व के माध्यम से पूरे बानो क्षेत्र में शांति, भाईचारा और आध्यात्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला।

## सरकारी दर से हटकर मनचाहा भाड़ा वसूल रहे हैं दुकानदार

**कोलेबिरा।** प्रखंड मुख्यालय में बने मार्केट कॉम्प्लेक्स को सरकार को कम भाड़ा देकर कुछ लोगों द्वारा अधिक पैसे लेकर किराए पर चढ़ा दिया गया है। इससे सरकार को हर महीने राजस्व का नुकसान हो रहा है, जबकि दुकानें किराए पर देने वाले लोग बिना मेहनत के मोटी कमाई कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार, पूर्व मंत्री एनोस एक्का की पहल पर मुख्य चौक स्थित मार्केट कॉम्प्लेक्स में कुल 18 दुकानें बनाई गई थीं, जिनमें 12 बड़े और 6 छोटे दुकानें शामिल हैं। इसके बाद वर्ष 2008 में प्रखंड कार्यालय परिसर में इन दुकानों का आवंटन प्रखंड के बेरोजगारों के बीच लॉटरी के माध्यम से किया गया।प्रशासन द्वारा बड़े दुकानों के लिए 50,000 रुपये और छोटे दुकानों के लिए 30,000 रुपये की जमानत राशि निर्धारित की गई थी। वहीं मासिक किराया क्रमशः 750 रुपये और 250 रुपये तय किया गया। साथ ही हर 3 वर्षों में किराया बढ़ाने की योजना भी थी।प्रशासन का स्पष्ट निर्देश था कि आवंटित दुकानों का संचालन केवल उसी व्यक्ति द्वारा किया जाएगा।

# श्रीहरि वनवासी विकास समिति से पिथरा अंवरागुड़ी में नवीन विद्यालय का भव्य शुभारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा सिमडेगा जिला स्थित पिथरा अंवरागुड़ी में जयराम प्रपन्नाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर अंवरागुड़ी नामक एक नवीन विद्यालय का भव्य शुभारंभ किया गया।उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अमरनाथ बामलिया, विशिष्ट अतिथि प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे, गुमला विभाग के विभाग संगठन मंत्री खेदु नायक, समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं सलडेगा संकुल प्रमुख संतोष दास द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई।कार्यक्रम का विषय प्रवेश संकुल प्रमुख संतोष दास ने किया। मुख्य अतिथि अमरनाथ बामलिया ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय का शुभारंभ कर शिक्षा का अलख जगाना ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा के सपने को साकार करने जैसा है।सुभाष चंद्र दुबे ने सरस्वती शिशु मंदिर की विशेषताओं एवं श्रीहरि वनवासी विकास समिति की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। खेदु नायक ने समाज में शिशु मंदिर की आवश्यकता पर बल दिया।विद्यालय तदर्थ समिति के संयोजक पुरुषोत्तम दास ने विद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई।धन्यवाद ज्ञापन गणपत बड़ाईक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा के आचार्य, आचार्या एवं भैया-बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सिमडेगा से 18 हाजियों का जत्था हज यात्रा पर सऊदी अरब जाएगा

**सिमडेगा।** हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों के लिए अल-फलाह सोसाइटी के सम्मानित सदस्यों द्वारा समुचित सहयोग किया जा रहा है। शनिवार को सीएस डॉ. रामदेव पासवान को ज्ञापन सौंपकर हाजियों को समय पर वैक्सीन उपलब्ध कराने की मांग की गई। बताया गया कि 22 अप्रैल को सदर अस्पताल में सुबह 10 बजे से वैक्सीनेशन की व्यवस्था की गई है, जिसमें एक डॉक्टर और नर्स मौजूद रहेंगे।ज्ञापन सौंपने वालों में सोसाइटी के अध्यक्ष खुबैब शाहिद और पूर्व वार्ड पार्षद अजीमुल्लाह अंसारी शामिल थे। जानकारी के अनुसार, इस वर्ष सिमडेगा जिले से 18 हाजियों का जत्था कोलकाता होते हुए सऊदी अरब के लिए रवाना होगा। हज पर जाने वाले हाजियों में हाजी मो. फारूक, आशिया फारूक, मो. असलम अंसारी, नेइमा खातून, मोहम्मद मंजर हुसैन, नर्गिस परवीन, मोहम्मद सुफियान परवेज, जुलेखा परवीन, मोहम्मद इम्तियाज पप्पू, नूरजहां खातून, अनवरी खातून शामिल है।

## हटिया-राउरकेला रेलखंड पर चलने वाली कई ट्रेनें रद्द

**बानो।** हटिया-राउरकेला रेलखंड पर चलने वाली कई ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंडामुंडा रेलवे ट्रैक पर मरम्मत कार्य के कारण यह निर्णय लिया गया है।रद्द की गई ट्रेनों में 58659 हटिया-राउरकेला पैसेंजर ट्रेन 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक और 58660 राउरकेला-हटिया पैसेंजर ट्रेन 21 अप्रैल से 26 अप्रैल तक शामिल हैं। इसके अलावा पूरी-हटिया तपस्वनी एक्सप्रेस 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक, हटिया-पूरी एक्सप्रेस 21 अप्रैल से 26 अप्रैल तक, 18176 झारसुगड़ा-हटिया मेमो पैसेंजर ट्रेन 21 अप्रैल से 26 अप्रैल तक तथा 18175 हटिया-झारसुगड़ा मेमो पैसेंजर ट्रेन भी 21 अप्रैल से 26 अप्रैल तक रद्द रहेगी।रेल कर्मी रविकांत ठाकुर ने जानकारी दी कि राउरकेला-रांची मार्ग से होकर गुजरने वाली अन्य ट्रेनें पूर्ववत अपने निर्धारित समय पर ही संचालित होंगी। यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा से पहले संबंधित ट्रेन की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

# ईस्टर नई आशा, विश्वास और प्रेम का संचार करता है : भूषण बाड़ा



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान का यह पर्व हम सभी के जीवन में नई आशा, विश्वास और प्रेम का संचार करता है। ईस्टर केवल ईसाई समुदाय के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह पर्व हमें सिखाता है कि अंधकार चाहे जितना भी गहरा हो, अंत में प्रकाश की ही जीत होती है। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे समय में ईस्टर का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। आइए हम सब मिलकर अपने बीच प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का वातावरण बनाए रखें। यही प्रभु यीशु की सच्ची शिक्षाओं का पालन है। विधायक ने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस पर्व को आपसी मेलजोल, सेवा और करुणा के साथ मनाएं और समाज में एकजुटता की मिसाल पेश करें।

# सिमडेगा के खिलाड़ियों ने रांची में जीता सिल्वर मेडल, जिले का बढ़ाया मान

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** रांची में आयोजित फुल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में सिमडेगा जिले के दो होनहार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। इस उपलब्धि से जिले का नाम पूरे राज्य में रोशन हुआ है।प्रभाकर कुमार ने 83 किलो कैटेगरी में भाग लेते हुए स्क्वॉट में 225 किलो, बेंचप्रेस में 115 किलो और डेडलिफ्ट में 202.5 किलो सहित कुल 542.5 किलो वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं अनुज मिंज ने 67 किलो कैटेगरी में स्क्वॉट में 150 किलो, बेंचप्रेस में 100 किलो और डेडलिफ्ट में 200 किलो सहित कुल 450 किलो वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया।दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर सिमडेगा जिले में खुशी की लहर है। स्थानीय लोग और खेलप्रेमी इनकी मेहनत और समर्पण की सराहना कर रहे हैं। यह सफलता युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने का कार्य करेगी।इस प्रतियोगिता में सिमडेगा के अन्य खिलाड़ियों—उदित कुमार, अजय कुमार, रोहन मिंज और सोनू कुमार—ने भी भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए कोलेबिरा के कसरत क्लब संचालक राहुल कुमार साहू भी मौके पर उपस्थित रहे।यह उपलब्धि सिमडेगा जिले की खेल प्रतिभा और भविष्य की संभावनाओं को उजागर करती है।

# भुवनेश्वर में मजदूरी कर रहे राम जड़ी नवा टोली के मजदूर की हृदयाघात से मृत्यु

नवीन मेल संवाददाता



**बांसजोर।** बांसजोर प्रखंड के बांसजोर पंचायत अंतर्गत राम जड़ी नवा टोली निवासी मतलु समद की मृत्यु आज सुबह करीब 6 बजे भुवनेश्वर में हृदयाघात से हो गई। वे भुवनेश्वर में मजदूरी करने गए हुए थे।घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला परिषद सदस्य समरोम पॉल तोपनो ने श्रम विभाग को सूचित किया। उन्होंने बताया कि मजदूर के परिजनों को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।श्रम विभाग से सहायता प्राप्त होने के बाद मतलु समद का शव उनके गांव लाया जाएगा। जिला परिषद सदस्य ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया और सरकार से शीघ्र सहायता दिलाने का भरोसा दिया।इस दुखद घटना से गांव में शोक की लहर है। स्थानीय लोग मृतक के परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। मतलु समद एक मेहनतकश मजदूर थे और अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए बाहर काम करने गए थे।

# गुमला में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का आक्रोश प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों और हिंसक हमलों के विरोध में रविवार को गुमला में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल आक्रोश रैली निकाली गई। यह रैली बड़ाइक मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों–जशपुर रोड और मेन रोड–से होते हुए टावर चौक पर पहुंची, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने 'जय श्रीराम', 'हिंदू विरोधी सरकार मुदार्बाद' जैसे नारे लगाए और केंद्र सरकार से मांग की कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। आक्रोशित जनसमूह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की सरकार जिहादी तत्वों को संरक्षण दे रही है, और तुष्टिकरण की राजनीति के चलते हिंदू समाज को प्रताड़ित किया जा रहा है। बजरंग दल के जिला संयोजक संतोष यादव ने कहा कि बंगाल में जो घटनाएं सामने आ रही हैं, वे न केवल अमानवीय हैं बल्कि सुनियोजित षड्यंत्र की ओर भी इशारा करती हैं। उन्होंने कहा की हिंदुओं के घरों पर निशान लगाकर हमला किया जा रहा है, महिलाओं के साथ बलात्कार और बच्चों की हत्या जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। ममता बनर्जी की चुप्पी और तुष्टिकरण की राजनीति इस अत्याचार की बड़ी वजह है।

विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने कहा कि बंगाल में जिहादी मानसिकता से ग्रसित भीड़ हिंदुओं को इस्लाम कबूल करने की धमकी दे रही है। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा, ₹एक छह महीने के बच्चे को मां की गोद से छीनकर आग में फेंक दिया गया। यह न केवल क्रूरता की पराकाष्ठा है बल्कि हिंदू समाज के खिलाफ जिहादी सोच का घिनौना चेहरा भी उजागर करता है।

प्रचार-प्रसार प्रमुख अमित कुमार ने कहा कि बंगाल सरकार राज्य में पूरी तरह विफल हो चुकी है। उन्होंने केंद्र सरकार और महामहिम राष्ट्रपति से आग्रह किया कि राज्य सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। उन्होंने कहा, जब हिंदुओं के घर जल रहे होते हैं, तब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इमामों के साथ बैठक कर रही होती हैं। यह हिंदू विरोधी मानसिकता का स्पष्ट प्रमाण है।

प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष अजय सिंह राणा, विभाग मंत्री केशव चंद्र साय, सेवा प्रमुख अमन कुमार राणा, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह, नगर संयोजक बृज गोप, गौ रक्षा प्रमुख श्याम मंत्री, नगर अध्यक्ष मनोज साहू, धर्मू गोप, नितेश कुमार सिंह, कुमार शानू, पूर्णकालिक भीखेश्वर नागमणि, दीपक कुमार, अशोक यादव, दीपू सिंह, चंदन कुमार, विकास सिंह, पुष्पांग गोप, शिवम चौधरी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और सनातनी नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

रैली शांतिपूर्ण रही लेकिन जनाक्रोश स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा था। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की थी। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यदि बंगाल में हिंदुओं पर हमले नहीं रुके, तो देशभर में बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा और बंगाल में हिंदू कुंभ बुलाया जाएगा।





ममता बनर्जी का पुतला फूंका

# पुलिस ने कब्र से निकाला बच्चे का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## कुएं से शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को बगैर सूचना दिए कर दिया गया था दफन

नवीन मेल संवाददाता

**तिसरी(गिरिडीह)।** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव में शनिवार को एक पुराने कुएँ से 12 वर्षीय किशोर का संदेहास्पद अवस्था में शव बरामद किया गया। जिसके बाद आनन फानन में उस बच्चे का शव कब्र में दफन कर दिया गया। मामले की जानकारी पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस मौके पर पहुंची और कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कुएँ में डूबने से उक्त बच्चे की मौत होने की बात बताई जा रही है। जिसके बाद गांव के ही बच्चों द्वारा हो हल्ला करने पर स्थानीय लोगों ने कुएं से उसे निकाला। तो वहीं आनन फानन में पुलिस को सुचना दिए बगैर ग्रामीणों ने उसके परिजन को सूचना देकर उस बच्चे को कब्र में दफन कर दिया। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को मिलने पर थाना प्रभारी बतौर मजिस्ट्रेट बीडीओ मनीष कुमार, थाना प्रभारी रंजय कुमार, एसआई नंद जी राय और सुदर्शन बिन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहाँ दंडाधिकारी की मौजूदगी में बच्चे का शव कब्र से निकाल कर तिसरी थाना लाया गया। जहाँ से उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया गया। इस मामले पर खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि कल 11 बजे की यह घटना है, एक बच्चे के डूबने और उसको निकाल कर अंतिम संस्कार कर दिए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दंडाधिकारी की मौजूदगी में डेड बॉडी को निकालकर आगे की कारवाई की जा रही है। वहीं उन्होंने बताया कि पूछताछ के क्रम में पता चला कि गांव में स्कूल के पीछे आम का पेड़ है। वहीं बच्चे आम खा रहे थे। इसी बिच उक्त बच्चे को शौच लगा और वो बोतल लेकर पास के पुराने कुएँ से पानी निकालने गया। उस कुएँ में सीढ़ी है जिससे लोग कुएँ के भीतर घुस जाते हैं। उन्होंने कहा कि सम्भवतः वो कुआं से निकलने में असमर्थ हो गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि मामला अभी जांच के घेरे में है। जिसके बाद परिजन और गांव वाले मिलकर उस बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिए। उन्होंने इसे कानूनी रुप से गलत बताते हुए कहा कि घटना की गहराई से जांच की जा रही है। अगर कोई दोषी होगा उसपर कारवाई की जाएगी। मौके पर राहुल कुमार, नीरज कुमार सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।



# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, बाल-बाल बचे कार सवार

नवीन मेल संवाददाता

**गांडेय(गिरिडीह)।** गिरिडीह टुंडी मुख्यमार्ग के ना वा टांड़ के पास रविवार को अहले सुबह करीब आठ बजे तेज रफ्तार से आ रही कार जे एच 24 जे 2530 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हालांकि दुर्घटना से वाहन में सवार किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं लगी ग्रामीणों ने कार में सवार व्यक्तियों सुरक्षित बाहर निकाला गया मिली जानकारी के अनुसार रविवार अहले सुबह कार वाहन संख्या जे एच 24 जे 2530 धनबाद के तरफ से आ रहे थे इसी बीच गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के टुंडी गिरिडीह मुख्यमार्ग के नावाटांड़ के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना ताराटांड़ पुलिस को दी सूचना पाकर ताराटांड़ पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और घटना की जानकारी ली



# वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**गांडेय (गिरिडीह)।** धनबाद जिले की पुलिस ने रविवार को अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के जामजोरी गांव मे एक आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया । धनबाद जिले के सरायढेला थाना के पुलिस अहिल्यापुर पुलिस के सहयोग से जामजोरी गांव पहुंची और ढोल बजाते हुए समद अंसारी के घर में न्यायलय से जारी इश्तेहार को चिपकाया । जबकि आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाने के बाद आरोपी के परिवारिक सदस्य भी सकते में आ गए । इस विषय में अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गौस हुस्सानी ने कहा कि बीते वर्ष 2019 में सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित बैंक आफ इंडिया में डकैती हुई थी । उक्त मामले में समद अंसारी को आरोपी बनाया गया है । पुलिस ने कांड संख्या 40/19 के तहत समद अंसारी पर धारा 395/397 के तहत मामला दर्ज किया था । घटना के लगभग 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी आरोपी ने आत्मसमर्पण नहीं किया पुनः न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया गया है ।

आरोपी इश्तेहार चिपकाने के बाद भी आत्मसमर्पण नहीं करता है , तब उसके घर में कुर्की जब्ती की जाएगी ।

मौके पर सरायढेला थाना के एएसआई मो अकबर अहमद खान , सहित अहिल्यापुर थाना की पुलिस बल उपस्थित थीं ।



# दस दिन से लापता महिला का मिला शव, हत्या की आशंका

नवीन मेल संवाददाता

**गिरीडीह।** झारखंड के गिरीडीह जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र के आने वाले निमापहड़ी गाँव स्थित एक कुएं से एक महिला का शव बरामद हुआ है, बताया जा रहा है की सुबह में लोग शौच के लिए लोग उधर गये थे, लेकिन अचानक से बदबू आने लगी जिसके बाद जाकर कुए में देखा तो एक महिला का कुआँ में तेरता दिखाई दिया जिसके बाद हो हल्ला किया जिसके बाद देखते ही देखते ग्रामीणों भीड़ उमड़ पड़ी और ग्रामीणों ने हीरोडीह थाना पुलिस को जानकारी दी जिसके बाद पुलिस घटना स्थल निमापहड़ी पहुंची और शव को ग्रामीणों के सहयोगी से कुआँ से निकले और पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सादर अस्पताल भेज दिया गया, वहीं ग्रामीणों ने मृतिका की पहचान रतनपुरा निवासी 30वर्षीय रीना देवी के रूप में की गई है,वहीं मृतिका रीना देवी के तीन बच्चे भी है, वहीं ग्रामीणों ने बताया की है महिला एक सप्ताह से लापता थी, परिजनों ने काफी खोजबिन की लेकिन महिला की कोई सुराग नही मिला, जिसके बाद परिवार वालो ने हीरोडीह थाना में आवेदन दिया, आवेदन के आधार पर पुलिस जाँच पड़ताल में जुट गई थी।



# भक्ति-भाव, भजन और श्री रामकथा के साथ भदौली में श्री श्री 1008 श्री हरिहर महायज्ञ का भव्य समापन

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड के भदौली गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हरिहर महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का समापन शनिवार को हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक माहौल में हुआ।

महायज्ञ के अंतिम दिन कथा वाचिका सुश्री वीणा मिश्रा के मधुर वाणी में भगवान श्रीराम के बाल्यकाल से लेकर संपूर्ण रामायण की कथा का रसपान श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर किया। कथा के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक भजनों व आरती में झूमते रहे।

भक्ति भाव से ओतप्रोत श्रद्धालुओं ने कथा वाचिका को वस्त्र एवं धन का भेंट कर सम्मानित किया। यज्ञ के समापन अवसर पर हवन, पूजन, आरती एवं पूणार्हुति की गई, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। कथा वाचिका वीणा मिश्रा ने अपने प्रवचनों में राम नाम की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा की रामायण केवल कथा नहीं, जीवन को दिशा देने वाला ग्रंथ है। यदि जीवन में संकट या दुख है, तो राम नाम का जप करें, सब समाधान मिलेगा

मंडा पूजा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा का व्यवस्था किया गया था। सभी श्रद्धालु भंडारा का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने।

आचार्य सुर्यनारायण पाठक के मार्गदर्शन में अयोध्या से पधारे विद्वान पुरोहितों आचार्य शैलेन्द्र मिश्रा, आचार्य अवनीश पाठक जी के द्वारा महायज्ञ को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष राजेश उरांव, उपाध्यक्षगण सचिन सिंह, किशन सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, गोपाल सिंह, सचिव रामानन्द सिंह, सह - सचिव शुभम किशोर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात साहू, उप - कोषाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, सौरभ सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार चटर्जी, सुरेन्द्र जयसवाल, निरंजन सिंह, पूजा प्रभारी विकास कुमार पंडा, राहुल सिंह। संरक्षक मंडल राधे किशोर सिंह,अरुण नारायण सिंह, राजकुमार पौराणिक, अरुण किशोर सिंह, राजकिशोर सोनी, बाबूलाल सिंह, निरंजन सिंह। कार्यकारणी सदस्यगण अंकित कुमार सिंह, आर्यन सिंह, प्रिंस कुमार, आदर्श राज सिंह, अंशु सिंह, अनिल पंडा, राजन गोप, सुरेन्द्र गोप, सुजल सिंह, मोहित सिंह, अरविंद सिंह, छोटू गोप, रोहित सिंह, शिवम सिंह, करण सिंह, अंकित पंडा, अविनाश सिंह, विश्वनाथ सिंह, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के प्रखण्ड स्तरीय कार्यकर्ता पंकज साहू, रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव एवं ग्रामवासियों की अहम भूमिका रही। समापन के उपरांत रविवार को यज्ञस्थल में स्थापित भगवान श्री हरिनारायण की प्रतिमा एवं शिवलिंग का भक्ति भाव के साथ विसर्जन किया गया।





# इटकीरी चौक में मोटरसाइकिल दुर्घटना ग्रस्त, तीन युवक गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के इटकीरी चौक के पास एक गंभीर सड़क हादसे में तीन युवक घायल हो गए। मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिरने से हुई इस घटना में हापामुनी गांव निवासी छोटेलाल उरांव, किरण उरांव और नवाडीह निवासी विकास उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घाघरा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।



**घर लौटते वक्त हुआ हादसा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों युवक नवाडीह गांव से अपने घर हापामुनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर लौट रहे थे। इसी दौरान इटकीरी चौक के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी, जिससे तीनों को गंभीर चोटें आईं।

**स्थानीयों ने उठाई ब्रेकर निर्माण की मांग**

इटकीरी चौक पर आए दिन हो रहे हादसों को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से ब्रेकर निर्माण की मांग की है। ब्रेकर नहीं होने से चालकों को चौक का अंदाजा नहीं लगता, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। घटना स्थल पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के चालक ने बताया कि घायल युवकों को वाहन में लोड करने के क्रम में एक अज्ञात बोलेरो वाहन ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी, जिससे एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गया।

### गुमला में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैंकर्स बैठक

# केसीसी समेत विभिन्न योजनाओं की हुई गहन समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले में संचालित विभिन्न सरकारी बैंकिंग योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर उप विकास आयुक्त श्री दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक, खरछढर के प्रतिनिधि, जिला उद्यमी समन्वयक, कृषि, पशुपालन, उद्यान एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की कार्यप्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों और बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाए और निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप योजनाओं को आगे बढ़ाया जाए।



विशेष रूप से केसीसी योजना की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि जिन लाभुकों का केवाईसी लंबित है, उसे शीघ्र पूर्ण कराया जाए ताकि किसान ऋण सुविधा का लाभ समय पर उठा सकें। उन्होंने ढटएऋद्ध और ढटऋ्रए के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे पर भी जोर दिया।

समीक्षा के दौरान पशुपालन, कृषि, उद्यान एवं मत्स्य विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और आजीविका को सशक्त किया जा सके। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु समन्वय के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया।

# वक्फ कानून 2025 के जरिए मुसलमानों की जमीन छीनने और दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने की संगठित और कुत्सित प्रयासः अब्दुल अंसारी

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** वक्फ कानून 2025 के विरोध में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के तत्वावधान में तथा सदर अब्दुल रउफ अंसारी की सदारत में रविवार को खादगढ़ा मैरेज हॉल में सभी देही अंजुमन सदर व सेक्रेटरी, जिले के सभी मस्जिद के इमामों और उलमाएकराम की संयुक्त इजलास हुई। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने मजलिस के सामने एजेंडा रखा जिसमें वक्फ कानून 2025 के विरोध में आंदोलन, समाज में फैल रहे जुआ, शराब और नशाखोरी से मुस्लिम नौजवानों को बचाना, मुस्लिम लड़कियों और औरतों को गैरों से बचाना आदि शामिल थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार वक्फ कानून के जरिए मुसलमानों की जमीन छीनने और मुस्लिमों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का संगठित और कुत्सित प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अंजुमन इस्लामिया के बैठकों में लिए गए निर्णय के मुताबिक आगामी 25 अप्रैल को बाद नमाज जुम्मा जामा मस्जिद से पावरगंज मस्जिद तक मानव श्रृंखला बना कर वक्फ कानून 2025 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 30 अप्रैल की रात नौ से रात 10 बजे तक ब्लैक आउट किया जाएगा।



अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू व नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बारूल अंसारी ने संयुक्त रूप से इजाल में आए मेहमानों का स्वागत किया, जबकि पूर्व सदर हाजी शउद आलम, नाइब सदर हाजी नईम खान, सहचिव अनवर अंसारी, कोषाध्यक्ष सैयद फिरोज शाह, फारूक कुरैशी, इरशाद आलम, आदि ने मेहमानों के लिए ताम की व्यवस्था संभाली। मंच संचालन नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, धन्यवाद ज्ञापन सहसचिव अल्ताफ कुरैशी ने किया। इजलास को संबोधित करने वालों में मुफ्ती सद्दाम हुसैन, मुफ्ती उमर फारूक (काजी ए शरीयत दारूल कजा लोहरदगा), जामा मस्जिद के इमाम कारी शमीम रिजवी, मोती मस्जिद के इमाम मौलाना मिन्हाज कासमी, मौलाना जाकिर हुसैन, मस्जिद ए बलाल के इमाम मौलाना अब्दुल हमीद, बंगले वाली मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुल रउफ, अंजुमन इस्लामिया रांची के सेक्रेटरी तारीक अनवर, झारखंड के संयोजक जुनैद अहमद, अंजुमन इस्लामिया मजलिस ए अम्मा के नाजिम हाजी अब्दुल जब्बारूल अंसारी, झामुमो के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद, अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सदर हाजी शकील अहमद, पूर्व सचिव हाजी सज्जाद खान, भंडरा प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सदर आफताब आलम, कैरो प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सचिव समीद अंसारी, सेन्हा प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सदर इमरान आजाद, कुडू के मौलाना यासीन अहमद, किस्को प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के मोहिबुल्ला अंसारी आदि ने शामिल थे। वक्ताओं ने कहा कि वक्फ इस्लामी कानून का एक मौलिक हिस्सा है, जो कुरान और हदीस (पैगंबर मोहम्मद की शिक्षाओं) से लिया गया है और यह अन्य दूसरी इबादत की तरह एक धार्मिक कार्य है।

# एनएच 23 पर ट्रेलर की टक्कर से वृद्ध की हुई मौत

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के जुरा गांव के पास रविवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क पार कर रहे एक वृद्ध को कुचल दिया। हादसे के बाद चालक ट्रेलर समेत फरार हो गया, लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर वाहन को पकड़ लिया और चालक को बंधक बना लिया। मृतक की पहचान फेकू उरांव (65 वर्ष), निवासी दुम्बो पीपरटोली के रूप में हुई है। वे जुरा बाजार से पैदल अपने घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रहे ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने गंभीर रूप से घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया, जहां से उन्हें सदर अस्पताल गुमला रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वृद्ध की मौत की खबर सुनकर परिजन शव को अस्पताल ले जाने की बजाय सीधे घर ले आए और पोस्टमार्टम से इनकार करने लगे।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

ओशो प्रेम को जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू मानते थे। उनके अनुसार, प्रेम एक ऐसी ऊर्जा है जो व्यक्ति को सत्य और आनंद की ओर ले जाती है। **- ओशो**

## संपादकीय

# ट्रंप टैरिफ और अर्थव्यवस्था

ट्रंप 2.0 के तहत टैरिफ ने परिचितों को भी अनजान बना दिया है। यह कुछ अर्थों में वैश्वीकरण का अंत और अनिश्चितता की शुरुआत है। स्टैंजास फ्रॉम द ग्रांडे चार्ट्रूज गीत में मैथ्यू अर्नोल्ड के शब्दों को संक्षेप में कहें, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था दो दुनियाओं के बीच भटक रही है, एक मृत और दूसरी अभी पैदा होने वाली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फिर से अमेरिका को महान बनाने के नारे के साथ सत्ता में आए। उन्होंने कहा, 'अमेरिका को लूटा गया। अब हमारी बारी है।' ताकत के इस प्रदर्शन ने अमेरिका के दोस्तों एवं दुश्मनों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या इस पर भरोसा किया जा सकता है। उनका एकमात्र ध्यान 290 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के आकार का लाभ उठाकर अमेरिका को फिर से स्थापित करने के लिए सौदे करना रहा है, तो अब तक ट्रंपोनॉमिक्स का प्रदर्शन कैसा रहा है? नीतियों के आने और उसके प्रभाव का आकलन करने के लिए बेहतर संदर्भ बिंदु 20 जनवरी होगा।मुद्रा की मजबूती, सॉवरेन बॉन्ड का मूल्य और बाजारों का प्रदर्शन ट्रंपोनॉमिक्स के प्रदर्शन के विश्वसनीय संकेतक हैं। 20 जनवरी को, डॉलर इंडेक्स, जो अमेरिकी मुद्रा की ताकत का प्रतीक है, 109.35 पर था, जो अमेरिकी असाधारणता को दर्शाता है। इस सप्ताह यह 99.64 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर अब अपने प्रमुख व्यापारिक साझेदारों-यूरो और येन की मुद्राओं के मुकाबले कमजोर है। बेंचमार्क एस एंड पी-500 बीते 21 जनवरी को 6,049 पर था, जो इस हफ्ते व्हाइट हाउस से सुलह के संकेत के बावजूद 5,405 पर आ गया। नैस्डैक 100, इसी अवधि में 21,566 से 12 प्रतिशत गिरकर 18,796 पर आ गया। बाजार विशेषज्ञ चिंतित हैं, क्योंकि शेयर और डॉलर में एक ही समय गिरावट दुर्लभ है। सूचकांकों में अचानक आई गिरावट खतरनाक रुख और टैरिफ नीति में उतार-चढ़ाव को दर्शाती है। चीन के लिए टैरिफ एक हफ्ते के भीतर 54 से 104 फीसदी और फिर 245 फीसदी तक पहुंच गया। हैरानी नहीं कि शी जिनपिंग प्रशासन, जिसने अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाकर 125 फीसदी कर दिया, ने ट्रंप का मजाक उड़ाया। वास्तव में, टैरिफ पर 90 दिनों की रोक और वस्तुओं के लिए मनमानी छूट ने धारणाओं को और खराब कर दिया है। ट्रंप का मानना है कि टैरिफ शब्दकोश का सबसे सुंदर शब्द है और उन्होंने इसे दुनिया से अमेरिकी जुड़ाव का केंद्र बिंदु बना दिया है। इसके पीछे की विचित्र धारणाओं और गणित ने व्यापार विशेषज्ञों को भ्रमित कर दिया है। जरा लेसोथो पर विचार कीजिए, जिसके बारे में ट्रंप ने कहा था कि वह अमेरिका पर 99 फीसदी शुल्क लगाता है, अब उस पर 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया गया है। यह देश अमेरिका को लगभग 23.5 करोड़ डॉलर का सामान निर्यात करता है और मुश्किल से 28 लाख डॉलर का सामान आयात करता है। 23 लाख लोगों वाला यह छोटा-सा देश, जिसकी प्रति व्यक्ति आय 1,100 डॉलर है, इस असंतुलन को कैसे ठीक कर सकता है? अधिक खरीदकर या कम बेचकर? टैरिफ नीति के दृष्टिकोण (दोस्त और दुश्मन सब पर एक समान निशाना साधना) और इसके प्रभाव ने बाजारों और बाजार संचालकों को हिलाकर रख दिया है।

*ट्रंप का मानना है कि टैरिफ शब्दकोश का सबसे सुंदर शब्द है और उन्होंने इसे दुनिया से अमेरिकी जुड़ाव का केंद्र बिंदु बना दिया है। इसके पीछे की विचित्र धारणाओं और गणित ने व्यापार विशेषज्ञों को भ्रमित कर दिया है।*

# ए भाई, जरा देख कर चलो



आज की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

"ए भाई, ज़रा देख कर चलो" यह केवल एक फिल्मी गीत नहीं, बल्कि जीवन की एक गंभीर और सार्थक चेतावनी है। यह पंक्ति हमें अपने जीवन के हर पहलू में सजग रहने, सतर्क रहने और संतुलन बनाए रखने का संदेश देती है। देखने का अर्थ यहां केवल आंखों से देखना नहीं है, बल्कि जीवन को समझने, महसूस करने और सही दिशा में आगे बढ़ने का प्रतीक है।

हर यात्रा की शुरुआत स्वयं से होती है। जब हम कहते हैं "देख कर चलो", तो सबसे पहले यह ज़रूरी है कि हम अपने भीतर झांकें। हमारी सोच, भावनाएं, इरादे, और व्यवहार क्या ये हमें सही दिशा में ले जा रहे हैं? आत्मनिरीक्षण से ही हम अपने दोषों को पहचान सकते हैं और सुधार की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। बिना आत्मदृष्टि के हम जीवन की भीड़ में खो सकते है। चलते समय यदि हम सिर्फ सामने देखें और दाएं-बाएं, ऊपर-नीचे, पीछे न देखें, तो हम किसी दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं। हम जब सड़क पर होते हैं, तो सबसे पहले हमें अपनी और दूसरों की सुरक्षा की चिंता करनी होती है। बगैर देखे चलना केवल खुद के लिए नहीं, दूसरों के लिए भी खतरा है। तेज़ रफ्तार, मोबाइल में डूबा ध्यान, कानों में ईयरफोन लगाए व्यक्ति ऐसे लोग "चलते तो हैं", लेकिन "देखते नहीं हैं", और यही दुर्घटना का कारण बनता है। यह उदाहरण प्रतीक है कि अगर हम जीवन में बिना सजगता के आगे बढ़ते हैं, तो हम न केवल खुद को, बल्कि समाज को भी खतरे में डालते हैं। यही बात हमारे सामाजिक जीवन पर भी लागू होती है। हमें अपने आस-पास के लोगों की भावनाओं, परिस्थितियों और प्रतिक्रियाओं के प्रति सजग रहना चाहिए। यह सजगता ही हमें मानवीय बनाती है और समाज के साथ सामंजस्य स्थापित करने में सहायता करती है। क्या हम समाज की उस परछाई को देख पा रहे हैं जहाँ कोई भूखा है, कोई बेसहारा, कोई शोषित है? क्या हम उन स्त्रियों की पीड़ा देख पा रहे हैं जिन्हें आज भी अधिकारों के लिए लड़ना पड़ता है? क्या हम उन बच्चों की ओर देख रहे हैं जो शिक्षा से वंचित हैं? "देख कर चलो" का अर्थ है। अपने विशेषाधिकारों के चश्मे को उतारकर समाज की सच्चाई को देखना और उसमें सुधार के लिए प्रयास करना हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। अकेला न तो वह जीवन जी सकता है, न ही आगे बढ़ सकता है। इसलिए चलते समय हमें समाज की दिशा भी देखनी चाहिए, क्या समाज में असमानता है? क्या कोई पीछे छूट रहा है? क्या हमारी प्रगति किसी और के अधिकारों का हनन तो नहीं कर रही? चलना सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, सामूहिक प्रक्रिया है। सबको साथ लेकर चलना ही सच्चे नागरिक और संवेदनशील मनुष्य की पहचान है। घर में माता-पिता, बच्चे, पति-पत्नी, भाई-बहन सभी की सोच अलग हो सकती है, पर सामंजस्य से चलने पर ही परिवार सुखी रह सकता है। हम कई बार इतनी तेज़ दौड़ में लग जाते हैं कि अपने परिवार की भावनाओं को देखना ही भूल जाते हैं। बच्चे की खामोशी को, माता-पिता की चिंता को, जीवनसाथी की व्यथा को, बुज़ुर्गों की मौन प्रार्थना को हम देख नहीं पाते।"देख कर चलो" का अर्थ है, अपने संबंधों की ओर भी देखना, समझना, महसूस करना और साथ चलना। जीवन में गति आवश्यक है। बिना गति के हम आगे नहीं बढ़ सकते। लेकिन अंधी गति दुर्घटना को जन्म देती है। इसलिए चलना ज़रूरी है लेकिन देख कर। ठीक वैसे ही जैसे घोड़ा तेज़ दौड़ता है, पर उसे आंखों के पास पट्टी बाँधी जाती है ताकि वह एकाग्र रहे और दुर्घटना से बच सके। इंसान को ऐसी पट्टी नहीं चाहिए, उसे चाहिए विवेक, सजगता और संतुलन। आधुनिक जीवन की आपाधापी में हम बाहरी तौर पर मुस्कराते हैं, लेकिन भीतर टूटते रहते हैं। खुद को देखना अपने मानसिक स्वास्थ्य को पहचानना, स्वीकार करना और उपचार की दिशा में बढ़ना, यह भी एक सजग दृष्टि का हिस्सा है। साथ ही, दूसरों की भी चुप्पी को सुनना, उनके दुःख को समझना, यह सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण का विस्तार है। अगर आप किसी संस्थान के प्रमुख हैं, तो आपकी दृष्टि केवल लक्ष्य पर नहीं, अपने साथियों पर भी होनी चाहिए। कर्मचारी का मनोबल, टीम का तालमेल, सबका योगदान यह सब 'देख कर चलने' से ही संभव होता है। और अगर आप कर्मचारी हैं, तो यह देखना आवश्यक है कि आपका कार्य संस्था की छवि को कैसे प्रभावित कर रहा है। देखना केवल अपनी कुर्सी से नहीं, हर कोण से होना चाहिए। ऑफिस में अधिकारी और कर्मचारी का दृष्टिकोण भिन्न हो सकता है, पर आपसी समझ और सहयोग से संस्था का विकास संभव है। देख कर चलने का अर्थ है, दूसरों के दृष्टिकोण को समझना और अपनी गति उसी अनुसार समायोजित करना। जीवन एक यात्रा है, और हर व्यक्ति एक यात्री। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से देखना है कि यह यात्रा सिर्फ भौतिक नहीं, आत्मिक भी है। जब हम कहते हैं कि "देख कर चलो", तो इसका तात्पर्य यह भी है कि हम अपने कर्मों को देखें, अपने उद्देश्य को देखें और ईश्वर के मार्गदर्शन में चलें। जैसे तालाब का पानी रुककर सड़ जाता है, वैसे ही जो जीवन में थम जाता है, वह विकास से वंचित हो जाता है। अतः निरंतर चलना आवश्यक है, लेकिन दिशा और सजगता के साथ। "देख कर चलो" एक आध्यात्मिक आह्वान भी है, 'जागो! देखो! पहचानो!' हमारे ग्रंथों में "नेति नेति" की अवधारणा है। यानी जो दिख रहा है, वह अंतिम नहीं है, उससे परे भी कुछ है। हम जब ध्यान, आत्मचिंतन और साधना के मार्ग पर चलते हैं, तो हमें खुद के भीतर छिपे 'सत्य' को देखने की शक्ति मिलती है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखना हमें जीवन की क्षणभंगुरता, मृत्यु की अपरिहार्यता और आत्मा की अनंतता का बोध कराता है। आज जब हम तेज़ी से डिजिटल युग की ओर बढ़ रहे हैं, तो "देख कर चलना" और भी ज़रूरी हो गया है। सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रिएलिटी इन सबके बीच हमें यह देखना है कि क्या हम असली जीवन से दूर तो नहीं हो रहे? क्या हम तकनीक का गुलाम तो नहीं बनते जा रहे? निष्कर्षतः "ए भाई, ज़रा देख कर चलो" एक चेतावनी है, एक प्रेरणा है, और एक मार्गदर्शन भी। यह हमें कहती है कि आंखें खोलो मन की भी और आत्मा की भी। सिर्फ अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए भी सोचो। जीवन की गाड़ी को अकेले नहीं, सबको साथ लेकर चलाना है। तभी जीवन सुखमय, समाज समृद्ध और आत्मा शांत होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बीमारी से बड़ी चुनौती

# बाजार में बिकती जानलेवा दवाएं

***जब इलाज ही बन जाए मौत का कारण: घटिया दवाओं का खेल - कौन जिम्मेदार?***

देश की बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

दवा वो अमृत है जो जीवन को संवारती है, बीमारी को हराती है, और इंसान को नई उम्मीद देती है। लेकिन जब यही दवा ज़हर बन जाए, जब इलाज की जगह मौत का सबब बनने लगे, तो यह न केवल स्वास्थ्य प्रणाली पर सवाल उठाता है, बल्कि समाज के हर उस हिस्से को झकझोरता है जो मानव जीवन की रक्षा का दावा करता है। भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले ही सीमित संसाधनों और असीमित चुनौतियों के बीच जूझ रही हैं, वहां खतरनाक और घटिया दवाओं का बाजार में बिकना एक राष्ट्रीय संकट से कम नहीं है। हाल ही में सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ - केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन) द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को "सब-स्टैंडर्ड" दवाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश इस बात का स्पष्ट संकेत है कि हमारी दवा प्रणाली में गहरी खामियां मौजूद हैं। यह एक चेतावनी है—न केवल सरकार और दवा कंपनियों के लिए, बल्कि हर उस व्यक्ति के लिए जो अपनी सेहत के लिए दवाओं पर निर्भर है। भारत, विश्व का दवा उत्पादन और निर्यात का सिरमौर, एक ऐसी महाशक्ति है जो लाखों जिंदगियों को बेहतर बनाने का दम रखता है। लेकिन इस सुनहरी उपलब्धि पर उस वक्त ग्रहण लग जाता है, जब नकली, घटिया और जानलेवा दवाएं बाजारों में बेरोकटोक बिकती हैं। मुनाफे की अंधी होड़ में कुछ दवा कंपनियां गुणवत्ता को ताक पर रख देती हैं, जिसका खामियाजा मासूम मरीजों को भुगतना पड़ता है। खासतौर पर 'फिक्स्ड डोज़ कॉम्बिनेशन' (एफडीसी) दवाएं, जिनमें दो या अधिक दवाओं का मिश्रण होता है, बिना ठोस वैज्ञानिक आधार और दीर्घकालिक प्रभाव की जांच के खतरनाक साबित हो सकती हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की जांच ने कई दर्द निवारक, एंटीबायोटिक्स और एंटीएलर्जिक दवाओं को मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक ठहराया है। फिर भी, ये दवाएं धड़ल्ले से बाजार में बिकती रहीं, और अनगिनत लोग अनजाने में इनका शिकार बने। हाल ही में सर्दी, जुकाम, दर्द और संक्रमण के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कई दवाएं प्रयोगशाला परीक्षणों में फेल पाई गईं। यह सिर्फ एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश को जकड़ चुके एक गंभीर संकट की भयावह तस्वीर है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।**

# वैवाहिक समारोह : प्रीति भोज में विलुप्त होती प्रीति का अस्तित्व

आपकी बात



**केदारनाथ दास**

अभी मौसम शादी विवाह का चल रहा है। लगन भरपूर है और आम से लेकर खास लोग न्यौता, प्रीति भोज व वैवाहिक उत्सव में व्यस्त हैं। उत्सव की यह व्यवस्था हमारे सामाजिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने के साथ साथ पारंपरिक तौर पर शत प्रतिशत सेक्युलर भी रहा है। यह सेक्युलर इसलिए भी रहा है क्योंकि कम से कम झारखंड की संस्कृति में सक्रिय जाति व बहुधार्मिक सहअस्तित्व के तमाम विवादों के बीच सदियों से यह एक ऐसा उत्सव बना रहा जहाँ न्यौता के दायरे में हर कोई शामिल था।


उल्लेखनीय है कि किसी भी वैवाहिक समारोह में उत्सव की शुरुआत न्यौता से ही हो जाती है। आज जमाना बदल गया है तो उत्सव के उत्साह में भी बदलाव आया है और वैवाहिक समारोहों में भी ग्लोबलाइजेशन का प्रत्यक्ष प्रभाव देखने को मिल रहा है। इस बदलाव में अब न्यौते का स्वरूप बदल गया है और हम उस पीढ़ी में प्रवेश कर चुके हैं जिसने कभी साबुत सुपाड़ी, हल्दी से सरोबार चावल व कुछ गुड़ या देशी मिठाई की सजीव आत्मीयता का दौर देखा है। न्यौते का यह संदर्भ आज लगभग मृतप्राय हो चुका है और इसके परित्याग के साथ हमने रंग बिरंगे कार्डों से रिश्ते जोड़कर पूरे उत्सव को रंगीन बनाने में विश्वास करने लगे हैं। निसंदेह बदलाव का संदर्भ मानव जीवन की एक शाश्वत प्रवृत्ति रही है। ऐसे में अब हम कार्डों की इस रंगीनियत से बाहर निकलकर डिजीटल हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि हल्दी चावल से डिजिटलीकरण की ओर जा रही न्यौते की यह यात्रा सहज सरल नहीं रही है। आज इस न्यौते के यात्रा मार्ग को तलाशने निकलें तो एक वैवाहिक समारोह में वह सबकुछ दिखाई पड़ेगा जिसकी कभी हमने कल्पना भी नहीं की थी। यह कल का ही तो दौर था जब हमारे लिए किसी भी वैवाहिक उत्सव का उत्कर्ष उसके "भोज" में संलिप्त रहा करता था। आज जमाना बदल गया है और हम आधुनिक बन गए हैं तो बदले हुए इस दौर में अब रंग बिरंगे परन्तु निर्जीव से कार्ड ने हमें "प्रीति भोज" की एक नई अवधारणा से परिचित कराने का काम कर दिया। याद करें कि जबतक हल्दी चावल का अस्तित्व सक्रिय था तो भोज कभी भी विवादित नहीं हुआ करता था क्योंकि न्यौते का स्वरूप व्यक्तिगत सह संबंध पर आश्रित था। घर में शादी है तो न्यौते की पहुंच तमाम रिश्तेदारों व परिचितों की चौखट तक थी और मेजबान के चौखट में न्यौता खुद मेहमान बनकर सामने हुआ करता था। यहाँ भरपूर स्वागत था, मान सम्मान था, आत्मीयता भरपूर थी और पैदा होते ही संभावित विवादों के निपटारे का मुक्कमल बंदोबस्त भी था। कालांतर में हम रंगीन होते चले गए तो तमाम शेरो शायरी व आकांक्षी दर्शनाभिलाषी जैसे भारी भरकम शब्दों की आत्मीयता के बीच वह तत्व गायब होता चला गया जो गर्व से सीना चौड़ा करके निर्धारित नेग, रस्म और भोज में अपनापन का अनुभव करा जाता था। कार्ड का यह दौर अभी भी समाप्त नहीं हुआ है जब व्यक्तिगत सहअस्तित्व व आत्मीय संबंध को कुरियर सेवा, पोस्ट ऑफिस व किसी यात्री बस के ड्राइवर के भरोसे डालकर आयोजित होने वाले "भोज" में हम "प्रीति" की तलाश करते नजर आने लगे हैं। यह सही है कि विगत कुछ एक तरफ दशकों में सुविधाओं का अतिरिक्त विस्तार तो हुआ है परन्तु जीवन में अत्यधिक गति भी आ गई है। इस गति के कारण साधन, मेन्यू, श्रृंगार, लाईट, टेंट, डीजे आदि सुविधाओं का भरपूर विस्तार हुआ है तो प्रीति भोज में शामिल होने वाले आगन्तुकों की संख्या में भी अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है। इसके साथ साथ अब गांव टोले में न्यौते के रिटर्न गिफ्ट के तौर पर "सीधा" भेजने की परंपरा पर टेबल कुर्सी का भार अपनी वजन के साथ भारी पड़ने लगा है।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

पहले हिलमिल कर रही, फिर औचक टकराव।
हर टहनी उलझा गयी, हवा दिखाकर भाव।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# गंभीर चिंता का विषय है चपरासी के लिए उच्च डिग्रीधारियों के आवेदन

अलग बात



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

अब इसके लिए शिक्षा व्यवस्था को ही दोष दिया जाए, बढ़ती बेरोजगारी या फिर सरकारी नौकरी का मोह माना जाये। राजस्थान के सरकारी दफ्तरों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गये। 20 अप्रेल तक 23 लाख 65 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मजे की बात यह है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 53,749 पदों के लिए आवेदन के लिए निर्धारित योग्यता दसवीं पास होना है, जबकि इस दसवीं पास के पद के लिए आवेदन करने वालों में बड़ी संख्या में पीएचडी, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट ही नहीं तकनीकी शिक्षा प्राप्त बीटेक और बीएड जैसी योग्यताधारी शामिल हैं। इसका मतलब यह हुआ कि आईएएस, आईपीएस, प्रोफेसर, शिक्षक या प्रदेशों की सिविल सर्विस व अन्य इसी तरह के उच्च पदों की योग्यता को पूरी करने वाले युवक भी चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करने में किसी तरह का संकोच नहीं कर रहे। यह हालात हमारी संपूर्ण व्यवस्था को प्रश्नों के घेरों में खड़ा कर रही है।

सवाल है कि आखिर हमारी व्यवस्था जा कहां रही है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त चयनित नहीं होते हैं तो सवाल यह उठेगा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भी चपरासी की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकें। वहीं किसी कारण से शिक्षा पूरी नहीं कर सकने वाले युवक दसवीं की परीक्षा ही पास कर सके हैं। चपरासी के पद के लिए योग्य हैं तो उच्च शिक्षितों, अनुभवियों के सामने उनके लिए तो चयन की संभावना लगभग शून्य की समझी जानी चाहिए। यदि समान योग्यता वाले आवेदन इतनी बड़ी संख्या में होते तो एक अनार सौ बीमार वाली बात तो हो जाती। फिर सीधा-सीधा यही कहा जाता कि रोजगार के अवसर कम हैं पर उच्च अध्ययन प्राप्त युवाओं के चपरासी के पद के लिए आवेदन करना हमारी केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं अपितु पूरी व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं। आखिर ऐसा क्या कारण है कि युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं मिल पा रही। इससे यह तो साफ हो जाता है कि कहीं ना कहीं पूरी व्यवस्था में ही दोष है। एक और तो सातवें वेतन आयोग के बाद से युवाओं में सरकारी नौकरी का मोह बढ़ा है। फिर रही सही कसर हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था ने पूरी कर दी है। जब चुनावों में मुख्य मुद्दा रोजगार को लेकर उठाया जाता है। चुनावों में रोजगार या यों कहें कि बेरोजगारी एक प्रमुख मुद्दा होना चाहिए, इससे नकारा नहीं जा सकता है पर केवल सरकारी नौकरी का ही चस्मा दिखाया जाता है तो परिणाम फिर इसी तरह के आते हैं। आजादी के बाद निजी क्षेत्र ने काफी विस्तार किया है। एक समय ऐसा भी रहा है कि जब युवाओं का क्रेज निजी क्षेत्र के प्रति रहता था। निजी क्षेत्र में वेतन-भत्तों के साथ ही सुविधाओं का भी विस्तार था। ऐसा नहीं है कि आज ऐसा नहीं है। आज भी निजी क्षेत्र की अनेकों संस्थाओं में अच्छा पैकेज और सुविधाएं मिलती हैं। युवाओं को विदेश जाने तक के अवसर मिलते हैं। मेडीक्लेम व अन्य सुविधाएं भी आम है। हां परफोरमेंस और टारगेट की बात अवश्य होती है। सरकारी नौकरी के पीछे भागने का कारण एक तो सर्विस को लेकर किसी तरह का तनाव नहीं होना है। यों कहा जा सकता है कि सरकारी नौकरी में जॉब सिक्योरिटी के साथ ही सुविधाओं का अंबार और पेंशन सुविधा के साथ ही जिम्मेदारी का कहीं ना कहीं बोझ नहीं दिखाई देता है। सरकारी नौकरी में तो एक तरह का समझौता हो जाता है कि जो काम के प्रति निष्ठावान है, उसे काम से लाद दिया जाता है और जो काम के प्रति अधिक गंभीर नहीं होते हैं उन्हें कहने को तो नाकारा कह दिया जाता है। दरअसल इतना कहने भर से उन्हें काम के बोझ की मुक्ति मिल जाती है। यह तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा एक बार सरकारी नौकरी में प्रवेश हो गया तो कोई कहने वाला तो होगा नहीं, यदि ज्यादा दिक्कत भी आती हैं तो कहीं से भी सिफारिश कराकर अपना काम चला ही लेंगे। एक बार नौकरी में प्रवेश होने के बाद ओवरएज होने तक प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर अप्रत्यक्ष रुप से लाभ उठाया जा सकता है। इससे दो तरह की समस्या उत्पन्न होती है। एक तो वास्तव में उस योग्यताधारी के सामने नौकरी की समस्या जस की तस रह जाती है जो उस पद की योग्यता ही पूरी कर पाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया रुद्राभिषेक

**गोरखपुर (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह अपने गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में विधि विधान से रुद्राभिषेक और हवन-पूजन किया। गोरखनाथ मंदिर के आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस जानकारी को साझा करते हुए बताया गया कि मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर में विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक और हवन-पूजन किया। इस पोस्ट को मुख्यमंत्री कार्यालय के एक्स हैंडल पर भी रिपोस्ट किया गया, जिसमें पूजा-पाठ के दौरान की झलकियां साझा की गईं।

गोरखनाथ मंदिर के आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा गया, "गोरक्षपीठाधीश्वर, महंत योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने आज श्री गोरखनाथ मंदिर में विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक और हवन-पूजन किया। महाराज जी ने देवाधिदेव महादेव से संपूर्ण जगत के कल्याण की कामना की।



## जनता दर्शन में खुद पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

इससे पहले शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान वह लोगों की समस्याएं सुनने के लिए स्वयं उपस्थित रहे और प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद किया। किसी को भूमि विवाद था, किसी को चिकित्सा सहायता की जरूरत थी तो किसी को पुलिस से जुड़ी शिकायत थी। मुख्यमंत्री ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि किसी भी पीड़ित को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें और हर मामले का निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जिनकी समस्याएं मुख्यत: राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य और भूमि विवादों से जुड़ी थीं। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार आमजन के साथ खड़ी है और हर जरूरतमंद को न्याय दिलाया जाएगा। विशेष बात यह रही कि जब सुबह तेज बारिश हो रही थी, तब भी मुख्यमंत्री योगी अपने तय कार्यक्रम के अनुसार मंदिर परिसर में भ्रमण के लिए निकले और पूरे क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर प्रबंधन को भी निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## सांसद रवि किशन ने खत्म की 'सांसद प्रतिनिधि संस्कृति'

**गोरखपुर (आईएएनएस)।** गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला ने रविवार को दो टूक शब्दों में साफ कर दिया कि उनका कोई भी व्यक्तिगत प्रतिनिधि या सांसद सहयोगी अब अस्तित्व में नहीं है। उन्होंने कहा, 'मेरा कार्यालय ही मेरा प्रतिनिधि है। जो कोई भी खुद को मेरा सहयोगी या प्रतिनिधि बताता है, वह भ्रम फैला रहा है और गुमराह कर रहा है।' सांसद रवि किशन ने बताया कि पूर्व में मंडल और विधानसभा स्तर पर जो प्रतिनिधि नियुक्त किए गए थे, उन्हें करीब एक साल पहले ही भंग कर दिया गया था। तब से आज तक किसी को भी दोबारा यह जिम्मेदारी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अब भी झूठा दावा कर जनता और अधिकारियों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## भाजपा ने ओबीसी अधिकारों से किया खिलवाड़ : जीतू पटवारी

**भोपाल (आईएएनएस)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ओबीसी आरक्षण और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कथित अत्याचार को लेकर मोहन यादव सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ओबीसी समुदाय के 27 प्रतिशत आरक्षण को लागू नहीं करना चाहती और पीछे के रास्ते से इसे रोक रही है। पटवारी ने कहा कि चाहे पुलिस भर्ती हो या सब-इंजीनियर की, सरकार ने 27 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगा दी है। पटवारी ने शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा, 18 साल तक ओबीसी वर्ग ने शिवराज को मुख्यमंत्री बनाया, लेकिन उन्होंने ओबीसी के साथ पाप किया। पिछले डेढ़ साल से मोहन यादव मुख्यमंत्री हैं और अब वह भी इस पाप के भागीदार बन रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार कोर्ट का हवाला देती है, लेकिन उनके वकील प्रशांत सिंह मामले में सही तरीके से पक्ष नहीं रखते, जिससे आरक्षण लागू नहीं हो पा रहा।



# खड़गे का बयान : डबल इंजन की बात सिर्फ दिखावा

**बक्सर (आईएएनएस)**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा और जदयू को घेरते हुए भाजपा पर झूठ बोलने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बार-बार पाला बदलने का भी आरोप लगाया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा और जदयू वाले 'डबल इंजन' की सरकार की बात करते हैं, लेकिन आज बिहार ह्यूमैन इंडेक्स के मामले में काफी नीचे है। उन्होंने कहा कि बिहार को 'डबल इंजन' नहीं, एक ही पावरफुल इंजन की जरूरत है, जो महागठबंधन का इंजन है। कांग्रेस नेता खड़गे ने बिहार की एनडीए सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और नीतीश कुमार के बीच 'अवसरवादी' गठबंधन बिहार के लोगों के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम समुदायों के बीच विभाजन पैदा करने के लिए भाजपा-आरएसएस की साजिश है। उन्होंने नीतीश कुमार को निशाने पर लेते हुए कहा कि वह "इधर-उधर का खेल" खेलते रहते हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि बिहार की प्रगति,



उन्नति और यहां के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए भाजपा को हटाएं, नीतीश कुमार को हटाएं।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता अब बिहार की जनता को बहका नहीं सकते हैं। बिहार के लोग इनके बहकावे में इस बार के चुनाव में नहीं आने वाले हैं। उन्होंने लोगों को एक ऑडियो सुनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने बिहार को एक लाख 25 हजार करोड़ का विशेष पैकेज देने का वादा किया था, लेकिन आज तक बिहार को कुछ भी नहीं मिला।

### खड़गे का आरोप

### भाजपा ने झूठ बोलकर बनाई अपनी जमीन

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को झुकाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी झुकेगी नहीं। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि हमें संविधान को बचाने के लिए एकजुट रहना होगा और लड़ाई लड़नी होगी। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे ने कहा कि भाजपा झूठ बोलकर यहां तक पहुंच सकी है। आज बिहार ही नहीं, देश के लोग बेरोजगारी से त्रस्त हैं। कांग्रेस ने देश को आईआईएम, आईआईटी और एम्स दिए, लेकिन इन्होंने क्या बनाए? इन्होंने केवल झूठ की फैक्टरी बनाई। ये देश को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी को एक बार झूठ बोलकर फंसा सकते हैं, लेकिन हमेशा के लिए गुमराह नहीं कर सकते। झूठ बोलकर सभी को मूर्ख नहीं बनाया जा सकता।

# नागपुर में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने महिलाओं को सौंपा ई रिक्शा

## आधी आबादी को सबल बनाना उद्देश्य

**नागपुर (आईएएनएस)**

महाराष्ट्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। नागपुर में रविवार को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महिलाओं के बीच 50 ई-रिक्शा का वितरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ महिला व बाल कल्याण मंत्री अदिति तटकरे और राज्य मंत्री मेघना बोर्डिकर भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के बाद ई-रिक्शा में बैठकर एक चक्कर भी लगाया। इस योजना के अंतर्गत नागपुर में कुल 2000 ई-रिक्शा वितरित किए जाएंगे, जिनकी शुरुआत आज की गई। पहले चरण में 50 रिक्शा वितरण के साथ की गई है। सरकार का उद्देश्य है कि इस योजना के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के साधन मिलें और वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकें। महाराष्ट्र सरकार में महिला व बाल विकास मंत्री अदिति सुनील तटकरे ने कहा कि महिलाओं के लाभ के लिए पिंक



ई-रिक्शा पहल शुरू की जा रही है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में हुआ।

यह पिंक ई-रिक्शा महिलाओं के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आज इसके पहले उद्घाटन समारोह में हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्य मंत्री मेघना ताई, स्थानीय विधायक आशीष जी, हमारे विभाग के सचिव और आयुक्त, सभी ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। उन्होंने आगे कहा कि हमें बहुत खुशी है कि पिंक ई-रिक्शा योजना, जिसे पहले मायावती सरकार ने शुरू किया था- का समाज पर अच्छा असर पड़ा था। आज पहले चरण में, अगले तीन-चार महीनों में लगभग चार से पांच हजार महिलाएं पिंक ई-रिक्शा चलाती नजर आएंगी। कार्यक्रम की तस्वीरें सीएमओ महाराष्ट्र के एक्स हैंडल से साझा की गई हैं। इसके साथ ही कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई। लिखा, "मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा आज 'पिंक ई-रिक्शा वितरण समारोह, नागपुर जिला' में पात्र महिला लाभार्थियों को पिंक ई-रिक्शा वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के बाद खुद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मंत्री अदिति तटकरे, राज्य मंत्री मेघना बोरडीकर और ए. आशीष देशमुख ने इस गुलाबी ई-रिक्शा में यात्रा की।

## भारत में रह रहीं बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के खिलाफ कार्रवाई तेज

**मुंबई (आईएएनएस)**

बांग्लादेश पुलिस ने इंटरपोल से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की मांग की है। हसीना के अलावा 11 अन्य लोगों के खिलाफ भी ऐसी ही मांग की गई है। शेख हसीना पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद से भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना, उनके पूर्व मंत्रियों, सलाहकारों और अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। इन पर मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के आरोप थे। इंटरपोल का रेड नोटिस किसी व्यक्ति को ढूंढ़ने और उसे प्रत्यर्पण या कानूनी कार्रवाई से पहले अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने में मदद करता है।

## मुंबई के वडाला में बजरंग दल और विहिप कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प, कई घायल

**मुंबई (आईएएनएस)**

मुंबई के वडाला इलाके में रविवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई। इस दौरान पुलिस ने भी बल प्रयोग किया, जिससे कई कार्यकर्ताओं को चोटें आईं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है और कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

घटना की शुरुआत तब हुई जब बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ता राम नवमी के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा निकालने के लिए वडाला के बरकत अली चौक पर एकत्र हुए। हिंदू संगठनों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें शोभा यात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी और जबरन रोकने की कोशिश की।

## आज से दिल्ली में दौड़ेंगे 1,111 जीपीएस युक्त वॉटर टैंकर

### दिखाई गई हरी झंडी, दावा- पानी की बर्बादी और चोरी पर लगेगी लगाम



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिल्ली सरकार ने रविवार को लोगों को जल संकट से मुक्ति दिलाने के लिए 1,111 पानी टैंकर को हरी झंडी दिखाई। यह टैंकर खास हैं क्योंकि ये जीपीएस सिस्टम से लैस हैं। दावा है कि इससे पानी की बर्बादी और चोरी पर रोक लगेगी। इसका मकसद उन इलाकों तक पानी पहुंचाना है, जहां पाइपलाइन नहीं है या पानी की सप्लाई बहुत कम है। इन टैंकरों की शुरुआत बुराड़ी के निरंकारी ग्राउंड से की गई, जहां से इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान सांसद बांसुरी स्वराज समेत तमाम दिग्गज मौजूद रहे। पानी के टैंकरों पर सही निगरानी रखने के लिए बुराड़ी के निरंकारी ग्राउंड में एक नया कमांड सेंटर बनाया गया है। यहां से टैंकरों की हर गतिविधि को रियल टाइम यानी तुरंत देखा जा सकेगा। दिल्ली जल बोर्ड के मुताबिक, यह हाईटेक सिस्टम टैंकर की मूवमेंट, स्पीड और पानी की डिलीवरी के समय पर नजर रखेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हर टैंकर समय पर और सही जगह पर पानी पहुंचाए।र यह पूरी पहल दिल्ली में जल सप्लाई सिस्टम को आधुनिक बनाने की एक बड़ी योजना का हिस्सा है। इस योजना का मकसद सिर्फ पानी की सप्लाई सुधारना नहीं, बल्कि पानी की चोरी, गलत इस्तेमाल और शहर में पानी के असमान बंटवारे को रोकना भी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## धार्मिक टूरिज्म में इतिहास रचने के बाद यूपी सरकार का जोर अब हेल्थ टूरिज्म पर

**लखनऊ । प्रयागराज महाकुंभ**

- हेल्थ टूरिज्म में उत्तर प्रदेश को शीर्ष पर पहुंचाने की तैयारी
- दादी-नानी के नुस्खों को सहेजें, हेल्थ टूरिज्म को आगे बढ़ाएं"

अयोध्या में रामलला मंदिर और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के जरिए धार्मिक टूरिज्म में इतिहास रचने के बाद योगी सरकार का जोर अब हेल्थ टूरिज्म पर है। इसमें चिकित्सा की परंपरागत विधा आयुष पर खासा फोकस है। 23 फरवरी को एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा भी था, "धर्म के बाद उत्तर प्रदेश हेल्थ टूरिज्म में भी नंबर वन बनेगा। इसके लिए हमें अपने इलाज की प्राचीन विधाओं और दादी नानी के नुस्खों को संग्रहित करना होगा। क्योंकि निरोगी काया ही सबसे बड़ा सुख है। आयुष संभावनाओं का क्षेत्र है। बिना किसी दुष्प्रभाव के निरोग और रोग होने पर इलाज का यह एक परंपरागत एवं प्रभावी जरिया है।

एक तरह से योग भी इसका हिस्सा है। योग सहित आयुर्वेद की वैश्विक स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता इसके संभावनाओं को और बढ़ा रही है। हर किसी के लिए उपयोगी होने के कारण आज पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) मनाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर्बल उत्पादों को मान्यता देना भारत के लिए एक सुअवसर हो सकता है। आयुर्वेद की ये लोकप्रियता और वैश्विक स्वीकार्यता भारत के स्वदेशी ज्ञान और विरासत की संपन्नता का भी प्रमाण है। योगी सरकार को पूरा भरोसा है कि आने वाले वर्षों में भी इस विधा की स्वीकार्यता और लोकप्रियता का यही सिलसिला जारी रहेगा। इसलिए सरकार का पूरा फोकस इस परंपरा को विज्ञान से जोड़ने का है। ताकि आयुर्वेद प्रदेश, देश और दुनिया को आरोग्य की राह दिखा सके। जब ऐसा होगा तब उत्तर प्रदेश इसका अग्रणी खिलाड़ी होगा। यही योगी सरकार की मंशा भी है।

## गरीब मुसलमान को जज्बात के नाम पर लूटा गया : आरिफ मोहम्मद

**पटना ।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रविवार को कहा कि जो कोई बांटने का काम करेगा, कुरान उन पर कहता है कि उसे बहुत सजा मिलेगी। ऑल इंडिया यूनाइटेड मुस्लिम मोर्चा द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे राज्यपाल ने कहा कि गरीब मुसलमान को जज्बात के नाम पर लूटा गया। आज कुछ लोग गरीब मुसलमानों का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कर रहे हैं। उन्होंने वक्फ कानून में हाल में किए गए संशोधनों का समर्थन किया और विरोध करने वालों पर जमकर भड़ास निकाली।

## मुर्शिदाबाद से मालदा तक यातना की डगर

# दंगों से बचे लोग पुलिस के रवैए से भी हुए परेशान

- पुलिस ने नहीं मिलने दिया परिवारों से, खराब गुणवत्ता का खाना मिला, लगातार मिलती रहीं पुलिस की धमकी

**कोलकाता (हि.स.)**

मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज, धुलियान और सूती से दंगाई कट्टरपंथी इस्लामी हमलावरों से भागकर जान बचाने वाले सैकड़ो हिंदू परिवारों की कहानी सिर्फ हिंसा की नहीं, बल्कि उस दोहरी यातना की है, जो उन्होंने पहले दंगाई मुस्लिम भीड़ और फिर ममता सरकार की पुलिस से झेली। ये कहानी बंगाल के उस कड़वे सच की है, जहां शरण की तलाश में मालदा पहुंचे सैकड़ों मासूमों को एक मुस्लिम अधिकारी की निगरानी में दोबारा उन्हीं ज़ख्मों से गुजरना पड़ा, जिनसे वे जान बचाकर भागे थे। शरण नहीं, बंधन मिला11 अप्रैल को जुमे की नमाज के बाद वक्फ अधिनियम में संशोधन के खिलाफ प्रदर्शन की आड़ में जिस तरह मुस्लिम भीड़ ने पूरे इलाके में हमले किए, वह किसी पूर्व नियोजित हिंसा से कम नहीं था। दो दिन तक चली इस बर्बरता में घर जलाए गए, दुकानों को लूटा गया, महिलाओं को पीटा गया और पुलिस मूकदर्शक बनी रही। जो जान बचाकर भागे,



उन्होंने भागीरथी नदी पार की और मालदा पहुंचे। यहां परलालपुर हाई स्कूल के दरवाज़े उनके लिए स्थानीय लोगों ने खोले थे, लेकिन जल्द ही इस दरवाज़े को पुलिस ने बंद कर दिया—शाब्दिक नहीं, बल्कि मानवीय रूप से। शिविर नहीं, डिटेंशन कैंपजिस स्कूल को शरण स्थल माना गया, वह कुछ ही घंटों में पुलिस की कैदगाह बन गया। कालियाचक के एसडीपीओ और आईपीएस अधिकारी फैसल रज़ा की निगरानी के नाम पर वहां रह रहे सैकड़ों लोगों को उनके परिवारजनों से मिलने तक नहीं दिया गया। बेटियों को मां से, पत्नियों को पति से और वृद्धों को उनके बच्चों से अलग कर दिया गया। पुलिस के जवान लगातार डरा-धमका कर उन्हें चुप रहने को मजबूर करते रहे। खाना मिला, लेकिन ऐसा जिसे देखकर भूख भी शर्म से सिर झुका ले।हिन्दुस्थान समाचार की टीम जब वहां पहुंची तो भीतर से चीखें सुनाई दीं। "हमें यहां बंद कर दिया गया है, कोई सुनने वाला नहीं," ये शब्द सुमोना (परिवर्तित नाम) की जुबान से नहीं, उसकी आत्मा से निकले थे। उन्होंने कहा, "हम मुस्लिम दंगाइयों से किसी तरह जान बचाकर भागे, लेकिन यहां पुलिस ने हमें फिर से कैद कर लिया।

फैसल रज़ा: वर्दी में जहालत की मिसालसबसे चौंकाने वाली बात तब सामने आई जब मीडिया को अंदर जाने से रोका गया। आईपीएस फैसल रज़ा ने माननीय कोर्ट के आदेश का हवाला देकर कवरेज पर रोक लगाई।

### "सुरक्षा के नाम पर हमें कैद किया गया": शरणार्थियों का आरोप

राज्यपाल, मानवाधिकार व महिला आयोग के सामने भी शरणार्थियों ने खोले राजपुलिस की इस बर्बरता के खिलाफ कैंप में रह रहे लोगों ने शुक्रवार और शनिवार (18 और 19 अप्रैल) को तब भी गुस्सा जाहिर किया, जब उनसे मिलने के लिए राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम पहुंची थी। लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बताया कि किस तरह से उन्हें सुरक्षा के नाम पर उनके परिवार से अलग रखा गया। धमकी दी गई और जबरन घर (मालदा से मुर्शिदाबाद) खदेड़ा गया। लोगों ने साफ-साफ यह बात कही है कि उन्हें एक तरह से कैद करके रखा गया और लगातार धमकियां मिली, जिससे यहां दंगा पीड़ितों के प्रति पुलिस की संवेदना के वजाय वर्दी में मौजूद दंगाई भीड़ के समर्थक अधिकारियों का वर्चस्व उजागर हुआ। डीएम और एसपी ने नहीं दिए कोई जवाब मालदा के स्कूल में शरणार्थियों को पुलिस की ओर से इस तरह से टॉर्चर किए जाने के बारे में शिकायत और मीडिया कवरेज में मदद के लिए गुरुवार (18 अप्रैल) की शाम कई बार मालदा के एसपी प्रदीप यादव और डीएम को फोन किया गया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। कई सिनीयर अधिकारियों ने सीडीपीओ फैसल रजा का हवाला देकर बाद में फोन उठाना बंद कर दिया।

## एक नजर

### कप्तान शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल ने इसको लेकर जारी बयान में बताया कि गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर उनकी टीम द्वारा अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच नंबर 35 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुमार्ना लगाया गया है। चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। गुजरात ने दर्ज की जीतअहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को खेले गए इस मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की थी। मैच में दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए थे। जवाब में जोस बटलर की 54 गेंदों पर 11 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन की अहम पारी की बदौलत गुजरात की टीम ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन बनाकर मैच जीत लिया।

### बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी पर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पदार्पण कर धमाकेदार पारी खेलने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा है कि वैभव की बल्लेबाजी देखकर बेहद खुश हूं। मुझे भरोसा था कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा।बिहार के 14 वर्षीय वैभव ने आईपीएल 2025 के 36वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए पदार्पण करते ही इतिहास रच दिया। वैभव आईपीएल में पदार्पण करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। युवा खिलाड़ी को मैच में राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन की जगह खेलने को मिला, जो चोट के कारण मैच नहीं खेल रहे थे। वैभव को इम्पैक्ट सब के रूप में खेलने का मौका मिला था। वह यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करने आए। उन्होंने अपनी पहली गेंद पर छक्का मारकर सभी को आकर्षित किया। बाएं हाथ के इस युवा बल्लेबाज ने मैच में महज 20 गेंदों में 2 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 34 रन बनाए थे। उनकी पारी पर प्रतिक्रिया देते हुए बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा, मैं आज वैभव की बल्लेबाजी देखकर बेहद खुश हूं। मुझे हमेशा भरोसा था कि जब भी वैभव को मौका मिलेगा, वह अच्छा प्रदर्शन करेगा। मुझे यकीन है कि वह आगे भी इसी तरह की प्रभावी पारियां खेलेगा। उन्होंने आगे कहा, यह तो बस शुरूआत है। मैं मानता हूं कि वैभव आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट का एक बड़ा नाम बन सकता है




# पडिक्कल और विराट कोहली का अर्धशतक, बेंगलुरु 7 विकेट से जीता

**एजेंसी**

**मुल्लांपुर।** विराट कोहली (नाबाद 73 ) और देवदत्त पडिक्कल (61) के शानदार अर्धशतकों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को उसके ही घरेलू मैदान में रविवार को आईपीएल मुकाबले में सात गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर पिछली हार का बदला चुका लिया।

आरसीबी ने क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा की शानदार गेंदबाजी के दम पर पंजाब को छह विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर 18.5 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। आरसीबी की आठ मैचों में यह पांचवीं जीत है और वह 10 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि पंजाब को आठ मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा और वह तालिका में चौथे स्थान पर है।

आरसीबी ने इस सीजन घर से बाहर के अपने बेहतरीन रिकॉर्ड को बरकरार रखा है। थोड़ी धीमी पिच पर पहले उनके स्पिनरों, फिर तेज गेंदबाजों और फिर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया, जिसकी वजह से उन्हें यह आसान जीत मिली।

शुक्रवार की रात को पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घर में करारी शिकस्त झेलने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बदला चुका लिया। पंजाब को 157 रन पर रोकने के बाद आरसीबी ने 18.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। रन मशीन विराट कोहली ने 54 गेंदों पर नाबाद 73 रन में सात चौके और एक छक्का लगाया। इसके साथ ही विराट ने 67 बार 50 से ज्यादा का स्?कोर आईपीएल में बनाया और उन्?होंने डेविड वॉर्नर का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

फिल साल्ट के पहले ओवर में आउट होने के बाद विराट ने पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 103 रन की शतकीय साझेदारी की और आरसीबी को जीत के करीब ला दिया। पडिक्कल 35 गेंदों में पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 61 रन बनाकर टीम के 109 के स्कोर पर आउट हुए। विराट ने फिर कप्तान रजत पाटीदार के साथ स्कोर को 143 तक पहुंचाया। पाटीदार 13 गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हुए।

जितेश शर्मा ने आठ गेंदों पर नाबाद 11 रन बनाकर मैच समाप्त किया। जितेश ने नेहाल वढेरा के पारी के 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर विजयी छक्का मारा।

इससे पहले आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंजाब की टीम 42 रन की तेज साझेदारी के बावजूद विकेट गंवाती चली गयी। क्रुणाल ने दोनों ओपनरों को आउट किया। प्रियांश आर्य ने 15 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 22 रन बनाये जबकि प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंदों पर 33 रन में पांच चौके और एक छक्का मारा। कप्तान श्रेयस अय्यर एक बार फिर सस्ते में आउट हुए। उन्होंने 10 गेंदों में छह रन बनाये। नेहाल वढेरा पांच रन बनाकर रन आउट हुए। जोश इंगलिस 17 गेंदों में 29 रन बनाकर 14वें ओवर में सुयश शर्मा का शिकार बने। सुयश ने इसी ओवर में मार्कस स्टॉयनिस को भी पांचवीं गेंद पर पवेलियन भेजा।

## फातिमा सना को 2025 महिला वनडे विश्व कप क्वालीफायर की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का कप्तान बनाया गया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना को 2025 महिला वनडे विश्व कप क्वालीफायर की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का कप्तान चुना गया है। रविवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने यह जानकारी दी।

मुनीबा अली, नशरा संधू और सादिया इकबाल पाकिस्तान की टीम की अन्य खिलाड़ी हैं जिन्हें टूनार्मेंट की क्वालीफायर टीम में शामिल किया गया है, जहां मेजबान और बांग्लादेश ने इस साल के अंत में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की की है। उनके साथ वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज, ऑलराउंडर चिनेल हेनरी और आलियाह एलीने, साथ ही बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना और शर्मिन अख्तर भी शामिल हैं। स्कॉटलैंड की कैथरीन फ्रेजर और कैथरीन ब्राइस की जोड़ी ने बाकी लाइन-अप को पूरा किया।

### बटलर ने कहा था कि मेरे शतक की चिंता मत करना : तेवतिया

**अहमदाबाद।** इस सीजन गुजरात टाइटंस (जीटी) का टॉप ऑर्डर इतना जबरदस्त रहा है कि राहुल तेवतिया को आईपीएल 2025 में आखिरी बार जिम्मेदारी निभाते हुए देखे काफी समय हो गया था। हालांकि, उन्होंने जीटी के पिछले तीनों मुकाबलों में बल्लेबाजी की और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ 12 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाकर अहम भूमिका निभाई। शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ अहमदाबाद में जीटी को सात गेंदों में 11 रन चाहिए थे, और मिचेल स्टार्क को अंतिम छह गेंदें डालनी थीं।

# अर्जुन बाबुता गोल्ड से चूके, भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर

**एजेंसी**

**लीमा (पेरू)।** पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि आर्या बोरसे महिलाओं की स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए।

विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे।

भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा। फाइनल में बाबुता और पाटिल दोनों ने समान 10.1 के साथ मजबूत शुरूआत की। पाटिल ने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन इस बार भाग्य उनके साथ नहीं था और उन्हें फाइनल के शुरू बाहर होना पड़ा।

विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।



## '15 रन चाहिए या 20, मैं अपने यॉर्कर पर भरोसा करता हूं' : आवेश खान



**जयपुर।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को अंतिम ओवर में नौ रन बचाकर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर दो रन से जीत दिलाने के बाद, तेज गेंदबाज आवेश खान ने कहा कि उन्हें उस समय यॉर्कर को अच्छी तरह से निष्पादित करने की अपनी क्षमता पर भरोसा था। सवाई मानसिंह स्टेडियम में, आरआर 17 ओवर में 156/2 रन बना चुके थे, और मैच जीतने के लिए तैयार थे, क्योंकि समीकरण 18 गेंदों पर 25 रन का था। लेकिन आवेश ने अपनी पिन-पॉइंट यॉर्कर के साथ, सेट बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और रियान पराग को आउट किया, और अंतिम ओवर में शिमरॉन हेटमायर को आउट किया और एलएसजी के लिए एक यादगार जीत पूरी की, जिससे आरआर के घरेलू दर्शक हैरान रह गए। मैं उस समय सिर्फ निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करता हूं। जब हम बाहर से देखते हैं, यहां तक कि हम तनाव महसूस करते हैं; लेकिन जब मैं खेल रहा होता हूं, तो मुझे कभी भी यह तनाव महसूस नहीं होता कि मैं छक्का या चौका खा जाऊंगा।

**मैं सिर्फ निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करता हूं:** मैं जो भी गेंद फेंकने का फैसला करता हूं, उस पर 100% ध्यान देता हूं। ज्यादातर यह यॉर्कर होती है; चाहे 15 रन की जरूरत हो या 20 रन की, मैं यॉर्कर पर ही ध्यान केंद्रित करता हूं, और यह आईपीएल में बहुत महत्वपूर्ण है।

### सूर्यवंशी के ड्रीम डेब्यू के बाद बीसीए अध्यक्ष ने कहा, 'यह तो बस शुरूआत है'

**जयपुर।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में अपने डेब्यू पर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की। 14 वर्षीय वैभव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 संस्करण के 36वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने पदार्पण की घोषणा की। युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज ने महज 20 गेंदों पर 34 रन बनाए, जिसमें दो चौके और तीन गगनचुंबी छक्के शामिल थे, जिससे रॉयल्स को अहम मुकाबले में शानदार शुरूआत मिली। वह आखिरकार नौवें ओवर में आउट हो गए, लेकिन अपनी निडर बल्लेबाजी से उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। हालांकि, राजस्थान रॉयल्स को शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स से दो रन से हार का सामना करना पड़ा। वैभव की पारी के बारे में बोलते हुए, बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने वैभव के भविष्य पर बहुत गर्व और विश्वास व्यक्त किया। राकेश तिवारी ने कहा, आज मैं वैभव को आईपीएल में बल्लेबाजी करते हुए देखकर बेहद खुश हूं। मेरा हमेशा से मानना था कि वैभव को जब भी मौका मिलेगा, वह अच्छा प्रदर्शन करेगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### विदेशी निवेशकों ने इस सप्ताह भारतीय इक्विटी में किया 8,500 करोड़ का निवेश

**मुंबई।** विदेशी निवेशकों ने अपना ध्यान एक बार फिर भारतीय इक्विटी पर केंद्रित किया है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस सप्ताह विदेशी निवेशकों ने इक्विटी में लगभग 8,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह निवेश केवल तीन कारोबारी सत्रों, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार के दौरान हुआ। सार्वजनिक अवकाश के कारण सोमवार और शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहे। यह इक्विटी सेगमेंट में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा लगातार कई महीनों तक की गई बिकवाली के बाद सकारात्मक बदलाव को दशार्ता है। उनकी वापसी से बाजारों को सप्ताह के अंत में मजबूती के साथ मदद मिली।दोनों प्रमुख सूचकांकों, बीएसई के सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी50 ने सप्ताह के अंत में 4.5 प्रतिशत से अधिक की मजबूत रिकवरी के साथ समापन किया, जो घरेलू और वैश्विक कारकों से मिले सकारात्मक संकेतों के कारण हुआ।

### भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड वाहनों का किया निर्यात

**नई दिल्ली।** भारत का ऑटोमोबाइल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 53 लाख यूनिट्स पर पहुंच गया है, जो देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर की बढ़ती हुई क्षमता को दिखाता है। कार और एसयूवी निर्यात में मारुति सुजुकी और हुंडई शीर्ष पर रहे हैं। वहीं, दोपहिया वाहनों के निर्यात में बजाज ऑटो, टीवीएस और होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर्स शीर्ष पर थे। सोसाइटी फॉर इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 के दौरान भारत का कुल वाहन निर्यात 53,63,089 यूनिट्स तक पहुंच गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष के आंकड़े 45,00,494 यूनिट्स से अधिक है। भारत से यात्री वाहनों का शिपमेंट वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 7,70,364 यूनिट्स पर पहुंच गया है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में 6,72,105 यूनिट्स पर था।

# द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के बीच अमेरिका दौरे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 20-25 अप्रैल के बीच अमेरिका दौरे पर रहेंगी, जहां वह कई बहुपक्षीय संवादों में भाग लेंगी। यह जानकारी वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई। वित्त मंत्री सीतारमण का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, अपने अमेरिका दौरे पर वित्त मंत्री सैन फ्रांसिस्को और वाशिंगटन डीसी जाएंगी। सैन फ्रांसिस्को में, वित्त मंत्री सीतारमण स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में विकसित भारत 2047 की नींव विषय पर मुख्य भाषण देंगी, जिसके बाद एक फायरसाइड चैट सेशन होगा। वित्त मंत्री निवेशकों के साथ एक गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड मैनेजमेंट फर्मों के शीर्ष सीईओ के साथ बातचीत करेंगी, इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को स्थित शीर्ष आईटी फर्मों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। मंत्रालय ने कहा कि वह सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों से जुड़े एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगी और वहां बसे भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगी।वाशिंगटन डीसी में, वित्त मंत्री सीतारमण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वसंतकालीन बैठकों, जी-20 वित्त मंत्रियों की दूसरी और केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठकों, विकास समिति के पूर्ण अधिवेशन, आईएमएफसी के पूर्ण अधिवेशन और जीएसडीआर बैठक में भाग लेंगी। इन बैठकों के साइडलाइन में वित्त मंत्री कई देशों के समकक्षों के साथ बैठक भी करेंगी, जिसमें अर्जेंटीना, बहरीन, जर्मनी, फ्रांस, लक्जमबर्ग, सऊदी अरब, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका का नाम शामिल है। अपनी यात्रा के दौरान वित्त मंत्री पेरू के राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे और प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनजेन से मुलाकात करने के अलावा, पेरू के वित्त और अर्थव्यवस्था, रक्षा, ऊर्जा और खान मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी।

# भारत के फॉरेन एक्सचेंज बाजार का टर्नओवर दोगुना होकर 60 अरब डॉलर हुआ

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** भारत के फॉरेन एक्सचेंज (फॉरेक्स) बाजार का एवरेज डेली टर्नओवर 2024 में बढ़कर 60 अरब डॉलर हो गया है,जो कि 2020 के आंकड़े 32 अरब डॉलर से करीब दोगुना है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बाली में 24वें एफआईएमएमडीए-पीडीएआई एनुअल कॉन्फ्रेंस में अपने संबोधन के दौरान दी।

भारत के फॉरेन एक्सचेंज बाजार का एवरेज डेली टर्नओवर बढ़ना देश के वित्तीय बाजारों की मजबूती को दिखाता है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, बीते कुछ वर्षों में फॉरेक्स बाजार में बड़ा बदलाव आया है और यह एक मजबूत बाजार के रूप में उभरे हैं और फॉरेक्स मार्केट में एवरेज डेली टर्नओवर 2020 में 32 अरब डॉलर से बढ़कर 2024 में 60 अरब डॉलर हो गया है।

उन्होंने आगे कहा कि केवल फॉरेक्स मार्केट में ही नहीं, बल्कि ओवरनाइट मनी मार्केट में भी विस्तार देखने को मिला है और एवरेज डेली वॉल्यूम 80 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 5.4 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है, जो कि 2020 में 3 लाख करोड़ रुपये पर थी। इसके अलावा, समान अवधि में गवर्नमेंट सिक्योरिटी मार्केट में एवरेज डेली वॉल्यूम में 40 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है और इनकी वैल्यू 66,000 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। वित्तीय बाजारों की भूमिका के बारे में बोलते हुए, मल्होत्रा ने कहा कि यह बाजार भारत की आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत को बदलाव के दौर में अपनी आकांक्षाओं को पूरा करना है, तो उसमें वित्तीय बाजारों की अहम भूमिका होगी। वित्तीय बाजार न केवल पूंजी जुटाने और परिसंपत्तियों का व्यापार करने के स्थान हैं, बल्कि आर्थिक विकास के प्रमुख प्रवर्तक भी हैं।

## भारत 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन क्षमता करेगा हासिल

**नई दिल्ली।** भारत 2030 तक 300 मिलियन टन की स्टील उत्पादन क्षमता हासिल कर लेगा और साथ ही, इस दौरान प्रति व्यक्ति स्टील खपत बढ़कर 160 किलो हो जाएगी। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। देश में वित्त वर्ष 25 की अप्रैल से दिसंबर तक की अवधि में 110.99 मिलियन टन कच्चे स्टील का उत्पादन हुआ था। वहीं, फिनिश्ड स्टील का उत्पादन 106.86 मिलियन टन रहा था। सरकार के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, स्पेशियलिटी स्टील के लिए लाई गई प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम 1.1 के दूसरे राउंड में कंपनियों ने करीब 17,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। इससे स्पेशियलिटी स्टील उत्पादन में भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ने की उम्मीद है। देश के स्टील सेक्टर की ग्रोथ को बढ़ाने के लिए अगले हफ्ते मुंबई में 'इंडिया स्टील 2025' इवेंट होने जा रहा है। इसमें कंपनियों को नॉलेज एक्सचेंज के साथ इंटर-स्टेट और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझेदारी करने का मौका मिलेगा। इस ग्लोबल स्टील इंडस्ट्री इवेंट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर्स और वरिष्ठ विदेशी प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहेगा, जिसमें रूस के डिप्टी इंडस्ट्री और ट्रेड मंत्री, ऑस्ट्रेलिया, मोजाम्बिक और मंगोलिया के राजदूत शामिल होंगे। 12,000 बिजनेस विजिटर्स, 250 एग्जीबिटर्स, 1,200 कॉन्फ्रेंस डेलीगेट्स के साथ यह इवेंट वैश्विक स्तर पर बड़े स्टील आयोजनों में से एक होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों, सरकारी विभागों, राज्य सरकारों, देश के प्रतिनिधिमंडलों और भारत एवं विदेश से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खरीदार शामिल होंगे।

### निजी बैंकों के दमदार नतीजों के बाद 'निफ्टी बैंक' पर होगा निवेशकों का फोकस: एनालिस्ट

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक की ओर से वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में दमदार नतीजे पेश करने के बाद निवेशकों का फोकस सोमवार को बैंकिंग इंडेक्स निफ्टी बैंक पर होगा। यह जानकारी एनालिस्ट की ओर से दी गई। एनालिस्ट का कहना है कि बैंकों की ओर से दमदार नतीजों के चलते शेयर बाजार में आने वाले सत्रों में सकारात्मक एक्शन देखने को मिल सकता है। बैंकिंग शेयरों में तेजी का रुझान बना हुआ है। आखिरी कारोबारी सत्र में निफ्टी बैंक 2.2 प्रतिशत बढ़कर 54,290.20 पर बंद हुआ, जो कि इसके 52 हफ्तों के उच्चतम स्तर 54,467.35 से 177 अंक नीचे है। वहीं, बीते एक हफ्ते में निफ्टी बैंक में 3,287 अंक या 6.45 प्रतिशत की तेजी देखी गई है।

# सड़क दुर्घटना में कॉलेज के लेखापाल घायल, रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला छतरपुर मुख्य रोड के नहर मोड़ के समीप रविवार को सड़क दुर्घटना में जपला एके सिंह कॉलेज के लेखापाल ओमप्रकाश सिंह उर्फ झूना सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से ओमप्रकाश सिंह को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर किया गया। बताया जाता है कि सुबह घर से जपला बाजार आये थे। वहां एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया, जिसको बचाने के क्रम में बाइक असंतुलित होकर गिर गई। जिससे वह गिर गये। चिकित्सक के अनुसार उन्हें हाथ फ्रैक्चर कर गया है। साथ ही अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोट लगी हैं।

# आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, सात घायल दो की हालत गंभीर

**मामला दुल्हर गांव का**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के दुल्हर गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट में कुल सात लोग घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष से देवानंद सिंह और विपिन सिंह, जबकि दूसरे पक्ष से राजकरण सिंह, कमलेश सिंह, सुमित सिंह, श्रवण सिंह और उत्कर्ष सिंह शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद



अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। इनमें से गंभीर रूप से घायल कमलेश सिंह और विपिन सिंह को ऑन ड्यूटी चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त होने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# क्षतिग्रस्त कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा गोल चक्कर पास से नहीं हटाया गया मलबा, दुर्घटना की आशंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के कर्पूरी ठाकुर चौक स्थित भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा के गोल चक्कर को एक सप्ताह पहले एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार देने से प्रतिमा के किनारे का गोल चक्कर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के लगभग सप्ताह दिन बीतने के बावजूद भी न तो क्षतिग्रस्त मलबे को वहां से हटाया गया है और ना ही मरम्मत का कार्य शुरू हुआ है। स्थल पर बिखरे मलबे के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। बता दें कि कर्पूरी ठाकुर चौक के पास अतिक्रमण किए जाने से सड़क संकीर्ण हो गया है, जिससे आए दिन वहां जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने इस विषय पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

# शहर थाना परिसर के मालखाना में लगी आग, दर्जनों वाहन जलकर राख

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दमकल टीम ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में रविवार दोपहर करीब 3:40 बजे भीषण आग लग गई, जिससे थाना परिसर में जब्त किए गए कई वाहन जलकर राख हो गए। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। चश्मदीदों के अनुसार, बिजली के पोल से निकली चिंगारी सूखी पत्तियों पर गिरी, जिससे आग ने तेजी से फैलते हुए कई वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया।

घटना में थाना परिसर में रखी करीब 35 मोटरसाइकिल, एक कार, एक बस, एक ऑटो और एक टोटो पूरी तरह जल गए। बताया जा रहा है कि जली हुई अधिकांश गाड़ियाँ 2017 से पहले जब्त की गई थीं और थाना परिसर के मालखाने में खड़ी थीं।

आग लगते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सबसे पहले



एएसआई राजेश साहू की नजर आग पर पड़ी। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए थाना प्रभारी गुलशन बीरुआ और मुंशी देवेंद्र कालिंदी को सूचना दी। देवेंद्र कालिंदी ने तत्काल फायर स्टेशन को आग की जानकारी दी और ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद को बैरिया से शहर थाना तक मार्ग साफ कराने को कहा, जिससे दमकल वाहन समय पर थाना परिसर तक पहुंच सके। सूचना मिलते ही लगभग 10 मिनट के भीतर दो दमकल वाहन और चार सदस्यीय अग्निशमन टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों और थाना स्टाफ की कड़ी मेहनत के बाद करीब 1 घंटे 30 मिनट में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

इस अभियान में एएसआई राजेश साहू, मुंशी देवेंद्र कालिंदी, संदीप राम, परवेज अंसारी, अभिनाश कुमार तथा अग्निशमन दल के प्रधान चालक दिनेश कुमार शर्मा, प्रधान अग्नि चालक जयंत कुमार शर्मा, अग्नि चालक रविंद्र हसदा और रामेश्वर उरांव की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से बड़ा नुकसान होने से टल गया।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और क्षति का आकलन किया जा रहा है। स्थानीय लोग और थाना कर्मियों ने राहत की सांस ली कि आग समय रहते काबू में आ गई, अन्यथा नुकसान और भी अधिक हो सकता था।

## संत मरियम के सैकड़ों छात्रों ने मोहन सिनेमा में देखी फिल्म

# ऐतिहासिक फिल्म देखने से छात्र अध्ययन को अनुभव के रूप में जोड़ पाएंगे : अविनाश देव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय, मेदिनीनगर के लगभग 400 छात्रों ने रविवार को मोहन सिनेमा हॉल में ऐतिहासिक मराठी फिल्म 'छावा' का सामूहिक रूप से आनंद लिया। हाल ही में नवनिर्मित और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मोहन सिनेमा हॉल में बच्चों ने उत्साह और उमंग के साथ फिल्म देखी।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया तथा मोहन सिनेमा के पुनर्जीवन के लिए प्रोपराइटर ज्ञान शंकर और आनंद शंकर को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसी ऐतिहासिक फिल्मों को देखने से छात्र केवल किताबों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इतिहास को अनुभव के रूप में आत्मसात करते हैं। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि 'बच्चों के उत्साह को देखकर यह स्पष्ट है कि मोहन सिनेमा



एक बार फिर अपनी गौरवशाली पहचान को प्राप्त करेगा। संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं। 'छावा' जैसी फिल्म दिखाकर उन्होंने छात्रों में राष्ट्रप्रेम और ऐतिहासिक चेतना को जागृत किया है।' उन्होंने संत मरियम विद्यालय को पलामू का कोहिनूर बताते हुए विद्यालय की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान सिनेमा हॉल में बच्चों के चेहरे पर उत्साह और आनंद झलक रहा था। अविनाश देव और अरुणा शंकर ने भी बच्चों के साथ बैठकर फिल्म का आनंद लिया। इस आयोजन से बच्चों को अध्ययन से इतर एक प्रेरणादायक अनुभव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, उप प्राचार्य एस. बी. साहा, शिक्षक रौशन सर, डब्लू सर, डॉ. स्वाधीन सर सहित दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मोहन सिनेमा हॉल के पुनः आरंभ से मेदिनीनगरवासियों को एक बार फिर बड़े पर्दे का आनंद लेने का अवसर मिला है।

# रेल टिकट घोटाले के बाद हरकत में आया रेल प्रशासन, डालटनगंज में रोजाना हो रही मॉनिटरिंग

**फर्जी वाउचर व करोड़ों की हेराफेरी के बाद रेलवे ने कसी लगाम, अधिकारी कर रहे बैंक सत्यापन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हाल ही में सामने आए रेल टिकट घोटाले के बाद अब रेलवे प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन समेत पूरे क्षेत्र में टिकट बुकिंग की राशि को लेकर प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के मुख्य टिकट निरीक्षक (सीटीआई) विकास कुमार ने बताया कि बुकिंग की राशि बैंक में नियमित रूप से जमा हो रही है या नहीं, इसकी पुष्टि अब रेलवे अधिकारी प्रतिदिन कर रहे हैं। रेल प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य है कि भविष्य में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो और राजस्व की क्षति से बचा जा सके। रेलवे अधिकारियों द्वारा यह निर्णय उस समय लिया गया जब 2023 में इंटरनल ऑडिट के दौरान धनबाद रेल डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर टिकट बिक्री में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का खुलासा हुआ। रेलवे द्वारा घोटाले के संबंध में कई एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और जांच की प्रक्रिया जारी है।




### अब रोजाना हो रही बैंक जमा राशि की पुष्टि

सीटीआई विकास कुमार ने बताया कि एक महीने से नई प्रक्रिया लागू की गई है, जिसके तहत रेलवे अधिकारी हर दिन बैंक में जाकर बुकिंग राशि की जमा स्थिति की पुष्टि कर रहे हैं। इसके अलावा टिकट बिक्री से संबंधित अन्य पहलुओं पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। रेलवे ने कहा है कि अब किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कई जिलों में हुआ था करोड़ों का टिकट घोटाला

घोटाले की जांच में यह सामने आया कि पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों में टिकट बिक्री की राशि बैंक खातों में जमा कराने की जिम्मेदारी दो एजेंसियों के पास थी। इन एजेंसियों ने रकम लाने-ले जाने के लिए अनुबंध पर बाइकर्स को रखा था। इन्हीं बाइकर्स ने टिकट बिक्री की बड़ी रकम लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार गढ़वा से 2.16 करोड़ रुपये, रमना से 1 लाख, गढ़वा टाउन से 46 लाख, बरवाडीह से 90 लाख और डालटनगंज रेलवे स्टेशन से 12 लाख रुपये की गड़बड़ी सामने आई है। घोटालेबाजों ने रकम जमा कराने के नाम पर फर्जी बैंक वाउचर तैयार कर रेलवे को गुमराह किया।

# लाखों रुपये की लागत से बना जलमीनार हाथी का दांत हो रहा साबित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत कदगांवा कला पंचायत के दिग्ही में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा वर्ष 2016-17 में शुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर लाखों रुपये की लागत से सोलर संचालित जलमीनार का निर्माण कराया गया था। निर्माण के बाद से आज तक जलमीनार ग्रामीणों के लिए केवल हाथी का दांत ही साबित हो रहा है। बनने के बाद से आज तक एक बूंद पानी का नसीब ग्रामीणों को नही हो पाया। केवल ग्रामीणों की अपनी निजी जमीन बर्बाद होने के साथ शोभा की वस्तु भर ही रह गया है। दूसरी ओर विभागीय लापरवाही का आलम यह है कि बिना उपयोगिता के ही संवेदक को प्राक्कलन के अनुरूप लाखों रुपये भुगतान कर दिया गया है। निर्माण के समय से ही ग्रामीणों द्वारा संवेदक द्वारा बरती जा रही अनियमितता की शिकायत विभाग के अधिकारियों, पंचायत



के मुखिया से किया जा रहा है। बावजूद विभाग द्वारा ग्रामीणों से की गई शिकायत पर आजतक कोई संज्ञान नहीं ली गई। परिणाम स्वरूप आज ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं।

### गहराता जल संकट सरकार चुप : सतीश कुमार

**मेदिनीनगर।** गर्मी के मौसम की शुरूआत में ही शहर समेत पूरे पलामू में जल संकट गहराता जा रहा है। जल संकट से जनता को राहत देने के लिए सरकार की ओर से कोई तैयारी नहीं है। हर बर्ष गर्मी के मौसम में राजनीतिक दल सक्रिय होती है। प्रसाशनिक स्तर पर जल संकट से निपटने के लिए बडी बडी योजना अखबार की सुर्खियां बनती है, मगर सब के सब टॉय टॉय फिस। ये बातें ये बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर में जल संकट का बड़ा कारण जल श्रोतों का अतिक्रमण है। एक मात्र लाइफ लाइन कोयल नदी है, जिसमें पानी रोकने कि कोई व्यवस्था नहीं है। हर वर्ष निगम द्वारा कुछ चुनिंदा वार्ड में टैंकर से पानी आपूर्ति कर दी जाती है।

## पेज एक के शेष

### सूर्यकिरण टीम के...

सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम देश के लिए गर्व का प्रतीक है और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। 19 एवं 20 अप्रैल 2025 को आयोजित एयर शो का रविवार को समापन हो गया। इस भव्य कार्यक्रम को संपन्न कराने में रांची जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी मेहनत और समर्पण के कारण यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति आनंदा सेन और झारखंड सरकार के वरीय अधिकारी, रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, सदर एसडीओ रांची उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमित कुमार अग्रवाल सहित सेना एवं जिला के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बालूमाथ में हाथी...

सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जेसीबी के माध्यम से कुएं के एक भाग के बगल में गड्ढा करके रास्ता बनाया। लगभग पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद हाथी के बच्चे को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से हाथियों का झुंड गांव के आसपास जमा हुआ है। शनिवार की देर रात अचानक एक हाथी का बच्चा कुएं में जा गिरा। ग्रामीणों ने अपने स्तर से हाथी को कुएं से बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन जब वे सफल नहीं हुए, तो वन विभाग को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों ने गांव के आसपास के क्षेत्र में पिछले कई दिनों से भारी तबाही मचाई है। शनिवार की सुबह हाथियों ने एक महिला को घायल कर दिया था। इलाज के लिए रांची जाने के दौरान महिला की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि हाथियों को गांव से दूर भगाया जाए।

### जमीन बचाने के...

बड़ी संख्या में लोग अंचल कार्यालय के सामने जुट गए। लक्ष्मण ने अपने साथ लाए पेट्रोल से खुद को भिगो लिया और जमीन दिलाने की मांग को लेकर जोर-जोर से चिल्लाने लगा। यह देख वहां मौजूद लोग स्तब्ध रह गए और किसी अनहोनी की आशंका से उसे समझाने-बुझाने में लग गए। लक्ष्मण उरांव के साथ उनकी पत्नी और बच्चे भी मौजूद थे। सभी की आंखों में आंसू और चेहरे पर बेबसी साफ झलक रही थी। लक्ष्मण ने बताया कि वह भारतीय सेना में अरुणाचल प्रदेश में पदस्थापित है और वर्तमान में छुट्टी पर घर आया हुआ है। लेकिन, गांव में उनकी पुश्तैनी जमीन पर चाचा और चचेरे भाई ने जबरन कब्जा कर लिया है और उस जमीन को बेच रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल कार्यालय पहुंचे और लक्ष्मण उरांव को अपने चैंबर में बुलाकर मामले को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि मंगलवार को थाना दिवस के अवसर पर दोनों पक्षों को बुलाकर विवाद का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही, मामले की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। बावजूद इसके लक्ष्मण अपनी मांगों पर अडिग रहा। अंततः घाघरा पुलिस मौके पर पहुंची और काफी समझाने-बुझाने के बाद लक्ष्मण को थाने ले गई, जहां उसे भावनात्मक रूप से समझाया गया। देर शाम में वह अपने परिवार के साथ गमहरिया स्थित अपने घर लौट गया। यह घटना सिर्फ एक व्यक्ति की पीड़ा नहीं, बल्कि सिस्टम पर सवालिया निशान भी है। जब देश की सेवा में लगे एक सैनिक को अपनी जमीन के लिए आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाना पड़े, तो यह सोचने वाली बात है कि आम नागरिकों की स्थिति क्या होगी।

**फौजी लक्ष्मण उरांव ने कहा कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई :** अंचल कार्यालय के सामने पेट्रोल छिड़कने और आत्मदाह की धमकी देने वाले फौजी लक्ष्मण उरांव ने कहा, हमारे हिस्से की जमीन हड़प ली गई है। पुलिस से लेकर प्रशासन तक गए, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। अब थक चुका हूं, इसलिए यह कदम उठा रहा हूं।

# मुख्य बाजार में सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के मुख्य बाजार की सड़क नाली का गंदा पानी बहने से आने जाने वाले राहगीरों व दुकानदारों को परेशानी हो रही है। प्रखंड के भगत सिंह चौक से लेकर आंबेडकर चौक तक की स्थिति अत्यंत दयनीय है। कीचड़ व दुर्गंध के कारण कई लोग इस रास्ते से गुजरने में भी परहेज करते हैं, लेकिन प्रखंड की मुख्य बाजार की सड़क होने के कारण लोगों को इस रास्ते से आना मजबूरी है। ऐसा नहीं है कि यह स्थिति कुछ समय से है। ऐसी स्थिति पिछले कई वर्षों से है। बावजूद कोई ठोस पहल नहीं किए जाने के कारण स्थिति यथावत बनी हुई है। समय दर समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा नाली की सफाई भी की जाती है, लेकिन नाली संकीर्ण होने के कारण जाम होने व नाली पर अतिक्रमण किए जाने के कारण एक-दो दिनों के बाद ही स्थिति की पुनरावृत्ति होने लगती है। स्थानीय ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से तत्काल नाली निर्माण की मांग की है ताकि समस्या से निजात मिल सके।

**जांच** महुडंड पंचायत के विद्यालयों में रंग-रोगन नहीं, विकास मद की राशि के उपयोग पर उठे सवाल

# चार माह पहले जारी हुई राशि, जांच की उठी मांग




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सुदूरवर्ती महुडंड पंचायत के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में विकास मद के अंतर्गत भेजी गई राशि के बावजूद अब तक रंग-रोगन का कार्य नहीं कराया गया है। विभाग द्वारा यह राशि विद्यालयों को दिसंबर माह में ही उपलब्ध करा दी गई थी, लेकिन अधिकांश विद्यालयों में अब तक कोई कार्य नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार, महुडंड पंचायत में कुल 9 प्राथमिक और 3 मध्य विद्यालय हैं। जबकि स्तरोन्नत उच्च विद्यालय महुडंड में केवल औपचारिकता के नाम पर रंगाई-पुताई कराई गई है, जो जांच का विषय बन गया है। पूर्व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम ने राशि निर्गत करते समय स्पष्ट निर्देश दिया था कि विद्यालय प्रबंधन समिति को लिखित रूप से सूचित करते हुए खर्च का विवरण बैठक पंजी में दर्ज किया जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी थी कि यदि कोई प्रधानाध्यापक इस राशि को निजी संपत्ति समझकर खर्च करने में विलंब करता है, तो उसके वेतन या मानदेय पर रोक लगाई जाएगी। बताया जाता है कि विद्यालय विकास मद के अंतर्गत छात्र संख्या के आधार पर प्राथमिक विद्यालयों को लगभग 25 से 30 हजार, मध्य विद्यालयों को 50 से 75 हजार तथा उच्च विद्यालयों को 75 हजार से 1 लाख रुपये तक की राशि मिलती है। स्थानीय अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा विकास मद की राशि के उपयोग में लापरवाही बरती जा रही है। रंग-रोगन कार्य में चार माह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस पहल नहीं होने से वे असंतुष्ट हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हुसैनाबाद एसडीओ व जिला शिक्षा अधीक्षक से कराने की मांग की है।

### एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर 'ध्रुव' की उड़ान पर तीन माह से रोक

# सैन्य अभियान हो रहा प्रभावित

**नई दिल्ली (हि.स.)**


सैनिकों के परिवहन और रसद की आपूर्ति के लिए सिविल हेलीकॉप्टरों को लिया गया

इस साल की शुरुआत से ही ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) को 'ग्राउंडेड' किए जाने से सैन्य अभियान प्रभावित हो रहे हैं।चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनात भारतीय सेनाएं अग्रिम क्षेत्रों में निगरानी, टोही, खोज और बचाव मिशनों के लिए बहु भूमिका वाले एएलएच पर बहुत अधिक निर्भर हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित भारतीय सेना है, जिसके पास 180 से ज्यादा एएलएच का बेड़ा है। इसके बाद काफी हद तक वायु सेना और नौसेना भी एएलएच को तीन माह से जमीन पर खड़ा किये जाने के कारण प्रभावित हो रही है। भारतीय सशस्त्र बलों के पास करीब 350 ट्विन इंजन 'ध्रुव' एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर हैं, जिन्हें इस साल की शुरुआत से जमीन पर खड़ा कर दिया गया है, जिसकी वजह से सैन्य अभियान और तैयारियों पर बहुत बुरा असर पड़ा है। सबसे ज्यादा प्रभावित 11.5 लाख से ज्यादा जवानों वाली सेना है, जिसके पास 180 से ज्यादा एएलएच का बेड़ा है। इनमें 'रुद्र' नामक 60 हथियारबंद संस्करण भी शामिल हैं। भारतीय वायु सेना के पास 75 एएलएच हैं, जबकि नौसेना के पास 24 और तटरक्षक बल के पास 19 हैं। इन सभी हेलीकॉप्टरों को पिछले तीन महीनों से 'ग्राउंडेड' किए जाने से एएलएच पायलटों की उड़ान क्षमता खत्म हो रही है और उन्हें सिमुलेटर से काम चलाना पड़ रहा है।

दरअसल, 5 जनवरी को पोरबंदर में एक दुर्घटना में दो तटरक्षक पायलटों और एक एयर क्रू गोताखोर की मौत के बाद से सभी एएलएच को जमीन पर खड़ा कर दिया गया है, जबकि सशस्त्र बलों ने अगले 10-15 वर्षों में विभिन्न प्रकार के 1,000 से अधिक नए हेलीकॉप्टरों की जरूरत बताई है। इसमें 3.5 टन वर्ग के 484 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) और 10-15 टन वर्ग के 419 भारतीय बहु-भूमिका हेलीकॉप्टर (आईएमआरएच) शामिल हैं। ये नए हेलीकॉप्टर 156 'प्रचंड' हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों के अतिरिक्त हैं, जिसमें सेना के लिए 90 और भारतीय वायु सेना के लिए 66 हेलीकॉप्टर होंगे।

## दुर्गम चौकियों तक पहुंचाने के लिए नागरिक हेलीकॉप्टर तैनात

सेना के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर दूरदराज के उच्च ऊंचाई वाले चौकियों पर सैनिकों के परिवहन और रसद की आपूर्ति के लिए कुछ नागरिक हेलीकॉप्टरों को काम पर रखा गया है। सेना के उत्तरी और मध्य कमांड ने हेलीकॉप्टरों की भारी कमी के कारण पिछले साल नवंबर में सिविल हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल शुरू किया था। अगर ऐसा नहीं किया गया होता तो एएलएच के 'ग्राउंडेड' होने के बाद अग्रिम स्थानों पर तैनात सैनिकों को आपूर्ति करना बेहद मुश्किल हो जाता। अब तक इन सिविल हेलीकॉप्टरों ने कारगिल, गुरेज, किश्तवाड़, गढ़वाल और हिमाचल प्रदेश सेक्टरों में लगभग 900 टन पहुंचाने के लिए 1,500 घंटे से अधिक की उड़ान भरी है।

# ट्रंप की तानाशाही के प्रति बढ़ता असंतोष जन आंदोलन का रूप लेने लगा

**ब्यूरो**



- ट्रंप के एजेंडे की निंदा करने के लिए अमेरिका भर के शहरों में प्रदर्शनकारी सड़कों पर
- **आयोजकों ने इस सप्ताहांत 'लोकतंत्र की रक्षा' के प्रयास में करोड़ों लोगों से मार्च व रैली करने का आह्वान किया**
- नारे लगे, तख्तियां लहराईं- "अत्याचार से लड़ने की हमारी बारी है"
- "फासीवादी आ रहे हैं, फासीवादी आ रहे हैं"
- **"हम अपना देश खो रहे हैं" "मुझे अपने पोते-पोतियों की चिंता है,"**

**नई दिल्ली।** अमेरिका में ट्रंप व उनके यार एलन मस्क की मनमानी व तानाशाही के विरूद्ध वह सब होने लगा, जिसकी संभावना जताई जा रही थी। इस महीने विरोध प्रदर्शनों की दूसरी लहर में शनिवार को फिर से संयुक्त राज्य अमेरिका भर के शहरों व कस्बों की सड़कों पर प्रदर्शनकारी उमड़ पड़े, क्योंकि आयोजक डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति पद के प्रति असंतोष को एक जन आंदोलन में बदलना चाहते हैं, जो अंततः मतपेटी में कार्रवाई में तब्दील हो जाएगा।द गार्जियन में रॉबर्ट टैट व एडवर्ड हेलमोर ने इस पर एक बेहतरीन रिपोर्ट लिखा है।इनके अनुसार- दोपहर तक, वाशिंगटन, न्यूयॉर्क व शिकागो में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे, सोशल नेटवर्क पर भीड़ की तस्वीरें दिखाई दे रही थीं, जिसमें रोड आइलैंड, मैरीलैंड, विस्कॉन्सिन, टेनेसी, साउथ कैरोलिना, ओहियो, केंटकी, कैलिफ़ोर्निया और पेंसिल्वेनिया सहित अन्य जगहों पर अतिरिक्त प्रदर्शन दिखाई दे रहे थे। विदेश में रहने वाले अमेरिकियों ने भी डबलिन, आयरलैंड और अन्य शहरों में ट्रम्प के एजेंडे के प्रति अपने विरोध का संकेत दिया। 400 से ज़्यादा रैलियों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से ज़्यादातर को 50501 समूह द्वारा संगठित किया गया था, जो 50 राज्यों में 50 विरोध प्रदर्शनों के लिए खड़ा है, एक आंदोलन। डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के विरोधियों ने पूर्वी तट से लेकर पश्चिम तक, पोर्टलैंड, मेन और पोर्टलैंड, ओरेगन में रैलियों में भाग लिया, जिसमें राष्ट्र के लोकतांत्रिक आदर्शों के लिए खतरों के रूप में उनकी निंदा की गई। प्रदर्शनों में मिडटाउन मैनहट्टन के माध्यम से एक विशाल मार्च, व्हाइट हाउस के सामने एक रैली और कॉनकॉर्ड, मैसाचुसेट्स में 250 साल पहले अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध की शुरुआत की स्मृति में "अत्याचार से लड़ने की हमारी बारी है" और "फासीवादी आ रहे हैं, फासीवादी आ रहे हैं" लिखे हुए तख्तियां पकड़े हुए प्रदर्शनकारियों को शामिल किया गया। मैसाचुसेट्स में, 80 वर्षीय सेवानिवृत्त राजमिस्त्री थॉमस बैसफोर्ड ने सीबीएस न्यूज़ को बताया कि उनका मानना है कि अमेरिकी नागरिक अपनी ही सरकार से हमले के अधीन हैं, उन्होंने कहा: "यह अमेरिका में स्वतंत्रता के लिए बहुत खतरनाक समय है। कभी-कभी हमें स्वतंत्रता के लिए लड़ना पड़ता है।" प्रदर्शनकारियों ने कई तरह की चिंताओं की पहचान की, जिनमें से प्रत्येक एक आम विषय के तहत एकजुट थी: दूसरे ट्रम्प राष्ट्रपति पद का विरोध। फ्लोरिडा के जैक्सनविले में प्रदर्शनकारी सारा हार्वे ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया, "हम अपना देश खो रहे हैं।" "मुझे अपने पोते-पोतियों की चिंता है," उन्होंने कहा। "मैं यह उनके लिए करती हूँ।" 20 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद से यह समूह द्वारा आयोजित किया जाने वाला चौथा विरोध कार्यक्रम है। पिछले कार्यक्रमों में 17 फरवरी को राष्ट्रपति दिवस पर "नो किंग्स डे" शामिल था, जिसे ट्रंप द्वारा सोशल मीडिया पोस्ट में खुद को राजा के रूप में संदर्भित करने से पहले अपनाया गया था। आयोजकों ने नवीनतम रैलियों में भाग लेने के लिए 11 मिलियन लोगों को बुलाया है, जो अमेरिकी आबादी का 3.5% प्रतिनिधित्व करते हैं। यह संख्या संभवतः 5 अप्रैल को आयोजित "हैंड्स ऑफ" रैलियों में भाग लेने वालों की संख्या से अधिक होगी, जब राष्ट्रपति के मुख्य सहयोगी, टेक अरबपति एलन मस्क और उनकी अनौपचारिक "सरकारी दक्षता विभाग" (डोगे) इकाई द्वारा संचालित सरकारी एजेंसियों और संस्थानों पर ट्रम्प के हमले का विरोध दर्ज करने के लिए पूरे अमेरिका में 1,200 प्रदर्शन किए गए थे।

"हैंड्स ऑफ" कार्यक्रमों के पीछे प्रगतिशील आंदोलन इंडिविज़िबल ने कहा कि वह विपक्षी राजनेताओं और आम मतदाताओं को यह संदेश देना चाहता था कि ट्रम्प की नीतियों का मुखर प्रतिरोध आवश्यक है। इसने यह भी कहा कि यह गति बनाने की कोशिश कर रहा था जिससे आगे और बड़े विरोध प्रदर्शन हो सकें। 50501 के प्रवक्ता हीथर डन ने कहा कि शनिवार के विरोध प्रदर्शन का लक्ष्य "ट्रम्प प्रशासन के तहत सत्तावाद के उदय के खिलाफ हमारे लोकतंत्र की रक्षा करना" था। उन्होंने समूह को "लोकतंत्र समर्थक, संविधान समर्थक, कार्यकारी अतिक्रमण विरोधी, अहिंसक जमीनी स्तर का आंदोलन" कहा जो गैर-पक्षपाती था। उन्होंने वाशिंगटन पोस्ट को बताया, "हमारे पास पंजीकृत डेमोक्रेट, पंजीकृत स्वतंत्र और पंजीकृत रिपब्लिकन सभी मार्च कर रहे हैं क्योंकि वे सभी अमेरिका में विश्वास करते हैं, क्योंकि वे सभी एक निष्पक्ष सरकार में विश्वास करते हैं जो लोगों को मुनाफे से पहले रखती है।" लोकतंत्र के सत्तावाद में बदलने पर नज़र रखने वाले शिक्षाविदों का कहना है कि विरोध प्रदर्शन इस प्रवृत्ति को उलटने की व्यापक रणनीति का हिस्सा हो सकते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक राजनीतिक वैज्ञानिक और डैनियल ज़िब्लैट के साथ हाउ डेमोक्रेसीज़ डाई के सह-लेखक स्टीवन लेवित्स्की ने कहा, "सत्तावादी सरकारों के विरोध को हमेशा कई चैनलों का उपयोग करना पड़ता है।" "उन्हें उन अदालतों का उपयोग करना होगा जहां वे उपलब्ध हैं। उन्हें मतपेटी का उपयोग करना होगा जब वह उपलब्ध हो, और उन्हें आवश्यक होने पर सड़कों का उपयोग करना होगा - जो मीडिया फ़्रेमिंग और मीडिया प्रवचन को आकार दे सकता है, जो बहुत, बहुत महत्वपूर्ण है।" वाशिंगटन डीसी में शनिवार को, 50501 आंदोलन द्वारा योजनाबद्ध विरोध प्रदर्शन फ्रैंकलिन पार्क में होने वाला था, जबकि इंडिविज़िबल के एक स्थानीय अध्याय सहित अन्य प्रदर्शनकारियों ने वाशिंगटन नेवल ऑब्जर्वेटरी के मैदान में जेडी वेंस के घर के बाहर रैली की। प्रदर्शनकारी वाशिंगटन स्मारक के पास भी एकत्र हुए और किल्मर एब्रेगो गार्सिया के समर्थन में मार्च निकाला। किल्मर एब्रेगो गार्सिया एक साल्वाडोरवासी थे, जिन्हें मैरीलैंड से गलत तरीके से अल साल्वाडोर निर्वासित कर दिया गया था।

### एनजीओ ने जताई चिंता: यमन में हालात हो सकते हैं और बदतर

**यमन (आईएएनएस)।** युद्धग्रस्त यमन में कुपोषण पहले से ही भयावह मानवीय स्थिति को और गंभीर बना रहा है। एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने यह चेतावनी दी। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (एमएसएफ) की यमन मिशन प्रमुख इल्लारिया रासूलो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, "कुपोषण एक संकट के भीतर का संकट है"। इसने यमन की स्थिति और वहां की आबादी को और कमजोर कर दिया है।

### जेईई मेन 2025 के टॉपर 100 % पाने वाले 24 में से 3 ने कहा

# ओलंपियाड की तैयारी से जेईई में मिली मदद

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के तीन छात्रों ने जेईई मेन में 100 पर्सेंटाइल स्कोर किया। उनमें से सानिध्य व विशद ओलंपियाड, कुछ शौक व गहन तैयारी के बीच संतुलन बनाते हुए आईआईटी में जाने और इंजीनियरिंग से अलग रुचियों को तलाशने का लक्ष्य रखते हैं। एक अंग्रेजी दैनिक के अनुसार जेईई मेन के नतीजों की घोषणा के बाद, महाराष्ट्र के तीन छात्रों - आयुष रवि चौधरी, सानिध्य सराफ व विशद जैन ने 100 पर्सेंटाइल हासिल करने वाले शीर्ष 24 उम्मीदवारों में जगह बनाई है।सानिध्य सराफ ने बेहतरीन स्कोर के लिए खुशी जताई, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे पहले ही आईआईटी प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस की तैयारी में जुट गए हैं। पिछले साल के प्रश्न पत्रों को हल करना उनकी सफलता की कुंजी है।जेईई मेन के कई उच्च स्कोरर पहले से ही पसंदीदा आईआईटी व प्रमुख संस्थानों पर अपनी नज़रें गड़ाए हुए हैं, वहीं सानिध्य सराफ अभी भी अपने विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। "मैं अभी इंजीनियरिंग के बारे में निश्चित नहीं हूँ। मुझे भौतिकी व खगोल विज्ञान में भी गहरी रुचि है। मैं अपना समय लूँगा और निर्णय लेने से पहले सभी विकल्पों पर विचार करूँगा। सानिध्य 2024 में खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भारत की टीम का हिस्सा थे।यहीं पर सानिध्य को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त हुआ और उन्होंने अन्य देशों में उच्च शिक्षा के विभिन्न पहलुओं को समझा। सानिध्य के अनुसार - "मेरे सबसे चौंकाने वाले अवलोकनों में से एक यह था कि ज़्यादातर अन्य देशों में जेईई व नीट जैसी कोई प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाएँ नहीं होती हैं। ओलंपियाड में जर्मनी से आए एक साथी छात्र ने कहा कि वे प्रवेश के लिए अपनी पसंद का विश्वविद्यालय चुन सकते हैं, जो भारत में बिल्कुल असंभव है।" ओलंपियाड में भाग लेना ताज़गी भरा था और इसने जेईई की तैयारी की एकरसता को तोड़ा। यहीं पर सानिध्य को स्टार्गेजिंग में रुचि पैदा हुई, जो अब उनका पसंदीदा खाली समय का काम है। यह सब करने का समय आ गया है। जेईई एडवांस के बाद जब मैं फ्री हो जाऊंगा, तो मैं पियानो सीखने के लिए उत्सुक हूं," सानिध्य ने कहा, जो पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित रखने के लिए जानबूझकर सोशल मीडिया से दूर रहते हैं। मूल रूप से कश्मीर के रहने वाले सानिध्य का जन्म और पालन-पोषण पुणे में हुआ। लेकिन परिवार दो साल पहले शिफ्ट हो गया, ताकि वह अंधेरी में एकीकृत जूनियर कॉलेज के साथ नारायण ई-टेक्नो आवासीय कोचिंग सुविधा में जेईई की तैयारी कर सके। "मैं यहां पढ़ना चाहता था क्योंकि उनके पास प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक व्यवस्थित तरीका है।

मुंबई के कांदिवली के विशद जैन जेईई मेन सत्र 1 में अपने 100-प्रतिशत स्कोर के साथ शीर्ष 24 उम्मीदवारों में शामिल हैं। कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई करने के लिए आईआईटी बॉम्बे में शामिल होने की इच्छा रखने वाले विशद अब जेईई-एडवांस की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं आम तौर पर, कई भारतीय छात्र आईआईटी या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कक्षा 8 में पहुँचने से ही शुरू कर देते हैं। लेकिन विशद, जिन्होंने अपने जीवन में बहुत पहले से ही विज्ञान और गणित में गहरी रुचि दिखाई थी, के लिए तैयारी कक्षा 4 से ही शुरू हो गई थी। उनकी मां रश्मि जैन ने कहा, "हमने कक्षा 4 में बोरीवली के नारायण स्कूल में दाखिला लिया। यहीं पर विशद को ओलंपियाड, होमी भाभा परीक्षा जैसी घटनाओं से अवगत कराया गया, जिसने अंततः उसे जेईई के लिए अधिक लक्षित प्रयासों के लिए प्रेरित किया।" कांदिवली में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद, विशद ने अंधेरी में उसी स्कूल के एकीकृत जूनियर कॉलेज में दाखिला लिया, जहाँ जेईई की कोचिंग दी जाती है। पूरा परिवार उन दो सालों के लिए अंधेरी में शिफ्ट हो गया, ताकि विशद पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सके। विशद को व्यस्त जेईई की तैयारी के दिनों में तनाव दूर करने के लिए फिक्शन पढ़ना और डांस करना पसंद है। "लेकिन तनाव दूर करने का सबसे अच्छा तरीका अपने माता-पिता के साथ जुहू बीच पर टहलना है। समुद्र के पास की स्वच्छ हवा में, मैं आराम महसूस करता हूं," विशद ने कहा, जिन्हें इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड के लिए ओरिएंटेशन कम सिलेक्शन कैंप के लिए चुना गया है। विशद ने कहा, "लेकिन मुझे इसे छोड़ना होगा क्योंकि यह जेईई एडवांस परीक्षा के बहुत करीब है और मैं अब इस पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं।" विशद को लगता है कि अपनी उम्र के कई लोगों से अलग सोशल मीडिया पर समय बिताने का कोई मतलब नहीं है। अपनी सफलता की कुंजी के बारे में बात करते हुए विशद ने कहा, "हर मॉक टेस्ट के लिए उपस्थित होना क्योंकि यह अंतिम परीक्षा है, वास्तविक अंतिम परीक्षा की तैयारी में मदद करता है।



# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस आज रात पहुंचेंगे जयपुर, 4 दिन रुकेंगे

**जयपुर (हि.स.)**



संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस आज से भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद वे उसी रात जयपुर पहुंचेंगे। उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, तीन बच्चे—इवान, विवेक और मीराबेल और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। इस दौरान वे आमेर किला, जयपुर सिटी पैलेस सहित कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। वेंस 22 अप्रैल को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक बिजनेस समिट को भी संबोधित करेंगे। राज्य सरकार ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस की यात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि यात्रा को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार और सुरक्षा एजेंसियों ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस के जयपुर दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। उनकी सुरक्षा के मद्देनज़र पुलिस ने चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। वेंस की सुरक्षा में 7 आईपीएस अधिकारी, 20 अतिरिक्त डीसीपी, 40 एसीपी और 300 एसआई, एएसआई व सीआई तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा, 2100 कॉन्स्टेबल फील्ड में ड्यूटी पर रहेंगे। वीवीआईपी सुरक्षा के तहत वेंस के काफिले में 20 सरकारी वाहन शामिल होंगे।

## आक्रोश : स्कूल शिक्षा विधेयक के समर्थन में शिक्षकों का प्रदर्शन जारी

**काठमांडू (आईएएनएस)।** नेपाल शिक्षक संघ ने रविवार को काठमांडू में प्रदर्शन किया। वे स्कूल शिक्षा विधेयक को मंजूरी देने की मांग कर रहे हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष देवराज घिमिरे के हालिया आश्वासन के बाद भी शिक्षक संघ ने अपना विरोध जारी रखने का फैसला किया। प्रमुख नेपाली दैनिक 'काठमांडू पोस्ट' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नेपाल सरकार ने हाल ही में प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों की मांगों पर विचार करने पर सहमति जताई। इसी मुद्दे पर सरकार ने 25 अप्रैल को संसद का सत्र भी बुलाया, जिसमें स्कूल शिक्षा विधेयक पारित किया जा सकता है।

## विरोध : गुरुद्वारे की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे

**टोरंटो (आईएएनएस)।** वैंकूवर में एक प्रमुख गुरुद्वारे की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिए दिए गए। इससे स्थानीय सिख समुदाय में आक्रोश फैल गया। यह घटना खालसा दीवान सोसाइटी (केडीएस) गुरुद्वारे में हुई, जिसे आमतौर पर रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारा के रूप में जाना जाता है। गुरुद्वारा प्रशासन ने अपने आधिकारिक एक्स पर तस्वीरें साझा कीं, जिनमें मंदिर की दीवार पर 'खालिस्तान' शब्द लिखा हुआ दिख रहा है। शनिवार की सुबह इस हरकत का पता लगा जब सरे में दुनिया की सबसे बड़ी वैसाखी परेड आयोजित की गई।

अभिनेत्री सामंथा ने शनिवार को आशीर्वाद लेने के लिए तिरुपति बालाजी मंदिर का दौरा किया। उनके साथ फिल्म निर्माता राज निदिमोरु भी थे। उनके दौरे के वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें दोनों पारंपरिक परिधानों में मंदिर परिसर में दिखाई दे रहे हैं।




# सामंथा एक बार फिर निर्देशक राज निदिमोरु के साथ स्पॉट हुई...

नागा चैतन्य से तलाक के बाद से ही समांथा रुथ प्रभु काफी ज्यादा चर्चा में रही हैं। तलाक से लेकर अपनी बीमारी और कई कारणों से चर्चा में रही है। जहां एक तरफ तलाक के बाद नागा चैतन्य ने शोभिता धुलिपाला के साथ अपना फिर से घर बसा लिया है वहीं समांथा रुथ प्रभु आज भी सिंगल है। काफी समय से फिल्म निर्माता राज निदिमोरू के साथ अभिनेत्री सामंथा का नाम जोड़ा जा रहा है। अभी हाल ही में सामंथा को एक बार फिर से राज निदिमोरू के साथ देखा गया।

अभिनेत्री सामंथा ने शनिवार को आशीर्वाद लेने के लिए तिरुपति बालाजी मंदिर का दौरा किया। उनके साथ फिल्म निर्माता राज निदिमोरू भी थे। उनके दौरे के वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें दोनों पारंपरिक परिधानों में मंदिर परिसर में दिखाई दे रहे हैं। सामंथा अक्सर दिव्य आशीर्वाद लेने के लिए मंदिरों में जाती हैं।

